✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 314 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 13 अप्रैल 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



बदरी-केदार मंदिर में बढ़ाया गया विशेष पूजा का शुल्क

# माता-पिता के प्रति श्रद्धा सनातन संस्कृति का मूल तत्व : डॉ प्रेम कुमार

## प्रख्यात समाजसेविका अरुणलता सिन्हा की प्रतिमा का अनावरण | पूर्व सांसद सुशील सिंह, वीरेंद्र सिंह, विधायक प्रमोद कुमार सिंह समेत कई गणमान्य लोग हुए शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** माता-पिता के प्रति श्रद्धा भारतीय सनातन संस्कृति का मूल तत्व है और और हमारी संस्कृति में पितृ ऋण चुकाना पुत्र का दायित्व है। यह बातें बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने रविवार को बारून में प्रख्यात समाजसेविका अरुणलता सिन्हा की प्रतिमा का अनावरण करते हुए कही। इस मौके पर उन्होंने स्वर्गीय अरुणलता सिन्हा के पुत्रों कमल किशोर और श्रीराम अम्बष्ट के पत्रकारिता के क्षेत्र में किए गए योगदान की चर्चा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि नवबिहार टाइम्स के संपादक कमल किशोर द्वारा अपने स्मृतिशेष माता-पिता की प्रतिमा का स्थापना किया जाना एक प्रशंसनीय कार्य है और इस प्रकार उन्होंने अपने





जन्मदाताओं को सच्ची श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय लाला शंभूनाथ और स्वर्गीय अरुणलता सिन्हा का परिवार पत्रकारिता, प्रशासन, तकनीकी क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और इस परिवार को यह प्रेरणा अपने माता-पिता से मिली है। पूर्व सांसद वीरेंद्र कुमार सिंह ने भी स्व अरुणलता सिन्हा को श्रद्धांजलि दी तथा उनकी प्रेरणा से उनके परिवार के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की चर्चा और उपलब्धियां की चर्चा की। रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि आज के दौर में जब मूल्य का पतन हो रहा है ऐसी स्थिति में कमल किशोर और श्रीराम अम्बष्ट द्वारा अपने माता-पिता को ऐसा सम्मान दिया जा रहा है। समाज को इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम को नगर परिषद के अध्यक्ष उदय प्रसाद गुप्ता, रेडक्रॉस के चेयरमैन सतीश कुमार सिंह आदि ने भी संबोधित किया। इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत करते हुए स्व अरुणलता सिन्हा के पुत्र एवं बिहार के वरिष्ठ पत्रकार और संपादक कमल किशोर ने अपनी मां अरुणलता सिन्हा और अपने पिता लाला शंभूनाथ के जीवन का वर्णन किया और उनसे मिले मार्गदर्शन की चर्चा करते हुए कहा कि उनका पूरा परिवार इन दोनों के आदर्शों पर चल रहा है और समाज को हमेशा इस परिवार ने कुछ देने की कोशिश की है। कार्यक्रम का संचालन शंकर कैमूरी ने किया। मौके पर जदयू नेता विश्वनाथ सिंह, अधिवक्ता संघ के महासचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी, ऑल इंडिया हॉकर्स फोरम के राष्ट्रीय सचिव इरफान अहमद फातमी, लोक अभियोजक अजय कुमार संतोष, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह उर्फ पप्पू, टाइम्स ऑफ इंडिया के पत्रकार प्रेमेंद्र मिश्र, चंदन सिंह, डॉ निर्मल कुशवाहा, पूर्व प्रधानाध्यापक राम प्रसाद, हजारी सिंह, अनिल टाइगर, अनिल कुमार यादव, विभूति नारायण पांडेय, सुरेन्द्र कुमार सिंह, उपेन्द्र यादव, अभिषेक, राजकिशोर सोनी, अजय श्रीवास्तव, बीके श्रीवास्तव, मैकू राम, प्रकाश सिन्हा, डॉ वैभव श्रीवास्तव, कौस्तुभ, साकेत, डॉ स्वदीप, भूपेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# बिहार में 11 चरणों में पंचायत चुनाव कराने की तैयारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में राज्य निर्वाचन आयोग 11 चरणों में पंचायत चुनाव के लिए मतदान कराने की तैयारी में है। 27 अप्रैल से क्षेत्रवार जनसंख्या का प्रारूप जारी होगा, जिसके आधार पर आरक्षण रोस्टर बदलेगा। इसके साथ ही पहली बार मल्टी पोस्ट ईवीएम से मतदान कराया जाएगा जिससे चुनाव प्रक्रिया में बदलाव देखने को मिलेगा। बिहार पंचायत चुनाव के इतिहास में पहली बार राज्य में 'मल्टी पोस्ट ईवीएम' का इस्तेमाल होगा। निर्वाचन आयोग को इसके लिए विशेष ऑर्डर दिया जा चुका है और ये मशीनें सीधे हैदराबाद से बिहार पहुंचेंगी। इस नई तकनीक की खासियत यह है कि मतदाता एक ही मशीन के जरिए ग्राम पंचायत के मुखिया, वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य, पंच और सरपंच इन सभी छह पदों के लिए अपना वोट डाल




सकेंगे। इससे न केवल समय की बचत होगी बल्कि चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता भी बढ़ेगी। पंचायत चुनाव की सबसे बड़ी हलचल आरक्षण को लेकर है। राज्य निर्वाचन आयोग 27 अप्रैल को क्षेत्रवार जनसंख्या का प्रारूप प्रकाशित करने जा रहा है। यह 2011 की जनगणना के आधार पर होगा। इसके बाद ही तय होगा कि कौन सी सीट किस वर्ग के लिए आरक्षित होगी। इस बार सबसे बड़ा झटका उन नेताओं को लग सकता है जो पिछली बार आरक्षित सीटों पर काबिज थे क्योंकि रोटेशन नियम के तहत इस बार आरक्षण रोस्टर में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। बिहार देश का वह राज्य है जिसने पंचायत चुनाव में महिलाओं को सबसे पहले 50 प्रतिशत आरक्षण दिया था और इस बार भी यह नियम सख्ती से लागू रहेगा। सभी श्रेणियों में आधी सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगी, जिससे गांव की सत्ता में उनकी भागीदारी और मजबूत होगी। आयोग सितंबर से दिसंबर के बीच 11 चरणों में वोटिंग कराने की योजना बना रहा है। हर जिले को अलग-अलग चरणों में बांटा जाएगा और सबसे खास बात यह है कि हर चरण का परिणाम भी अलग-अलग जारी होगा। इससे चुनाव की गहमागहमी कई महीनों तक बनी रहेगी। सीटों के निर्धारण को लेकर एक्सपर्ट्स का कहना है कि इस बार 'जनसंख्या के अवरोही क्रम' का फॉर्मूला अपनाया जाएगा। इसके तहत जिस पंचायत में जिस वर्ग की जनसंख्या अधिक होगी, उसके आधार पर रोटेशन का पहिया घूमेगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि आरक्षण रोस्टर को अंतिम रूप देने के बाद सरकार की सहमति से चुनाव की आधिकारिक तारीखों का एलान किया जाएगा।

# शिवराज सिंह करेंगे बिहार के नये मुख्यमंत्री का ऐलान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में नई सरकार को लेकर हलचल तेज है। भाजपा ने विधायक दल के नेता के चुनाव को लेकर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यसभा सांसद बनने के बाद शपथ ले चुके हैं। अब एनडीए को नए सीएम का एलान करना है। चार बार मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे शिवराज को विधायकों की नब्ज समझने का अनुभव है। बिहार में एनडीए के कई घटक दल हैं। उन्हें जिम्मेदारी दी गई है कि सर्वसम्मति से स्वीकार्य नाम तय कराया जाए। बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए भाजपा ऐसे चेहरे की तलाश में है, जो 'ब्रांड मोदी' के साथ स्थानीय जातीय और क्षेत्रीय समीकरण साध सके। बिहार में मौजूदा राजनीतिक स्थिति को देखते हुए एनडीए में नए मुख्यमंत्री के नाम पर मंथन जारी है। संभावना जताई जा रही है कि इस बार मुख्यमंत्री पद भाजपा के खाते में जा सकता है। सीएम पद की रेस में पांच नाम उभर कर सामने आए हैं, जिनमें सम्राट चौधरी, संजीव चौरसिया, जनक राम, श्रेयसी सिंह और धर्मशीला गुप्ता शामिल हैं। आने वाले दो-तीन दिनों में बिहार को नया मुख्यमंत्री मिल जाएगा। रविवार को भारतीय जनता पार्टी के पार्लियामेंट्री बोर्ड ने भारत सरकार के केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण, ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान को बिहार के लिए सेंट्रल ऑब्जर्वर नियुक्त किया है। उनकी मौजूदगी में पार्टी के विधायक दल के नेता का चुनाव होगा। बिहार में 15 अप्रैल को नई सरकार का गठन हो जाएगा। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड ने बिहार में पार्टी विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने एक अधिसूचना में कहा कि भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड ने कृषि एवं किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान को बिहार में भाजपा के विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### नीतीश कैबिनेट की बैठक कल

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 14 अप्रैल को बिहार कैबिनेट की बैठक बुलाई है। मुख्य सचिवालय के कैबिनेट हाल में 11 बजे से यह बैठक होगी। नीतीश कुमार का संभवतः यह अंतिम कैबिनेट बैठक होगा। कैबिनेट की बैठक के बाद नीतीश कुमार लोक भवन जाकर मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे सकते हैं। इससे पहले 20 फरवरी को मुख्यमंत्री ने कैबिनेट की बैठक की थी। पूरे बिहार की नजर है की अंतिम कैबिनेट की बैठक में नीतीश कुमार कौन सा फैसला लेते हैं।

### 25 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

**सहरसा(नबिटा ब्यूरो)।** अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सहरसा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने बिहार एसटीएफ के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए 25 हजार रुपये के इनामी और टॉप-10 अपराधियों की सूची में शामिल कुख्यात मनीष पांडेय को गिरफ्तार कर लिया। डीएसपी अजीत कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जिले में फरार और वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

### घर से बुलाकर टेलर मास्टर की हत्या

**दरभंगा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में रविवार को दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। सिमरी थाना के मनिहास गांव में बदमाशों ने एक टेलर मास्टर को घर से बुलाकर चाकू से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे उसके भाई, चचेरे भाई और मां भी हमले में घायल हो गए। मृतक की पहचान 27 वर्षीय जहांगीर आलम के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही सिमरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया। घायलों को इलाज के लिए दरभंगा रेफर किया गया है।

### कांग्रेस के पूर्व एमएलसी अजय सिंह जदयू में शामिल

**पटना।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधान पार्षद डॉ. अजय कुमार सिंह ने रविवार को जदयू का दामन थामा। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने पार्टी कार्यालय में डॉ. सिंह को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। प्रदेश अध्यक्ष ने डॉ. अजय कुमार सिंह का स्वागत करते हुए कहा कि उनके जदयू परिवार में शामिल होने से भोजपुर-बक्सर क्षेत्र में संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती प्राप्त होगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि डॉ. सिंह के लंबे सामाजिक एवं राजनीतिक अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा। 'न्याय के साथ विकास' की नीति को और अधिक बल मिलेगा। अजय कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीतियों और जनकल्याणकारी विचारों से प्रभावित होकर वह जदयू में शामिल हो रहे हैं।

# एमएलसी उपचुनाव के लिए जदयू ने कन्हैया प्रसाद को बनाया उम्मीदवार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के भोजपुर-बक्सर स्थानीय निकाय के विधान परिषद सीट पर होने वाले उपचुनाव में जदयू ने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। राधाचरण साह के बेटे कन्हैया प्रसाद को जदयू ने उम्मीदवार बनाया है। यह सीट राधाचरण शाह के विधायक बनने के बाद विधान परिषद की सीट खाली हुई है। कन्हैया प्रसाद राजद के सोनू कुमार राय को टक्कर देंगे। कन्हैया प्रसाद, प्रभावशाली नेता राधाचरण साह के पुत्र हैं। उनके पिता पहले राजद में थे और बाद में जदयू को ज्वाइन किया। कन्हैया प्रसाद के पिता जदयू के टिकट पर विधायक बन गए तो यह सीट खाली हो गई थी जिसपर उनके बेटे कन्हैया प्रसाद को जदयू ने अपना आधिकारिक उम्मीदवार बनाया है। राजनीति में आने से पहले वह मुख्य रूप से अपने पारिवारिक व्यवसाय से जुड़े रहे हैं। ब्रॉडसन कमोडिटीज प्रा. लि. जैसी कंपनियों में



निदेशक के रूप में काम करते रहे हैं। कन्हैया प्रसाद का राजनीतिक कैरियर विवादों में रहा है। अवैध बालू खनन और मनी लॉन्ड्रिंग के केस में ईडी ने उन्हें सितंबर 2023 में गिरफ्तार किया था। करीब 9 महीने जेल में रहने के बाद मई 2024 में उन्हें जमानत मिली थी। एक बार फिर जदयू ने राधाचरण साह के बेटे कन्हैया प्रसाद पर भरोसा दिखाया है। देखा जाए तो इस बार कन्हैया प्रसाद की औपचारिक राजनीतिक सफर की पहली चुनावी परीक्षा है।

# ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में बच्ची समेत तीन की मौत

**सासाराम(नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बढ़ैया बाग में रविवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बच्ची समेत तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। तीनों मृतक सासाराम नगर थाना क्षेत्र के बाजार समिति के रहने वाले हैं। मृतकों में परमानंद कुमार (25), खुशबू देवी (30) एवं लगभग काव्या कुमारी (02) शामिल है। मिली जानकारी के मुताबिक मृतक परमानंद कुमार के दादी की हाल हीं में मौत हो गई थी। इसको लेकर गांव में श्राद्धकर्म की तैयारी चल रही थी। इसी कर्म में शामिल होने के लिए तीनों एक बाइक पर सवार होकर कोचस थाना क्षेत्र के मैनपुरा गांव जा रहे थे तभी हादसे के शिकार हो गए। घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि बाइक सवार तीनों लोग सासाराम से कोचस की तरफ जा रहे थे तभी विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर से उनकी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और घटनास्थल पर हीं तीनों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची सासाराम नगर थाना की पुलिस ने तीनों शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है।

# नहीं रहीं सुरों की मल्लिका आशा भोसले

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुम्बई।** रविवार को भारतीय संगीत जगत को गहरा आघात लगा है। दिग्गज गायिका आशा भोसले का निधन हो गया है। शनिवार को तबीयत खराब होने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गायिका को थकान और सीने में संक्रमण की तकलीफ थी। फैंस आस लगाए बैठे थे कि उपचार के बाद वे स्वस्थ होकर लौटेंगी मगर यह आस टूट गई। सुरों की दुनिया पर दशकों तक राज करने वाली महान गायिका आशा भोसले के निधन से देशभर में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके जाने से संगीत का एक स्वर्णिम युग मानो थम सा गया है। उनके निधन पर राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री समेत कई दिग्गजों ने दी शोक




श्रद्धांजलि व्यक्त की है। भारत की प्रतिष्ठित गायिका आशा भोसले के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि आशा भोसले के जाने से संगीत जगत में एक ऐसा खालीपन पैदा हुआ है, जिसे भर पाना असंभव है। उनकी अद्वितीय गायकी ने भारतीय संगीत के एक पूरे युग को परिभाषित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रख्यात गायिका आशा भोसले के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आशा भोसले भारत की सबसे प्रतिष्ठित और बहुमुखी आवाज़ों में से एक थीं, जिनकी संगीत यात्रा ने दशकों तक भारतीय सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध किया। प्रधानमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति और उनके परिवार, प्रशंसकों तथा संगीत प्रेमियों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। मशहूर गायिका के निधन पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी, पीयूष गोयल, जितेंद्र सिंह, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आदि ने भी गहरा दुख व्यक्त किया है।




CMYK

# बिजली बिल के आधार पर होगा संपत्तियों का सर्वे

## ऑनलाइन सेल्फ असेसमेंट प्रक्रिया शुरू, 30 जून तक प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने पर 5% छूट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना नगर निगम की ओर से वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सेल्फ असेसमेंट प्रक्रिया शुरू हो गई है। नागरिक अब पोर्टल के माध्यम से अपनी संपत्ति का टैक्स असेसमेंट ऑनलाइन कर सकते हैं। इसके साथ ही निगम कार्यालय आकर भी सेल्फ असेसमेंट फॉर्म जमा कर सकते हैं। वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही यानी कि 30 जून से पहले प्रॉपर्टी टैक्स का एकमुश्त भुगतान करने पर 5% की छूट का लाभ भी प्रॉपर्टी होल्डर को दिया जाएगा। यदि किसी व्यक्ति ने पटना नगर निगम क्षेत्र में नई संपत्ति (जमीन, फ्लैट आदि) खरीदी है तो संपत्ति अर्जन के 30 दिनों के भीतर उसका सेल्फ टैक्स असेसमेंट कराना अनिवार्य होगा। ऐसा नहीं करने पर आवासीय संपत्ति के मामले में 2,000 रुपए और गैर - आवासीय संपत्तियों के लिए 5,000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। इसी प्रकार सेल्फ टैक्स असेसमेंट के बाद यदि किसी आवासीय संपत्ति का उपयोग गैर-आवासीय प्रयोजन के लिए किया जाता है यह किसी गैर-आवासीय संपत्ति का उपयोग आवासीय श्रेणी में किया जा रहा है या संपत्ति में नया निर्माण कराया जाता है तो ऐसी स्थिति में उस संपत्ति का फिर से टैक्स असेसमेंट कराना अनिवार्य होगा। ऐसा नहीं करने पर 100 फीसदी पेनाल्टी के साथ राशि की वसूली की जाएगी। ऑनलाइन सेल्फ असेसमेंट के लिए पोर्टल पर अपने मोबाइल नंबर से लॉग-इन करें। इसके बाद सेल्फ असेसमेंट फॉर्म में नाम, संपत्ति का पता, क्षेत्रफल, संपत्ति की श्रेणी जिस सड़क पर संपत्ति स्थित है उसकी श्रेणी आदि की जानकारी भरें। फिर आधार कार्ड/वोटर आईडी की प्रति, संपत्ति की सेल डीड (रजिस्ट्री दस्तावेज), बिजली बिल एवं संपत्ति की जियो-टैग्ड फोटो अपलोड कर फॉर्म सबमिट करें। सेल्फ असेसमेंट फॉर्म भरने के बाद आवेदक को रअर नंबर उपलब्ध कराया जाएगा, जिसके माध्यम से वे अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा कर सकते हैं। फॉर्म जमा करने के बाद संबंधित अंचल के राजस्व अधिकारी द्वारा संपत्ति का भौतिक सत्यापन किया जाएगा और पीआईडी नंबर जारी किया जाएगा। वर्तमान में पटना नगर निगम क्षेत्र में लगभग 3.06 लाख संपत्तियां रजिस्टर्ड हैं।

बीते वर्षों में पटना के तेजी से हुए विस्तार, सड़कों की श्रेणी के पुनर्निर्धारण और संपत्तिधारकों की ओर से किए गए सेल्फ असेसमेंट के मद्देनजर पटना नगर निगम द्वारा बिजली कनेक्शन के आधार पर सभी आवासीय और गैर-आवासीय संपत्तियों का सर्वे और असेसमेंट किया जाएगा। इसके साथ ही, ऐसे संपत्तिधारकों पर कार्रवाई की जाएगी जिन्होंने सेल्फ एसेसमेंट के दौरान गलत जानकारी दी है।

# राज्यपाल ने किया राज्य स्तरीय एबेकस प्रतियोगिता का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त सय्यद अता हसनैन ने जेनियो एक्टिव एकेडमी एलएलपी द्वारा ज्ञान भवन, पटना में आयोजित राज्य स्तरीय एबकस प्रतियोगिता-2026 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं और वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित और विश्व का अग्रणी राष्ट्र बनाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। आज का यह कार्यक्रम उनके भविष्य की आधारशिला बनेगा, क्योंकि एबकस सिर्फ गणितीय क्रियाओं को तेजी से करने का गणना उपकरण ही नही है, बल्कि इसके माध्यम से ज्ञान में वृद्धि के साथ-साथ सोचने एवं निर्णय लेने की क्षमता का विकास होता है। उन्होंने प्रतिभागी बच्चों के प्रति उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपने परिश्रम के बल पर काफी आगे जाएंगे और अपने परिवार, राज्य और देश को गौरवान्वित करेंगे। इस अवसर पर सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद सहित जेनियो एक्टिव एकेडमी एलएलपी के पदाधिकारीगण, प्रतिभागी बच्चे, उनके शिक्षकगण व अभिभावकगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## राज्यपाल व सभापति ने पार्श्व गायिका आशा भोसले के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त सय्यद अता हसनैन ने सुप्रसिद्ध पार्श्व गायिका आशा भोसले के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। राज्यपाल ने अपने शोक संदेश में कहा है कि स्व. आशा भोसले भारत की महान और लोकप्रिय पार्श्व गायिका थीं। उनकी सुरीली आवाज लोगों को सहज ही मंत्रमुग्ध कर देती थी। उन्हें पद्म विभूषण और दादासाहेब फाल्के पुरस्कार सहित अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था। उनका निधन अत्यंत दुखद तथा देश के लिए अपूरणीय क्षति है। भारतीय संस्कृति, विशेषकर संगीत के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण व उल्लेखनीय योगदान के लिए देश उन्हें सदैव याद रखेगा। राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा की चिर शांति तथा शोक संतप्त परिजनों एवं प्रशंसकों को धैर्य, साहस एवं संबल करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है। सभापति, बिहार विधान परिषद् अवधेश नारायण सिंह ने मशहूर पार्श्व गायिका आशा भोसले के निधन पर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की है।

# मरीन ड्राइव पर शिवाजी महाराज की स्टैच्यू आफ गवर्नेंस की स्थापना के लिए जमीन आवंटन की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** छत्रपति शिवाजी महाराज सामाजिक समरसता अभियान के तहत स्टैच्यू आफ गवर्नेंस स्थापित करने के लिए रविवार को मरीन ड्राइव पर करीब 10 हजार से अधिक महिला- पुरुषों ने एकजुट होकर रैली निकाली। सरकार से जमीन आवंटन की पुरजोर आवाज के साथ अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये शिवाजी परिवार को मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र और दिल्ली के समर्थकों का भी साथ मिला। गंगा स्नान संकल्प महासंगम के बाद निर्धारित स्थल पर शिवाजी महाराज परिवार की ओर से काफी संख्या में जलाभिषेक कर माल्यार्पण किया। जय भवानी, जय शिवाजी महाराज के जयघोष से मरीन ड्राइव का इलाका गूंजता रहा। मालूम हो कि भाजपा नेता प्रणव प्रकाश के नेतृत्व में पिछले कई वर्षों से छत्रपति शिवाजी महाराज की गगनचुंबी प्रतिमा लगाने के लिए जमीन आवंटन की मांग की जा रही है। पिछले साल भी मरीन ड्राइव पर ही इनके नेतृत्व में जमीन आवंटन की मांग करते हुए कई हजार लोग इकट्ठे हुए थे। रैली से पूर्व शिवाजी परिवार का जनसमूह गंगा स्नान कर संकल्प लिया कि चाहे भाजपा की सरकार हो या जदयू की। जन आकांक्षा के अनुरूप शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित करनी होगी। आयोजक प्रणव प्रकाश ने कहा शिवाजी का गवर्नेंस माडल, ग्राम स्वराज, पिछड़ों वंचितों को आवाज तभी मिलेगी जब शिवाजी के आदर्शों को नयी पीढ़ी अपनायेगी।

# नेत्र सेवाओं में रिकॉर्ड उपलब्धि : मंगल पांडेय

## 6.11 लाख से अधिक मोतियाबिंद के ऑपरेशन से गरीबों को राहत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि राज्य सरकार नेत्र रोगों की रोकथाम, जांच एवं उपचार के प्रति पूरी तरह सजग है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजनों को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण नेत्र चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है जिससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो रहे हैं। राज्य में प्रखंड स्तर तक कुल 455 स्वास्थ्य संस्थानों में नेत्र परीक्षण एवं निःशुल्क चश्मा वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। 1 अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 तक 10,81,928 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया जिनमें से 2,73,264 दृष्टिदोष से पीड़ित मरीजों को निःशुल्क चश्मा उपलब्ध कराया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग ने प्रत्येक नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ करायी है। श्री पांडेय ने कहा कि राज्य के 26 जिला अस्पतालों सहित राजेन्द्र नगर स्थित अतिविशिष्ट नेत्र अस्पताल में मोतियाबिंद ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि 11 महीनों (अप्रैल 2025 से फरवरी 2026) में 6 लाख 11 हजार से अधिक मोतियाबिंद ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए गए हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित 5,55,000 ऑपरेशन के लक्ष्य के विरुद्ध फरवरी 2026 तक 6,11,889 ऑपरेशन कर राज्य ने तय लक्ष्य को पार कर लिया है। बिहार में नेत्र सेवाओं को और सुदृढ़ करने के लिए नेत्र सहायक के 220 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया अंतिम चरण में है। शीघ्र ही चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में प्रतिनियुक्त किया जाएगा जिससे मरीजों को और अधिक सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं मिल सकेंगी। श्री पांडेय ने कहा कि आमजनों को उन्नत नेत्र चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राजेन्द्र नगर स्थित अतिविशिष्ट नेत्र अस्पताल कार्यरत है। इसके अतिरिक्त इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान परिसर में क्षेत्रीय चक्षु संस्थान का नया भवन भी क्रियाशील है जहां अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं तथा आई बैंक का संचालन भी किया जा रहा है। पीपीपी मोड में शंकरा आई फाउंडेशन इंडिया के सहयोग से कंकड़बाग, पटना में एक और अतिविशिष्ट नेत्र अस्पताल का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके पूर्ण होने पर राज्य के गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों को उच्च स्तरीय नेत्र चिकित्सा सेवाएं और अधिक सुलभ होंगी।

# पटना के जिलाधिकारी का मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी में भव्य स्वागत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के जिलाधिकारी त्यागराजन एस एम का राजेंद्र नगर स्थित मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इस संबंध में एमपी जैन ने बताया कि जिलाधिकारी आज मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी पहुंचे थे। यहां पहुंचने पर मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी के अध्यक्ष राधेश्याम बंसल, कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल, पूर्व अध्यक्ष रमेश अग्रवाल और सचिव दिनेश अग्रवाल ने जिलाधिकारी त्यागराजन एस एम का पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस मौके पर अमित बंका, डॉ पूनम नंदन, डॉ श्रवण कुमार, डॉ प्रवीण कुमार सहित कई चिकित्सकों ने वहां आए मरीजों का इलाज किया।

# राज्य में अब आंगनबाड़ी केंद्रों की जारी होगी स्वच्छता रैंकिंग

## लगभग 1.13 लाख आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्यों का होगा समुचित मूल्यांकन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य सरकार आंगनबाड़ी केंद्रों को अधिक स्वच्छ, सुव्यवस्थित और बाल अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रही है। राज्य के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों की स्वच्छता रैंकिंग जल्द की जाएगी। इस रैंकिंग प्रक्रिया के माध्यम से प्रदेश भर में मौजूद करीब 1 लाख 13 हजार आंगनबाड़ी केंद्रों का समुचित मूल्यांकन किया जाएगा। इनकी रैंकिंग के दौरान केंद्रों की स्वच्छता, सफाई व्यवस्था, शौचालय की स्थिति, हाथ धोने की सुविधा, पेयजल की गुणवत्ता, कचरा प्रबंधन और बच्चों के लिए स्वस्थ वातावरण जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं पर अंक दिए जाएंगे। रैंकिंग का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वच्छता की स्थिति को बेहतर बनाना, सर्वश्रेष्ठ केंद्रों को पुरस्कृत करना और प्रोत्साहित करना, कम प्रदर्शन वाले केंद्रों में सुधार के लिए विशेष अभियान चलाना, बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और समग्र विकास को स्वच्छ वातावरण से जोड़ना, जीविका दीदियों, आंगनबाड़ी कार्यकताओं और सहायिकाओं को स्वच्छता बनाए रखने के लिए जिम्मेदार बनाना। यह रैंकिंग आईसीडीएस (एकीकृत बाल विकास सेवाएं), जीविका और लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के साथ समन्वय में की जाएगी। राज्य, जिला, प्रखंड और संकुल स्तर पर अलग-अलग रैंकिंग तैयार की जाएगी जिससे प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान होगा। इससे पहले बिहार में स्वच्छता अभियान, पोषण माह, हाथ धुलाई दिवस और मिशन सक्षम आंगनबाड़ी जैसी योजनाओं के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों पर जोर दिया जा रहा है। अब स्वच्छता रैंकिंग इन प्रयासों को और मजबूती देगी। अच्छी रैंकिंग वाले केंद्रों को मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। विभाग के अनुसार यह रैंकिंग नियमित रूप से हर तीन माह में आयोजित की जाएगी।

# कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में हर्षोल्लास के साथ मना कर्मचारी लक्ष्मी का जन्मदिन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जंदाहा (वैशाली)।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में आज संस्थान की कर्मचारी लक्ष्मी का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने मिलकर लक्ष्मी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर केक काटकर खुशियां साझा की गईं और एक पारिवारिक माहौल में कार्यक्रम संपन्न हुआ। संस्थान के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि 'हमारे संस्थान में हर सदस्य परिवार का हिस्सा है और इस तरह के आयोजन आपसी सहयोग एवं सकारात्मक माहौल को बढ़ावा देते हैं।' कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने लक्ष्मी के समर्पण और कार्यशैली की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही संस्थान के निधि, मनीषा, अनिषा, अंशु, विभूति इत्यादि ने भी लक्ष्मी के जन्मदिन पर शुभकामना दिया।

# जन सुराज के कई प्रमुख नेता सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी में शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** जन सुराज पार्टी के कई प्रमुख नेता अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया। आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित मिलन समारोह में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने इन नेताओं को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलाई। आज कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से गोविंद आनंद, अमित आनंद, अभिराज सिंह, प्रशांत अभिषेक, शायक आलम तथा प्रोफेसर चंद्रिमा सिंह शामिल है। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने सभी नए साथियों का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि जन सुराज से आए इन युवा और अनुभवी साथियों के जुड़ने से संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूती मिलेगी तथा पार्टी की विचारधारा को व्यापक जनसमर्थन मिलेगा। पार्टी में शामिल नेताओं ने कांग्रेस पार्टी की विचारधारा, सामाजिक न्याय की प्रतिबद्धता और राहुल गांधी के नेतृत्व एवं विजन के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की और कहा कि देश और राज्य में लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा तथा जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने का काम कांग्रेस ही कर सकती है। मिलन समारोह में राजीव मेहता, पंकज यादव, कमल कमलेश, प्रेमचंद सिंह, विमलेश तिवारी, डॉ. परवेज हसन, मंजीत आनंद साहू, डॉ. अमन कुमार, राकेश यादव एवं मंकेश सहित कई लोग मौजूद थे।

# 170 दिव्यांगजनों की कृत्रिम अंग वितरण के लिए जांच एवं माप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** समाज सेवा और मानवता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए रोटरी क्लब ऑफ चाणक्य, पटना द्वारा शिविर के दूसरे दिन रविवार 12 अप्रैल 2026 को तीन दिवसीय निःशुल्क कृत्रिम अंग वितरण शिविर में 170 मरीजों का परीक्षण किया गया। शिविर के दूसरे दिन महाराणा प्रताप भवन, आर्य कुमार रोड, पटना-800004 में 70 एक पैर वाले, 10 दोनों पैर वाले 15 हाथ से निशक्त, 25 कमर व पैर दोनों से निशक्त दिव्यांगजनों का जांच और अंग को माप कर कृत्रिम अंग बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई। इसके बाद सोमवार को जरूरतमंद एवं दिव्यांगजन को निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को चलने-फिरने में सक्षम बनाना ही नहीं, बल्कि उनके जीवन में आत्मनिर्भरता, आत्मसम्मान और नई आशा का संचार करना भी है। तीन दिवसीय इस शिविर के दौरान विशेषज्ञों की टीम ने लाभार्थियों का परीक्षण, माप एवं फिटिंग की जाएगी तथा उच्च गुणवत्ता वाले कृत्रिम अंग प्रदान किए जाएंगे। क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन अभिषेक अपूर्व एवं प्रोजेक्ट चेयर रोटेरियन कमल बिदासरिया ने आम जनता एवं सामाजिक संस्थाओं से अपील की है कि वे इस सेवा कार्य की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद इस अवसर का लाभ उठा सकें। एमपी जैन ने कहा कि यह एक छोटा सा नेक प्रयास किसी के जीवन में फिर से चलने की ताकत और जीने की नई दिशा दे सकता है। इस मौके पर सचिव राखी शर्मा, कोषाध्यक्ष आलोक स्वरूप, प्रोजेक्ट इंचार्ज कमल बिंदासरिया पंजीयन में रोहित बोहरा और प्रशांत महेसरिया उपस्थित होकर दिव्यांग जनों की सहायता की। इसके अलावा विशाल टेकरीवाल, अर्चना जैन, ईशान जैन, डॉक्टर अशोक कुमार, सुजाता टिंबरेवाल, संजय वैद्य, मनीष मखड़िया,राहुल कार्यवाल, प्रशांत महासदिया, अश्वनी गुप्ता, राजकुमार मेहनौत, गिरधारी झुनझुनवाला, विशाल कुमार, रुपेश अग्रवाल,विवेक कुमार, डॉक्टर संजीव, ललित डालमिया, राखी शर्मा, रोहित बोहरा, हरीश होरा, संजीव मुनका और संजीव बजाज सहित अन्य मौके पर मौजूद थे।

# पटना जू में बढ़ीं सुविधाएं, डिजिटल सेवाओं से पर्यटक हो रहे आकर्षित

## यहां से इंडियन ग्रे भेड़िये, बाघ, सांप, घड़ियाल और उल्लू को भेजा जाएगा बाहर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** संजय गांधी जैविक उद्यान यानी पटना जू अब आधुनिक सुविधाओं से लैस हो रहा है। जू प्रशासन ने पर्यटकों की सुविधा और अनुभव को पहले कहीं अधिक बेहतर बनाने के लिए कई नई सेवाएं शुरू की गई हैं जिससे यहां आने वालों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। डिजिटल इंडिया की दिशा में कदम बढ़ाते हुए जू ने अपनी वेबसाइट और मोबाइल ऐप विकसित की गई है। इसके अंक माध्यम से पर्यटक अब ऑनलाइन टिकट बुकिंग के साथ-साथ जू से जुड़ी तमाम जानकारियां आसानी से प्राप्त कर रहे हैं। 21 मार्च से शुरू हुई ऑनलाइन टिकट सेवा का अब तक 1625 लोगों ने लाभ उठाया है। पर्यटकों के अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए जू में गाइडेड टूर की सुविधा भी शुरू की गई है। मात्र 10 रुपये प्रति व्यक्ति के शुल्क पर उपलब्ध इस सेवा का पिछले छह दिनों में 1023 लोगों ने लाभ उठाया है। इससे लोगों को वन्यजीवों और जू की विशेषताओं के बारे में विस्तार से जानकारी मिल रही है। मनोरंजन के लिहाज से भी जू में कई आकर्षण की चीजें हैं। बच्चों के लिए विशेष चिल्ड्रेन पार्क की व्यवस्था है जहां वयस्कों के लिए 20 रुपये और बच्चों के लिए 10 रुपये का टिकट निर्धारित है। इसके अलावा 3डी थिएटर और जल उद्यान जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं जो पूरी तरह निःशुल्क हैं और परिवार के साथ आने वाले पर्यटकों को खासा आकर्षित कर रही हैं। वीप्राकृतिक विविधता के लिहाज से भी जू समृद्ध है। यहां लगभग 93 प्रजातियों के 1100 वन्यजीव और करीब 800 प्रकार के पेड़-पौधे मौजूद हैं जो इसे प्रकृति प्रेमियों के लिए खास बनाते हैं। इसी क्रम में वन्यजीव संरक्षण और विविधता बढ़ाने के उद्देश्य से जू में सीमित स्तर पर वन्यप्राणियों की अदला-बदली की योजना भी शुरू की गई है। इसके तहत पटना जू से 2 नर इंडियन ग्रे भेड़िये और 1 मादा ग्रे भेड़िया रोहतक जू हरियाणा भेजा जाएगा। बदले में रोहतक जू से 2 ग्रीन इगुआना और दो सिल्वर फेजेंट को पटना जू लाया जाएगा। वहीं संजय गांधी जैविक उद्यान से 2 नर इंडियन ग्रे भेड़िये, 2 मादा ग्रे भेड़िये, 1 बाघ, 4 घड़ियाल, 2 कॉमन रैट सांप और 2 कॉमन बार्न उल्लू को दिल्ली चिड़ियाघर भेजा जाएगा। वहां से बदले में 1 मादा सफ़ेद बाघ, 6 शांघाई हिरण (जिसमें 2 नर और 4 मादा हिरणें), 4 सफ़ेद ब्लैकबक ( 2 नर और दो मादा), 4 रोजी पेलिकन, 4 पेंटेड स्टॉर्क पटना जू लाए जाएंगे। कुल मिलाकर पटना जू से 15 जानवर विभिन्न चिड़ियाघरों को भेजे जाएंगे और बदले में 23 जानवर आने वाले हैं।

# 20वें तीर्थंकर भगवान मुनिसुव्रतनाथ तप कल्याणक महोत्सव संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** जैन धर्म के 20वें तीर्थंकर भगवान मुनिसुव्रतनाथ स्वामी का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव राजगीर सिद्ध क्षेत्र में भगवान के जन्मभूमि मंदिर में अपार हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इसमें भाग लेने पटना से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुगण राजगीर पहुंचे तथा कार्यक्रम में भाग लिया। बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के मानद मंत्री पराग जैन ने बताया कि इस पावन अवसर पर एक ऐतिहासिक धार्मिक अनुष्ठान के तहत प्रथम चारित्र चक्रवर्ती आचार्य शांतिसागर जी महाराज एवं युगदृष्टा आचार्य विद्यासागर जी महाराज के चरण चिह्न नवनिर्मित विशाल चरण छत्री में मंत्रोच्चार के बीच विराजमान किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः काल जन्मभूमि स्थित मूलनायक मंदिर में भगवान के अभिषेक के साथ हुआ। प्रभु के जन्म कल्याणक के अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भगवान का मंगलाष्टक के पश्चात अभिषेक किया। इसके पश्चात विश्व शांति की मंगल कामना हेतु शांतिधारा संपन्न हुई जिसका सौभाग्य गया (बिहार) जैन समाज को प्राप्त हुआ। गुरुमाता के मुखारबिंद से शांतिधारा सम्पन्न हुई जिससे संपूर्ण मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। शांतिधारा के उपरांत श्री दिगम्बर जैन धर्मशाला से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। हाथों में जैन धर्म का प्रतीक 'जिन ध्वज' थामे श्रद्धालु जयकारे लगाते हुए चल रहे थे।

# नेशनल चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश के सर सजा चैंपियन का ताज

## उत्तर प्रदेश ने फाइनल में मध्य प्रदेश को 5-2 से हराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** उत्तर प्रदेश हॉकी ने डिवीजन फाइनल में हॉकी मध्य प्रदेश को हराकर राजगीर, बिहार में 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष नेशनल चैंपियनशिप 2026 का चैंपियन बना। इस बीच हॉकी पंजाब ने तीसरे/चौथे स्थान के मैच में दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव हॉकी को हराकर ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। फाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश हॉकी ने शानदार खेल दिखाते हुए हॉकी मध्य प्रदेश को 5-2 से हराकर एक मजेदार फाइनल जीता। उत्तर प्रदेश ने मुकाबले की शुरूआत में ही कप्तान केतन कुशवाहा (4) के फील्ड गोल से गोल करके बढ़त दिलाई। हॉकी मध्य प्रदेश ने तेजी से जवाब दिया और गाजी खान (8) ने बराबरी का गोल करके मैच को बराबरी पर ला दिया। हालांकि उत्तर प्रदेश ने जल्द ही कंट्रोल वापस पा लिया, नीतीश यादव (13) ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया जिसके बाद अली शाहरुख (28) ने फील्ड गोल करके बढ़त बना ली। राजभर प्रहलाद (35) और चौहान राघवेंद्र सिंह (40) ने फिर गोल करके उत्तर प्रदेश को मजबूती से कंट्रोल में ला दिया। आयुष सिंह लोधी (43) हॉकी मध्य प्रदेश के लिए एक गोल वापस करने में कामयाब रहे, लेकिन यह सिर्फ़ एक सांत्वना साबित हुआ क्योंकि उत्तर प्रदेश ने 5-2 से बड़ी जीत हासिल की। उत्तर प्रदेश हॉकी के खिताब जीतने के सिलसिले को पूरे टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन से और भी मजबूती मिली। उन्होंने मणिपुर हॉकी पर 17-1 से जबरदस्त जीत के साथ शुरूआत की, इसके बाद पूल स्टेज में हॉकी अरुणाचल के खिलाफ 4-0 से जीत हासिल की, फिर क्वार्टर-फाइनल में हॉकी ओडिशा को 6-3 से हराया। सेमीफाइनल में, उत्तर प्रदेश हॉकी ने हॉकी पंजाब को 6-2 से हराया और फाइनल में एक और जबरदस्त प्रदर्शन करके ट्रॉफी जीती। अली शाहरुख उनके सबसे ज्यादा स्कोरर रहे और उनकी जीत में अहम भूमिका निभाई। इससे पहले हॉकी पंजाब ने डिवीजन अ के तीसरे/चौथे स्थान के मैच में दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव हॉकी को 1-0 से हराकर ब्रॉन्ज मेडल जीता। राजवीर सिंह (8) ने मैच का एकमात्र गोल किया, उन्होंने मुकाबले की शुरूआत में ही गोल करके पंजाब को निर्णायक बढ़त दिलाई। दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव हॉकी की जोशीली कोशिश के बावजूद, पंजाब ने मजबूती से जीत हासिल की और पोडियम पर अपना अभियान खत्म किया।

# कैमूर में 14-21 अप्रैल के बीच बीपीएससी एडीइओ की परीक्षा

## 20 केंद्रों पर तीन चरणों में होगी परीक्षा, 7,704 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**भभुआ।** बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा, 2026 के लिए कैमूर जिला प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। जिले के 20 केंद्रों पर कुल 7,704 परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे। यह परीक्षा 14 से 21 अप्रैल के बीच तीन चरणों में आयोजित की जाएगी। इसके लिए भभुआ में 14 और मोहनियां में 6 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा दो पालियों में होगी- पहली पाली सुबह 10:00 बजे से 12:00 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 02:30 बजे से 04:30 बजे तक। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से दो घंटे पहले केंद्र पर रिपोर्ट करना होगा। प्रथम पाली के लिए प्रवेश सुबह 9:00 बजे और द्वितीय पाली के लिए दोपहर 1:30 बजे बंद कर दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को अपने साथ ई-एडमिट कार्ड की एक अतिरिक्त प्रति और आधार कार्ड या कोई अन्य वैध फोटो पहचान पत्र लाना अनिवार्य है। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सख्त सुरक्षा उपाय किए गए हैं। सभी केंद्रों पर जैमर्स लगाए गए हैं और लाइव सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी की जाएगी। मोबाइल, स्मार्ट वॉच या ब्लूटूथ जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाना पूरी तरह वर्जित है। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थियों का बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन और फेशियल रिकॉग्निशन भी अनिवार्य होगा। जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित ब्रीफिंग में कदाचारमुक्त परीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि कदाचार में लिप्त पाए जाने वालों पर बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम, 1981 के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सम्पूर्ण महिला साक्षरता कार्यक्रम के तहत बुनियादी साक्षरता परीक्षा आयोजित

## 3775 महिलाओं में से 3665 महिलाएं परीक्षा में हुई शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी के निर्देश में संचालित संपूर्ण महिला साक्षरता कार्यक्रम के तहत 12 अप्रैल को आयोजित बुनियादी साक्षरता परीक्षा का आयोजन जिला के कलस्टर रिसोर्स सेंटर में किया गया। इस परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अपने प्रखंड के नोडल पदाधिकारी बनाए गए। बुनियादी साक्षरता परीक्षा में शामिल होने योग्य महिलाओं को चिन्हित 3775 में 3665 महिलाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। सभी केआरपी, संकुल समन्वयक, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला स्तरीय जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने विभिन्न केंद्रों का भ्रमण कर अनुश्रवण किया। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, साक्षरता, रोहतास प्रियंका कुमारी ने बताया कि अनुश्रवण के दौरान परीक्षा केंद्रों पर महिलाओं का उत्साह काफी प्रेरणादाई था। उम्र के इस पड़ाव में भी उनके सीखने की जिज्ञासा और साक्षरता का प्रमाण पत्र पाने की ललक ने काफी प्रभावित किया। जिलाधिकारी के निर्देशन में हम शीघ्र पूर्ण महिला साक्षरता के लक्ष्य को पाने में अवश्य सफल होंगे।

# वाहन की ठोकर से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** कैमूर में सड़क पार कर रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घायल की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना कुदरा थाना क्षेत्र के भभुआ मोड़ के पास की है। मृतक की पहचान शशि प्रकाश गुप्ता (39) के रूप में हुई है। वह रोहतास जिले के दरीगांव थाना क्षेत्र स्थित दरीगांव के निवासी अवध नारायण प्रसाद के बेटे थे। शशि प्रकाश गुप्ता कुदरा भभुआ मोड़ के पास सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें पीएचसी कुदरा पहुंचाया। वहां के चिकित्सकों ने बेहतर उपचार के लिए उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मृतक के परिजनों को भी सूचित कर दिया गया है। पुलिस अज्ञात वाहन चालक की तलाश में आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

# विवाहिता का फंदे से लटका मिला शव, पिता ने लगाया हत्या का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** नगर परिषद क्षेत्र के काशीघाट मोहल्ले में रविवार को रेलिंग से झूलता हुआ विविहिता का शव बरामद हुआ है। पुलिस इस घटना की छानबीन कर रही है। परिवार के सभी सदस्य फरार हैं। विवाहिता के पिता ने दहेज में कार नहीं दिये जाने के कारण हत्या का आरोप लगा रहे है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। एसडीपीओ सिंधु शेखर सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि बिक्रमगंज नगर परिषद के काशीघाट मोहल्ले में रामकेश्वर चौधरी के पुत्र मनीष कुमार की पत्नी अमृता कुमारी ऊर्फ अमृता पटेल सीढ़ी में स्टील की बनी रेलिंग में फांसी लगा ली है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस वहां पहुंची तो घर खुला हुआ था, लेकिन घर के सभी परिवार फरार थे। विवाहिता का शव रेलिंग से साड़ी के सहारे फांसी लगा हुआ लटक रहा था। इस घटना की सूचना विवाहिता के मायके वालों को दी गई। विवाहिता नोखा थाना क्षेत्र के छतावना निवासी अशोक चौधरी की पुत्री है जिसकी शादी वर्ष 2021 में दावथ थाना क्षेत्र के बभनी निवासी रामकेश्वर चौधरी के पुत्र मनीष कुमार के साथ हुई है। मनीष कुमार सेना का जवान है। घटना की सूचना पाकर विवाहिता के मायके वाले वहां पहुंचे। पिता और विवाहिता के मायके पक्ष के जुटे लोग दहेज में कार नहीं दिये जाने के कारण हत्या किये जाने का आरोप लगा रहे थे।

# निःशुल्क शिक्षा देकर समाज में रोशनी फैला रहे जमील अख्तर, नगर परिषद ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी के बारह पत्थर स्थित नोबल पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने वाले ईदगाह मोहल्ला निवासी जमील अख्तर को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद की मुख्य पार्षद शशि कुमारी, पार्षद सरिता देवी एवं राजद के वरिष्ठ नेता गुड्डू चंद्रवंशी ने उन्हें अंगवस्त्र, फूलों का गुलदस्ता, कलम और डायरी भेंट कर सम्मानित किया। सम्मान प्राप्त करने के बाद जमील अख्तर ने कहा कि शिक्षा ही वह सबसे बड़ा हथियार है जो किसी भी व्यक्ति की जिंदगी बदल सकती है। उन्होंने बताया कि शुरू से ही उनकी इच्छा समाज के लिए कुछ करने की थी और आज उसी सोच के तहत वे बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा देना सबसे बड़ा धर्म है। मुख्य पार्षद शशि कुमारी ने जमील अख्तर के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि अपने जीवन में पहली बार उन्होंने ऐसे शिक्षक से मुलाकात की है जो निःस्वार्थ भाव से इतना बड़ा कार्य कर रहे हैं। उन्होंने विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों से भी बातचीत की जहां बच्चों ने पढ़ाई की गुणवत्ता को अच्छा बताया। उन्होंने जमील अख्तर को धन्यवाद दिया। राजद के वरिष्ठ नेता गुड्डू चंद्रवंशी ने बताया कि वार्ड संख्या 35 स्थित हाजी मोहम्मद इलियास हुसैन स्कूल कैंपस में स्थित इस स्कूल में करीब 500 से अधिक बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जमील अख्तर जो एनटीपीसी में डीजीएम के पद पर कार्यरत हैं, इस विद्यालय के सभी खर्चों का वहन करते हैं। विद्यालय में 15 शिक्षिकाएं और 4 शिक्षक कार्यरत हैं जिनका पूरा खर्च भी वे स्वयं उठाते हैं। उन्होंने जमील अख्तर सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

विद्यालय के सभी शिक्षक तथा शिक्षिका को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. अहिया अब्दुल रहमान द्वारा बच्चों के लिए निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर धीरज पासवान, दीपक चंद्रवंशी, विनोद कुमार, शाहिद सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# बालू लदा वाहन अनियंत्रित, सड़क किनारे चाट में पलटा, ड्राइवर जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अकोढी गोला (रोहतास)।** रोहतास जिले के आयरकोठा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह बालू से लदा एक वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे चाट में पलट गया। इस दुर्घटना में वाहन चालक घायल हो गया जिसे घंटों की मशक्कत के बाद बाहर निकाला जा सका।

घटना आयर कोठा-नासरीगंज मुख्य मार्ग पर पडुहार गांव के समीप सुबह करीब 9 बजे हुई। चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया जिसके बाद टेलर सड़क किनारे गहरे चाट में जा गिरा। वाहन की चपेट में आने से दो लिप्टस के पेड़ भी उखड़ गए। चालक घंटों तक अपनी सीट पर फंसा रहा। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम और आयर कोठा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों और एसआई उज्ज्वल कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मियों के अथक प्रयासों से चालक को सुरक्षित बाहर निकाला गया। आयर कोठा थाना अध्यक्ष शिवम कुमार ने बताया कि चालक की पहचान उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के चोपन थाना क्षेत्र के पथरी गांव निवासी सुरेंद्र गौड़ के रूप में हुई है। टेलर पर बालू लादकर रोहतास जिले से गोरखपुर जा रहा था। घायल चालक को प्राथमिक उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अकोढी गोला भेजा गया जहां उसे मामूली चोटें आईं। पुलिस ने वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है और दुर्घटना के संबंध में वरीय अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है। चालक अब खतरे से बाहर है।

# गेहूं की फसल में आग की घटनाओं पर प्रशासन सख्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** गेहूं फसल कटनी-2026 के दौरान खेतों में आग लगने की लगातार मिल रही सूचनाओं के बाद बिक्रमगंज अनुमंडल प्रशासन ने कड़ा कदम उठाया है। अनुमंडल दण्डाधिकारी प्रमात कुमार, बि0प्र0से0 ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-152 के तहत आदेश जारी कर पूरे अनुमंडल क्षेत्र में रीपर मशीन के प्रयोग पर अगले 10 दिनों तक पूर्णतः रोक लगा दी है। यह आदेश 12 अप्रैल 2026 से प्रभावी होगा। रीपर से निकलने वाली चिंगारी बनी आग का कारणःअनुमंडल दण्डाधिकारी कार्यालय से जारी आदेश संख्या 04/2026 में कहा गया है कि बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र से प्रतिदिन गेहूं की फसल में आग लगने की सूचना मिल रही थी। जांच में पाया गया कि गेहूं कटाई के लिए उपयोग की जा रही रीपर मशीन से निकलने वाली चिंगारी से अधिकतर आग की घटनाएं हो रही हैं। इन अग्निकांडों से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है और क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई है। प्रशासन ने माना कि इससे विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो सकती है। पूर्व आदेश के बाद भी नहीं रुकी घटनाएंःआदेश में उल्लेख है कि पूर्व में ज्ञापांक 1668, 10.04.2026 के माध्यम से भी निर्देश जारी किए गए थे, लेकिन आग लगने की घटनाएं नहीं रुकीं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए धारा-152 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सभी रीपर मशीन मालिकों और चालकों को 10 दिनों तक मशीन के प्रयोग पर पूरी तरह से रोक लगाने का आदेश दिया गया है। अनुमंडल दण्डाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थानाध्यक्ष और प्रखंड कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि आदेश की अवहेलना करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। यदि कोई रीपर मशीन चलती हुई पाई गई तो उसे तत्काल जब्त कर संबंधित वाहन मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। कृषि पदाधिकारी, कृषि समन्वयक और कृषि सलाहकारों को क्षेत्र में सतत निगरानी रखने को कहा गया है। जारी आदेश की प्रतिलिपि जिला कृषि पदाधिकारी रोहतास, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिक्रमगंज, अपर समाहर्ता रोहतास, पुलिस अधीक्षक रोहतास और जिला पदाधिकारी रोहतास को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजी गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह कदम आमजनों की सुरक्षा और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए उठाया गया है।

# रोहतास की रीवा पंचायत में भीषण आग, 200 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** रोहतास जिले के रीवा पंचायत के बाहरी बहेरी गांव में रविवार तड़के भीषण आग लग गई। इस घटना में करीब 200 बीघा में लगी गेहूं की फसल पूरी तरह जलकर खाक हो गई। आग इतनी तेजी से फैली कि किसानों को संभलने का मौका नहीं मिला।

ग्रामीणों के अनुसार आग लगने की सूचना तत्काल दमकल विभाग को दी गई थी। हालांकि दमकल की गाड़ी के मौके पर पहुंचने तक फसल पूरी तरह जल चुकी थी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि दमकल की गाड़ी की हालत खराब थी और वह केवल औपचारिकता पूरी करने पहुंची थी। ग्रामीणों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने यह भी बताया कि भूसा बनाने वाली रीपर मशीनों पर प्रतिबंध के बावजूद उनका इस्तेमाल जारी है जिससे ऐसी घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। एक पीड़ित किसान ने अपनी व्यथा बताते हुए कहा 'मेरी बेटी की शादी इसी महीने है। पूरी फसल पर ही सब कुछ निर्भर था, लेकिन अब सब जल गया। अब कर्ज लेकर ही शादी करनी पड़ेगी।' इस घटना से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है और पीड़ित किसानों को किस तरह की राहत प्रदान की जाती है।

# सासाराम में बिहार का पहला पिंक को-ऑपरेटिव बैंक खुला

## महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम : डॉ. प्रमोद कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** सासाराम से एक बड़ी और सकारात्मक खबर सामने आई है जहां बिहार के पहले पिंक कोऑपरेटिव बैंक शाखा का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस विशेष पहल का उद्घाटन राज्य के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने किया। खास बात यह है कि यह बैंक शाखा पूरी तरह महिलाओं द्वारा संचालित है प्रबंधक से लेकर सभी कर्मचारी महिलाएं हैं। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि यह पहल महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि समाज की आधी आबादी यानी महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए बेहतर अवसर और संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। सासाराम की यह शाखा उसी सोच का सशक्त उदाहरण है। इस पिंक कोऑपरेटिव बैंक की खासियत यह है कि यहां संचालन की पूरी जिम्मेदारी महिलाओं के हाथों में है। बैंक प्रबंधन से लेकर ग्राहकों की सेवा तक, हर कार्य महिला कर्मचारी ही कर रही हैं। इससे न केवल महिलाओं को रोजगार मिला है, बल्कि उनकी नेतृत्व क्षमता भी सामने आई है। कार्यक्रम के दौरान आईबीपीएस के माध्यम से चयनित 11 नए बैंक सहायकों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए गए। इस मौके पर मंत्री ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे ईमानदारी और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। बैंक के प्रबंध निदेशक अरविंद कुमार पासवान ने बताया कि बैंक ने पहली बार अपने सभी घाटे को खत्म कर मुनाफे में जगह बनाई है जो एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि जल्द ही ग्राहकों को इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और यूपीआई जैसी आधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। इस अवसर पर बैंक में कार्यरत महिला कर्मियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम महिलाओं की क्षमता और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। यह पहल न केवल महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी, बल्कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं को भी मजबूती देगी। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और लोगों को बेहतर बैंकिंग सुविधाएं मिल सकेंगी।

# टॉपर छात्रा अंजली पांडेय हुई सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**विक्रमगंज (रोहतास)।** काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रघुनाथपुर निवासी विजय पांडेय की सुपुत्री अंजली पांडेय ने बिहार बोर्ड परीक्षा समिति में अव्वल अंक पाकर गांव प्रखंड एवं जिला का नाम रोशन किया। साथ ही साथ विजय पांडेय का पुत्र गोबिंद पाण्डेय ने विद्यालय में अव्वल स्थान प्राप्त किया। राष्ट्रीय मानवता सेवा संघ इन दोनों भाई-बहन को मेडल, ट्रॉफी, डायरी, पेन एवं आर्थिक राशि भेंट कर छात्र-छात्रा को प्रोत्साहित किया। मानवता सेवा संघ के सभी सदस्यों ने अपने-अपने वक्तव्य में कहा कि कोई भी छात्र-छात्रा आगे अगर बढ़ता है तो हम उसे लक्ष्य तक पहुंचने में सहयोग करेंगे। इस कार्यक्रम का अध्यक्षता मोथा पंचायत सरपंच केदार पाण्डेय एवं संचालन रविकांत तिवारी ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम तैल चित्र पर धूप दीप पुष्पांजलि अर्पित करते हुए विद्वानों के मुखारविंद से स्वस्तिवाचन किया गया जिसे पूरा कार्यक्रम मंत्र मुक्त हो गया। स्वस्ति वाचन के साथ संघ के संरचना के सुदृढ़ीकरण हेतु अपना-अपना विद्वत जनों ने मंतव्य प्रकट किया। साथी छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की कामना किया। मौके पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण दुबे, उपाध्यक्ष गुड्डू उपाध्याय, महासचिव दशरथ मिश्रा, सचिव अखिलेश तिवारी, पप्पू तिवारी, जन्मणजय उपाध्याय, शालिग्राम पाण्डेय, अवधेश पाण्डेय, अजय कुमार पांडेय, निरंजन पाण्डेय सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

# इओ का व्यवहार जनप्रतिनिधियों के प्रति तानाशाही पूर्ण : पार्षद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** नगर पंचायत कुदरा कार्यालय में कार्यपालक पदाधिकारी (इओ) उजाली राज और मुख्य पार्षद सुरेंद्र पाल सहित कई वार्ड पार्षदों के बीच तीखी नोकझोंक का गवाह बना। स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, कार्यालय में वार्ड पार्षदों की एक आवश्यक बैठक चल रही थी। आरोप है कि इसी दौरान ईओ उजाली राज पहुंचीं और अपने स्टाफ से वीडियो बनवाने लगीं। पार्षदों के विरोध करने पर बहस ने हंगामे का रूप ले लिया। वार्ड पार्षदों का आरोप है कि ईओ का व्यवहार जनप्रतिनिधियों के प्रति तानाशाही पूर्ण है और वे विकास कार्यों में बाधा डाल रही हैं। पार्षदों ने यह भी दावा किया कि बैठक के दौरान उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। दूसरी ओर कार्यपालक पदाधिकारी उजाली राज ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। हंगामे की सूचना मिलते ही स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराने का प्रयास किया। वीडियो फुटेज में ईओ भावुक नजर आईं और उन्होंने पार्षदों पर काम में व्यवधान डालने का आरोप लगाया। अन्य पार्षदों ने इस घटना पर रोष व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि यदि अधिकारी का रवैया नहीं बदला तो नगर विकास के कार्य ठप हो जाएंगे। फिलहाल, पुलिस और प्रशासन पूरे मामले की जांच कर रहे हैं, लेकिन इस घटना ने स्थानीय राजनीति और प्रशासन के बीच की खाई को उजागर कर दिया है।

# पूर्व विधायक सह महाविद्यालय संस्थापक की पुण्यतिथि मनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**विक्रमगंज (रोहतास)।** राम नारायण साह सर्वोदय महाविद्यालय, गंज भड़सरा में शनिवार को संस्थापक पूर्व विधायक स्व. राम नारायण साह की 39वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत उनकी प्रतिमा व समाधि पर पुष्पांजलि से हुई। परिसर में श्रद्धांजलि संगोष्ठी आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता डॉ. अशोक कुमार ने की। वक्ताओं ने साह के शिक्षा व समाज सेवा में योगदान को याद किया और उनके विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। सीनेट सदस्य डॉ. बिनोद कुमार सिंह ने कहा कि साह को सच्ची श्रद्धांजलि उनके स्थापित संस्थानों के विकास से होगी। उन्होंने चिंता जताई कि कभी टॉप-10 में रहने वाला यह महाविद्यालय आज गलत नीयत का शिकार है। वक्ताओं ने 4 मई 1987 को कर्पूरी ठाकुर के आगमन को याद किया जब उन्होंने साह को गांधी और मालवीय की संज्ञा दी थी और महाविद्यालय को अंगीभूत करने की सिफारिश की थी। वर्तमान सरकार से उस सिफारिश को लागू करने की मांग दोहराई गई। कार्यक्रम में जिला पार्षद, प्रोफेसर, शिक्षक और सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# बिजली तार चोर गिरोह का सरगना व रिसीवर सहित तीन गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। हरनौत थाना परिसर में रविवार को एसडीपीओ-2 संजय कुमार जायसवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बिजली के तार चोरी करने वाले गिरोह का बड़ा खुलासा किया। इस दौरान नूरसराय सीआई मनीष कुमार भारद्वाज भी मौजूद रहे। एसडीपीओ ने बताया कि वर्ष 2026 में हरनौत थाना क्षेत्र एवं आसपास के सीमावर्ती इलाकों में बिजली के तार काटकर चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही थीं। 10 अप्रैल की रात नेहुसा में हुई ताजा घटना के बाद हरनौत थानाध्यक्ष के नेतृत्व में टीम गठित कर मामले का सफल उद्भेदन किया गया। चोरी के तार खरीदने वाला मुख्य रिसीवर भी सामान के साथ गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में 12 अप्रैल को थाना कांड संख्या 184/26 दर्ज कर आगे की जांच जारी है। गिरफ्तार अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है और उनके बयान के आधार पर अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के मिसी गांव निवासी गणेश कुमार, खुशरूपुर के मियां टोली निवासी मंटु कुमार तथा फतुहा थाना क्षेत्र के मौजीचक गांव निवासी अरविंद प्रसाद को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो बाइक, एक पिकअप वाहन में लदा बिजली का तार, तीन मोबाइल फोन, चार बैंक चेकबुक तथा 6 लाख 92 हजार 400 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। एसडीपीओ-2 ने बताया कि इस मामले में कई गिरोह सक्रिय हैं। मोगलपुरा के संतोष कुमार गिरोह, रंजन कुमार गिरोह (न्यायिक हिरासत में), गोखुलपुर के रॉकी यादव गिरोह (फरार), गौरव-गणेश गिरोह (गिरफ्तार), सुकरबेगचक के बिट्टु यादव गिरोह तथा जगमोहन पासवान गिरोह (न्यायिक हिरासत में) शामिल हैं। ये सभी गिरोह बिजली के तार काटकर चोरी करते थे और अरविंद-मंटु तथा चंदन-कुंदन जैसे रिसीवर गिरोह को बेचते थे। चोरी के तार पटना के अगमकुआं इलाके में आनंद कुमार और मंगल कुमार जैसे रिसीवरों को सप्लाई किए जाते थे। इस कार्रवाई में हरनौत थानाध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा, भागन बिगहा थानाध्यक्ष राज कुमार चौधरी, चेरो ओपी प्रभारी रौशन कुमार, एएसआई बृजेन्द्र तथा सिपाही कुंदन, अभिमन्यु और शुभम शामिल रहे। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि पूरे गिरोह नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

## मारपीट में तीन महिला समेत छह घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। थाना क्षेत्र के होरिला गांव में बीते शनिवार की रात्रि लगभग 8 बजे पुराने भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस मारपीट में तीन महिला समेत छह लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों को डायल 112 की टीम एवं परिजनों की मदद से इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित होरिला गांव निवासी ओमप्रकाश पंडित ने बताया कि वे अपने परिजनों के साथ घर पर थे, इसी बीच पुराने जमीनी विवाद को लेकर गाली-गलौज करने लगे, जिसका विरोध करने पर उक्त लोग उग्र हो गए एवं लाठी-डंडे एवं लोहे के रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। घायल परिजनों के द्वारा सुरक्षा एवं सहायता हेतु डायल 112 को कॉल करके सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम के सहयोग से घायलों को इलाज हेतु अनुमंडलीय अपस्ताल में भर्ती कराया गया है।

## मेंटेनेंस को लेकर आज बंद रहेगा राजगीर जू और नेचर सफारी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। राजगीर जू सफारी और राजगीर नेचर सफारी 13 अप्रैल (सोमवार) को पर्यटकों के लिए बंद रहेंगे। वन विभाग ने आवश्यक रखरखाव और तकनीकी कार्यों के कारण यह निर्णय लिया है। विभागीय जानकारी के अनुसार, सोमवार को पूरे दिन दोनों पार्कों में मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। इस दौरान देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को प्रवेश नहीं मिलेगा, जिससे भ्रमण प्रभावित रहेगा। राजगीर के ये दोनों सफारी पार्क प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल हैं, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में पर्यटक प्राकृतिक वातावरण में वन्य जीवों को नजदीक से देखने का अनुभव लेने पहुंचते हैं। पार्क प्रशासन का कहना है कि पर्यटकों की सुरक्षा और बेहतर सुविधाओं के लिए समय-समय पर मेंटेनेंस कार्य करना आवश्यक होता है। इससे व्यवस्थाएं सुचारू रहती हैं और विजिटर्स को बेहतर अनुभव मिलता है। जू सफारी के निदेशक राम सुंदर एम ने बताया कि जरूरी तकनीकी कार्यों के चलते यह फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि मेंटेनेंस के बाद दोनों पार्क फिर से पर्यटकों के लिए पहले की तरह खोल दिए जाएंगे।

# धूमधाम से मनी वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल की जयंती



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां**। प्रखंड क्षेत्र के पकरी गांव में रविवार को वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल की जयंती समारोह का आयोजन बेहद भव्य और हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के गन्ना उद्योग मंत्री संजय पासवान उपस्थित हुए। मंत्री ने समारोह का उद्घाटन किया। इसके पश्चात उन्होंने बाबा चौहरमल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की शांति व समृद्धि की कामना की। लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल केवल एक समाज के नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने अपने जीवन काल में अन्याय के खिलाफ जो संघर्ष किया और समाज को जोड़ने का कार्य किया, वह आज भी प्रासंगिक है। मंत्री ने विशेष रूप से समाज की एकता पर बल देते हुए युवाओं से बाबा के आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व विधायक प्रदीप महतो एवं वारिसलीगंज विधानसभा की विधायक के पति अशोक महतो ने भी बाबा चौहरमल की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि बाबा चौहरमल के वीरता के किस्से आज भी रगों में जोश भर देते हैं। उन्होंने शिक्षा और संस्कार के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने की बात कही। मंच की अध्यक्षता आसो पासवान ने की, जबकि मंच का कुशल संचालन राजेन्द्र पासवान द्वारा किया गया। जयंती समारोह के उपलक्ष्य में पकरी गांव से एक विशाल जुलूस निकाला गया। गाजे-बाजे और पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ निकला यह जुलूस पकरी गांव से शुरू होकर पूरे पकरीबरावां बाजार का भ्रमण करते हुए स्थानीय देवी मंदिर तक गया। पूरे रास्ते 'बाबा चौहरमल अमर रहें' और 'जय चौहरमल' के नारों से पूरा इलाका गुंजायमान रहा। जुलूस बाजार भ्रमण के बाद वापस पकरी स्थित बाबा चौहरमल मंदिर पहुंचा, जहां इसे एक सभा के रूप में तब्दील कर संपन्न किया गया। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में जयंती समिति के अध्यक्ष राकेश पासवान के साथ पिंटू पासवान, ब्रजेश पासवान, सागर पासवान, अनिरुद्ध पासवान, सुखदेव पासवान, सतेंद्र पासवान और विजय पासवान का योगदान रहा।

# विक्रेता संघ की प्रखंड इकाई का चुनाव सम्पन्न



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा**। दवा विक्रेता संघ की प्रखंड इकाई नारदीगंज का चुनाव रविवार को सम्पन्न हो गया। यह चुनाव अकबरपुर प्रखंड के ककोलत जल प्रपात में आयोजित हुई। अध्यक्षता नवादा जिला दवा विक्रेता संघ के जिलाध्यक्ष राजन कुमार ने की। इस दौरान सर्व सम्मति से दवा विक्रेता संघ नारदीगंज के प्रखंड अध्यक्ष के पद पर गोरेलाल सिंह को चयन किया गया। वही दवा विक्रेता संघ के प्रखंड सचिव के पद पर संजय कुमार, उपाध्यक्ष के पद पर ओम प्रकाश गुप्ता, कोषाध्यक्ष के पद पर महेन्द्र प्रसाद को चयनित किया गया। इसके अलावा उप सचिव के पद पर राम प्रकाश गुप्ता को संगठन मंत्री के पद पर रामचंद्र प्रसाद को चयन किया गया। मौके पर जिला के योगेंद्र कुमार, परवेज अख्तर,मनोज कुमार मुन्नू समेत अन्य रहे।

# सदर अस्पताल की बदहाल व्यवस्था पर उठे सवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिले के सदर अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्था को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। श्री राज कृष्णा एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट, नवादा (बिहार) के अध्यक्ष एवं पूर्व श्रम राज्य मंत्री राजवल्लभ प्रसाद ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर अस्पताल की अव्यवस्थाओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया है। उन्होंने अस्पताल में उपचार, उपकरण, प्रकाश एवं साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं में सुधार की मांग की है।

पत्र में बताया गया है कि सदर अस्पताल नवादा गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए उपचार का प्रमुख केंद्र है, लेकिन यहां की स्थिति संतोषजनक नहीं है। कई बार मरीजों को आवश्यक सुविधाएं समय पर नहीं मिल पाती हैं, जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल में बिजली की समस्या के कारण इलाज प्रभावित होता है। जनरेटर की सुविधा होने के बावजूद समय पर चालू नहीं किया जाता, जिससे अंधेरे में मरीजों का इलाज करना पड़ता है। इसके अलावा अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सहित कई जरूरी जांच सुविधाओं के नियमित रूप से उपलब्ध नहीं रहने की भी शिकायत की गई है। मरीजों को बाहर निजी केंद्रों का सहारा लेना पड़ता है, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है। वहीं, साफ-सफाई की स्थिति भी ठीक नहीं होने से संक्रमण का खतरा बना रहता है। राजवल्लभ प्रसाद ने अपने पत्र में यह भी कहा है कि सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका लाभ आम जनता को पूरी तरह नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि अस्पताल में चिकित्सकों, नर्सों एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए तथा सभी आवश्यक उपकरणों को सुचारू रूप से संचालित किया जाए। अंत में उन्होंने जिला प्रशासन से जल्द कार्रवाई करते हुए सदर अस्पताल की व्यवस्था में सुधार लाने की अपील की है, ताकि जरूरतमंद मरीजों को बेहतर और समय पर इलाज मिल सके।

# संगीत प्रेमियों ने आशा भोसले के निधन पर जताया शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। भारतीय संगीत जगत की महान हस्ती और स्वर कोकिला आशा भोसले के निधन से पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके जाने के साथ ही संगीत के एक स्वर्णिम युग का अंत हो गया। 92 वर्ष की आयु में भी अपनी मधुर और सजीव आवाज के लिए प्रसिद्ध आशा भोसले ने करोड़ों दिलों पर राज किया। नवादा के समाजसेवी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस ब्रिगेड के अध्यक्ष मनीष कुमार सिन्हा ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आशा भोसले की आवाज में मानो साक्षात सरस्वती का वास था। उम्र के इस पड़ाव पर भी उनकी आवाज में वही मिठास और ऊर्जा बनी हुई थी, जो किसी युवा गायिका की पहचान होती है। उन्होंने बताया कि एक महीने पूर्व उन्होंने एक टीवी रियलिटी शो में आशा जी की प्रस्तुति सुनी थी, जिसमें उनकी गायकी का वही पुराना अंदाज और जादू देखने को मिला। यह उनके अद्वितीय प्रतिभा और समर्पण का प्रमाण है। मनीष कुमार सिन्हा ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आशा भोसले का योगदान भारतीय संगीत जगत में सदैव अमर रहेगा और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।

# कपड़ा दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। नवादा जिले के कौआकोल बाजार स्थित रिहायशी इलाके में रविवार की सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सखी सहेली वस्त्रालय नामक कपड़ा दुकान में अचानक आग लग गई। आग लगने की वजह बिजली के शॉर्ट सर्किट को बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, दुकान एवं मकान के मालिक उपेन्द्र कुमार उर्फ चुनीम साव,पिता बाबूलाल साव के घर-सह-दुकान में सुबह अचानक धुआं उठने लगा। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरा घर धुएं से भर गया। स्थिति इतनी भयावह हो गई कि घर में मौजूद लोगों को किसी तरह सुरक्षित बाहर निकाला गया। आग की चपेट में आकर घर में रखी साइकिल,दुकान में रखे बड़ी मात्रा में रेडीमेड कपड़े, फर्नीचर,दरवाजे समेत अन्य सामान जलकर पूरी तरह राख हो गए। इस घटना में लाखों रुपये मूल्य की संपत्ति के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। समय रहते आग बुझा दिए जाने से आसपास के घरों को बड़ी क्षति होने से बचा लिया गया।

## रजौली पुलिस ने कोयला लदा 20 ट्रक किया जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)**। बिहार-झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्र चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर कर चोरी के विरुद्ध बीते शनिवार की रात्रि 12 बजे से लेकर रविवार की सुबह 9 बजे तक वाणिज्य कर विभाग के पदाधिकारियों के द्वारा कार्रवाई की गई है। इस दौरान कोयला, लोहा एवं सीमेंट लदे लगभग 20 ट्रकों को जब्त कर जांच चौकी पर लगाया गया है। यह कार्रवाई राज्य कर संयुक्त आयुक्त मनोज शाह के निर्देश पर राज्य कर आयुक्त रविश कुमार सिंह के नेतृत्व में राज्य कर सहायक आयुक्त कमलशील एवं आराधना रविन्द्र के द्वारा किया गया। राज्य कर आयुक्त रविश कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यालय से प्राप्त निर्देश के आलोक में रजौली जांच चौकी पर कर चोरी के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान कुल 20 ट्रकों को रोका गया है, जिसमें अधिकांश कोयला लदा ट्रक है। ट्रकों के चालकों द्वारा लदे समानों के सही कागजातों के साथ वाहनों का आवागमन नहीं पाया गया, जिससे जीएसटी की चोरी किया जाना प्रतीत होता है। इसको लेकर सभी ट्रकों को जांच चौकी पर जब्त कर लगाया गया है एवं अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि जीएसटी चोरी किए जाने पर पेनाल्टी के रूप में कर का दुगना राशि जमा करना पड़ेगा। साथ ही कहा कि ट्रकों में लदे वजन करने वाले समान का वजन और काउंट करने वाले समान को काउंट कर पेनाल्टी लगाई जाती है। वाणिज्य कर विभाग द्वारा लंबे अरसे के बाद रजौली जांच चौकी पर हुई बड़ी कार्रवाई से कर चोरों में भय व्याप्त है।

# विम्स पावापुरी में 'प्रतिभास' सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। पावापुरी स्थित भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान (विम्स) में शनिवार रात 'प्रतिभास' नामक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज फाउंडेशन डे के शैक्षणिक आयोजनों के समापन के बाद आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. सर्विल कुमार और अधीक्षक डॉ. जकी अनवर ज़मान ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर संस्थान का ऑडिटोरियम दर्शकों से खचाखच भरा रहा, जो कार्यक्रम की लोकप्रियता को दर्शाता है। सांस्कृतिक समिति के सदस्य डॉ. सीमा सिंह, डॉ. कामिलिनी, डॉ. टी. के. चक्रवर्ती और डॉ. अमृता नारायण ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में अहम भूमिका निभाई। एमबीबीएस के विद्यार्थियों ने एकल व समूह नृत्य, गीत-संगीत, कविता पाठ और नाट्य प्रस्तुतियों के जरिए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 2020 बैच की छात्रा डॉ. तान्या और उनकी टीम का राजस्थानी थीम पर आधारित मनमोहक नृत्य रहा, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

# कन्या मध्य विद्यालय में छात्राओं को दी गई विदाई




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। हरनौत प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में इन दिनों आठवीं कक्षा उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में हरनौत बाजार स्थित कन्या मध्य विद्यालय हरनौत में शनिवार को विद्यालय परिवार द्वारा वर्ग 8 के छात्र-छात्राओं को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रधानाध्यापक महारानी देवी ने बताया कि कुल 68 सफल छात्र-छात्राओं को विधिवत समारोह आयोजित कर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस मौके पर सभी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर, फूलों की वर्षा कर तथा चॉकलेट देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में प्रधानाध्यापक ने कहा कि यह जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। उन्होंने छात्रों को आगे की पढ़ाई के प्रति गंभीर रहने, अनुशासन बनाए रखने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विदाई दी गई।

# सांसद ने पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का किया उद्घाटन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। हरनौत प्रखंड के सोराडीह पंचायत अंतर्गत भेड़िया गांव में शनिवार को सांसद कौशलेंद्र कुमार ने अपने सांसद निधि से तीन लाख रुपये की लागत से निर्मित पीसीसी ढलाई सड़क का उद्घाटन किया। यह सड़क रामावतार रविदास के घर के पास से जयराम पासवान के कुएं तक बनाई गई है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। उद्घाटन के मौके पर सांसद ने कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में विकास के कई कार्य धरातल पर दिख रहे हैं। उन्होंने हर घर नल-जल योजना, घर-घर शौचालय, गांव-गांव पक्की सड़क और पूर्ण शराबबंदी जैसे कार्यक्रमों को सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने आगे कहा कि बिहार में कानून का राज स्थापित हुआ है और आने वाले समय में राज्य विकास के मामले में देश में अग्रणी बनेगा। इस अवसर पर प्रखंड जदयू अध्यक्ष रविकांत कुमार, जदयू नेता जयराम पासवान, पूर्व मुखिया सच्चिदानंद सिंह, उप मुखिया पति अरुण कुमार सिंह, जदयू नेता देवेंद्र प्रसाद सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# मैट्रिक में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राएं सम्मानित





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेसकौर (नवादा)**। जिले के मेसकौर प्रखंड अंतर्गत सीतामढ़ी क्षेत्र स्थित एस पब्लिक स्कूल में मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के लिए एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बेहतर अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी छात्र रंजीत कुमार ने मैट्रिक परीक्षा में 442 अंक हासिल कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। उनकी इस उपलब्धि पर रजौली विधानसभा के विधायक विमल राजवंशी ने उन्हें मेडल के साथ एक रेंजर साइकिल प्रदान कर सम्मानित किया। विधायक ने छात्र को बधाई देते हुए कहा कि निरंतर मेहनत और लगन से पढ़ाई करने पर सफलता निश्चित है। उनके संबोधन से विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। विद्यालय के प्रिंसिपल नरेंद्र कुमार ने भी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए सफलता के मूल मंत्र बताए। उन्होंने नियमित अध्ययन, अनुशासन और सही मार्गदर्शन को सफलता की कुंजी बताया तथा विद्यार्थियों को भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अभी से तैयारी करने की सलाह दी।

कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक गुड्डु सर, सुबोध सर, विशेश्वर सर, प्रेम सर एवं रानी मिस मौजूद रहीं। सभी शिक्षकों ने मेधावी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं अभिभावक भी उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र का उभरता हुआ शिक्षण संस्थान बताया। इस दौरान प्रिंसिपल नरेंद्र कुमार ने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए बताया कि नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए विद्यालय में निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली बच्चों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से यह पहल की गई है, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी भी बेहतर शिक्षा का लाभ उठा सकें।

# कस्तूरबा जयंती पर आवासीय विद्यालय में प्रवेश उत्सव एवं सम्मान समारोह आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)**। प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में रविवार को कस्तूरबा गांधी जयंती समारोह सह सम्मान समारोह और प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के संचालक सह कन्या मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक सत्येंद्र कुमार पांडेय ने किया एवं मंच संचालन सेवा निवृत शिक्षक अनिल कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीडीओ संजीव कुमार झा उपस्थित हुए। इस दौरान छठी क्लास के नामांकित छात्राओं को फूल-माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कस्तूरबा गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। विद्यालय के छात्राओं ने उनके जीवन पर विस्तृत से प्रकाश डाला और कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वहीं छात्राओं ने स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय के अष्टम उत्तीर्ण छात्राओं को नौवीं क्लास के पाठ्य पुस्तक, बैग इत्यादि देकर सम्मानित किया गया, ताकि आगे की पढ़ाई में सुविधा हो। इस अवसर पर कार्यक्रम में पूर्व प्रधानाध्यापक बालकृष्ण प्रसाद यादव, विद्यालय के वार्डन रेखा कुमारी, लेखपाल संतोष कुमार, शिक्षिका आशा रानी, सीमा कुमारी, रेणु कुमारी, आदेश पाल, संजय कुमार, रात्रि प्रहरी विजय शंकर, रसोईया नीलम कुमारी, मधुरानी कुमारी, उषा देवी समेत विद्यालय के दर्जनों छात्राएं उपस्थित रहे।

# गयाजी नगर निगम के कर्मियों की 14 से हड़ताल, 5 हजार लोग होंगे शामिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** गया नगर निगम और बोधगया नगर परिषद के कर्मचारियों ने अपनी अलग-अलग मांगों को लेकर आंदोलन शुरू कर दिया है। बिहार लोकल बॉडी इंप्लाइज फेडरेशन के बैनर तले कर्मियों ने 14 अप्रैल से पूरे बिहार में अनिश्चितकालीन हड़ताल और चक्का जाम की चेतावनी दी है। यह घोषणा रविवार को गया नगर निगम कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में की गई। फेडरेशन के कार्यकारी अध्यक्ष और गया वाटर वर्क्स कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संजीत सिंह ने बताया कि सोमवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जिलाधिकारी के समक्ष बड़े पैमाने पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन में गया नगर निगम, बोधगया नगर परिषद और विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों से जुड़े लगभग 5000 मजदूर शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि सालों से पत्राचार के माध्यम से अधिकारियों को मांगों से अवगत कराया जा रहा है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। कर्मियों की 10 सूत्री मांगों में दैनिक मजदूरों की सेवा को स्थायी करना प्रमुख है। कई कर्मचारी 20 से 25 साल से लगातार काम कर रहे हैं, लेकिन उन्हें अभी तक स्थायी नहीं किया गया है। अन्य प्रमुख मांगों में केंद्र सरकार की ओर से संशोधित न्यूनतम वेतन लागू करना, अस्थायी कर्मियों को सातवें वेतनमान का लाभ देना और पांचवें एवं छठे वेतनमान का बकाया एकमुश्त भुगतान करना शामिल है। फेडरेशन ने सफाई पर्यवेक्षकों के लिए न्यूनतम 8 घंटे का कार्य समय निर्धारित करने और अतिरिक्त काम के लिए दोगुना ओवरटाइम भुगतान करने की भी मांग की है। इसके अतिरिक्त कर्मियों को एसीपी और एमएसीपी का फायदा देने, बिना जांच के वेतन रोकने या दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगाने तथा मृत कर्मियों के आश्रितों को नौकरी देने की मांग भी उठाई गई है। फेडरेशन ने आउटसोर्सिंग कर्मियों को नगर निगम कर्मचारी का दर्जा देने की भी मांग की है। उनका कहना है कि ये सभी मांगें नगर निगम स्तर पर ही पूरी की जा सकती हैं, इसके लिए नगर विकास विभाग से किसी विशेष सहमति की आवश्यकता नहीं है। बावजूद इसके अधिकारियों की ओर से इस दिशा में कोई पहल नहीं की जा रही है। संजीत सिंह ने कहा कि गया नगर निगम को राज्य में नंबर वन का दर्जा मिला है, लेकिन यहां काम करने वाले मजदूरों की स्थिति बेहद खराब है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन मजदूरों की समस्याओं को नजरअंदाज कर रहा है जिससे उनमें भारी असंतोष है। धरना प्रदर्शन के बाद भी यदि मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होती है तो 14 अप्रैल से राज्यव्यापी हड़ताल शुरू की जाएगी। इस दौरान नगर निगम से जुड़े सभी कार्य प्रभावित हो सकते हैं जिससे आम जनता को भी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

## स्वच्छ फल्गु, स्वच्छ गयाजी अभियान में श्रमदान से हुई सफाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**गया।** स्वच्छ फल्गु, स्वच्छ गयाजी अभियान के बैनर के तले आज गयाजी के पंचायती अखाड़ा-बहादुरगिर घाट पर स्थानीय लोगों के सहयोग से फल्गु नदी में साफ-सफाई का काम श्रमदान से किया गया तथा लोगों को जागरुक करते हुए सप्ताह के प्रत्येक रविवार को इस कार्य को करने का संकल्प लिया गया। स्वच्छ फल्गु, स्वच्छ गयाजी अभियान के संयोजक विजय कुमार मिट्ठू, सह संयोजक टिंकू गिरी, नंद लाल यादव, प्रमोद यादव, ओम प्रकाश निराला, विनोद कुमार, राम दास मांझी, सुदर्शन प्रसाद, रवीन्द्र कुमार, सूबेदार रविदास आदि ने कहा कि विश्व प्रसिद्ध अंतह सलीला मोक्ष दायिनी फल्गु नदी घनी आबादी वाले क्षेत्रों में झाड़ियां, कूड़ा तथा गंदगी से भरे रहने के कारण गयावासियों ने यह संकल्प लिया है कि फल्गु के पूर्वी छोर के सलेमपुर से अलीपुर तक तथा पश्चिमी छोर पर केंदुई से कंडी तक स्वच्छ एवं साफ रखने का काम श्रमदान से करेंगे। नेताओं ने कहा कि फल्गु नदी के पश्चिमी छोर पर प्रस्तावित बोधगया से चाकन्द तक मैरीन ड्राइव का निर्माण कार्य शुरू करने तथा पूर्वी छोर पर बसतपुर से खिजरसराय तक भी मैरीन ड्राइव बनाने की मांग सरकार से किया है। नेताओं ने फल्गु नदी के पूर्वी एवं पश्चिमी छोरों पर स्थित ऐतिहासिक, पुरानी घाटों जैसे केंदुई घाट, डण्डी बाग घाट, श्मशान घाट, विष्णु पद घाट, देव घाट, गायत्री घाट, ब्राह्मणी घाट, पिता महेश्वर घाट, महादेव घाट, सीढ़िया घाट, किरानी घाट, राय बिंदेश्वरी घाट, मोरीया घाट, रामशीला घाट, कंडी घाट तथा पूर्वी छोर के सीता कुंड घाट, सलेमपुर घाट, लखीबाग घाट, भास्कर घाट, दिनकर घाट, जनकपुर घाट, मानपुर घाट, पटवा टोली घाट, अलीपुर घाट, शादीपुर घाट का सौंदर्यीकरण, निर्माण आदि कराने की मांग राज्य सरकार से किया है।

## उत्पाद विभाग की गाड़ी ने युवक को रौंदा, एफआईआर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** गयाजी में उत्पाद विभाग की टीम पर एक शख्स को कार से रौंदने का आरोप है। घायल के भाई ने आरोप लगाया है कि 100 की रफ्तार में टक्कर मारी जिसके बाद मेरे भाई की स्थिति नाजुक है, उसका इलाज चल रहा है। दरअसल, शनिवार रात टीम शराब को लेकर छापेमारी करने गई थी। एक की गिरफ्तारी भी हुई थी, पर स्थानीय लोगों ने उसे छुड़ाने के लिए टीम पर पथराव कर दिया। खुद को बचाने के लिए उत्पाद की टीम अपनी गाड़ी से भागने लगी। इसी दौरान एक शख्स को टक्कर लग गई। घायल के भाई रुस्तम कुरैशी ने कहा कि उत्पाद विभाग की गाड़ी काफी तेज रफ्तार में थी, टक्कर मारने के बाद भी गाड़ी नहीं रुकी और न ही घायल को अस्पताल पहुंचाने की कोशिश की गई। रविवार को पीड़ित पक्ष ने इमामगंज थाना में आवेदन दिया है। दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। घटना इमामगंज थाना क्षेत्र भिड़ा गांव की है। घायल युवक दिलाशाद कुरैशी (25) को इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## नारी वंदन कानून पर भाजपा की महिला नेताओं में उत्साह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गयाजी।** नारी वंदन कानून को लेकर गयाजी की महिलाओं के बीच सरगर्मी तेज हो गई है। खासकर भाजपा से जुड़ी महिला नेताओं में इसे लेकर खास उत्साह देखा जा रहा है। गया की भाजपा नेता ने इस कानून का स्वागत करते हुए खुशी जाहिर की और देश के प्रधानमंत्री का आभार जताया। इस दौरान उन्होंने मीडिया के सामने अपनी बात मजबूती से रखी। मीडिया से बातचीत में जिला मंत्री नीमा देवी ने कहा कि यह महिलाओं के लिए ऐतिहासिक कदम है। 33 प्रतिशत आरक्षण लागू होने से लोकसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि इससे महिलाओं को नीति निर्धारण में भागीदारी का मौका मिलेगा और देश के विकास में उनकी भूमिका और मजबूत होगी। यह कानून हर वर्ग की महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर देगा। जिला पार्षद सदस्य व पश्चिमी क्षेत्र की मंत्री करुणा देवी ने कहा कि नारी वंदन कानून महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि सालों से महिलाओं को बराबरी का हक देने की मांग उठती रही जिसे अब केंद्र सरकार ने पूरा किया है। इससे गांव से लेकर संसद तक महिलाओं की आवाज बुलंद होगी। उन्होंने भरोसा जताया कि आने वाले समय में महिलाएं राजनीति में और मजबूती से अपनी पहचान बनाएंगी। भाजपा नेता पुष्पा सिंह ने कहा कि यह कानून सिर्फ आरक्षण नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान और अधिकार का प्रतीक है। इससे समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा और महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी। उन्होंने प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि यह फैसला देश की आधी आबादी के हित में लिया गया है जिसका असर आने वाले साल में साफ दिखेगा। भाजपा के मीडिया प्रभारी रंजीत सिंह समेत कई अन्य नेता भी मौजूद रहे।

## प्रोन्नति नहीं दिए जाने से शिक्षकों में आक्रोश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** बिहार पंचायत नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ की बैठक रविवार को गांधी मैदान स्थित गांधी मंडप में हुई। इसमें शिक्षकों की समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में सभी प्रखंडों से आए अध्यक्ष व सचिवों ने अपनी-अपनी बातें रखीं। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला महासचिव रमेश कुमार ने कहा कि शिक्षकों के कालबद्ध प्रोन्नति के लिए पत्र जारी होने के बाद भी आज तक प्रोन्नति नहीं दी गई। इस कारण शिक्षकों में क्षोभ व आक्रोश है। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि किसी भी शिक्षक का काम बिना पैसे के नहीं किया जाता है। इसमें कार्यालय के पदाधिकारी से लेकर कर्मचारियों तक की मिलीभगत है। बैठक में संघ ने निर्णय किया कि शिक्षकों की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी से मिला जाएगा। भ्रष्ट अधिकारी व कर्मियों पर कार्रवाई करने की मांग की जाएगी। साथ ही कहा गया कि एक सप्ताह के अंदर अगर प्रोन्नति नहीं दी गई तो शिक्षक जनगणना कार्य का विरोध करेंगे। बैठक में उपाध्यक्ष सुदेश पासवान, टिकारी अनुमंडल अध्यक्ष नीरज कुमार, मीडिया प्रवक्ता अजय कुमार, अनिल कुमार, प्रेम प्रकाश, सुनील कुमार, अजीत कुमार, मनीष कुमार आदि मौजूद थे।

## चैता गायन का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**टिकारी।** ग्रामीण संस्कृति को जीवंत बनाए रखने के उद्देश्य से सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर द्वारा टिकारी स्थित अपने आवास पर चैता गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक आयोजन में क्षेत्र के कई प्रसिद्ध लोकगीत गायकों एवं कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। कार्यक्रम में मां तारा नगरी केसपा के लोकगीत गायक देवेन्द्र शर्मा उर्फ सीआरपी, रामानुज शर्मा उर्फ आडवाणी, दिनेश, सुबोध पासवान, भैरवा के व्यास, घंघौला के रामजी शर्मा, शिव जी, धर्मेन्द्र शर्मा सहित दर्जनों कलाकारों ने भाग लिया और पारंपरिक चैता गीतों के माध्यम से ग्रामीण संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। आयोजक हिमांशु शेखर ने सभी कलाकारों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हैप्पी किड्स विद्यालय के निदेशक संजय अथर्व ने कहा कि तेजी से बढ़ते शहरीकरण के दौर में ग्रामीण संस्कृति धीरे-धीरे फीकी पड़ती जा रही है, ऐसे में इस तरह के आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। वक्ताओं ने कहा कि भारत गांवों का देश है, लेकिन अब गांवों में भी शहर की संस्कृति का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। ऐसे समय में ग्रामीण परंपराओं और लोकसंस्कृति को बचाए रखना युवाओं का कर्तव्य है। इस अवसर पर रामेश्वर उच्च विद्यालय के प्राचार्य अबरार आलम, बीपीएन ग्लोबल स्कूल के निदेशक नामित राजा, चर्चित फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. अमित नारायण रघु, मुखिया प्रतिनिधि अमिताभ कुमार, पैक्स अध्यक्ष सुबोध शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## देसी महुआ शराब बरामद, कारोबारी फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के काजी बिगहा गांव में पुलिस ने छापेमारी कर कुल 23 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की है। हालांकि इस दौरान दोनों शराब कारोबारी मौके से फरार होने में सफल रहे। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने रविवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम काजी बिगहा निवासी बिगन पासवान के पास छापेमारी की गई। इस दौरान बोड़ा में रखे स्प्राइट की बोतलों में करीब 20 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की गई। पुलिस को देखते ही आरोपी बोड़ा फेंककर मौके से फरार हो गया। वहीं उसी गांव के साधु चौधरी के घर के एक कोने से भी स्प्राइट की बोतलों में रखे करीब 3 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की गई। इस मामले में भी आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस ने इस संबंध में आंती थाना कांड संख्या 49/26 दर्ज कर लिया है और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

## गया के शेरघाटी में स्कूलों को मिली गलत किताबें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गया।** गया के शेरघाटी प्रखंड के सरकारी स्कूल में गलत विषय और माध्यम की पाठ्यपुस्तकों के वितरण का मामला सामने आया है। मध्य विद्यालय कमात और मध्य विद्यालय जोगापुर जैसे हिंदी माध्यम के स्कूलों को उर्दू की किताबें मिली हैं। इसके उलट, खंडेल उर्दू मध्य विद्यालय में हिंदी की पाठ्यपुस्तकें पहुंचाई गई हैं। इस गलती से कक्षा 6 और 7 के छात्र सर्वाधिक प्रभावित हो रहे हैं क्योंकि उन्हें उनकी पढ़ाई के अनुरूप सही पाठ्य सामग्री उपलब्ध नहीं हो पा रही है। राजकीय मध्य विद्यालय कमात के हेड मास्टर राजेश कुमार और राजकीय मध्य विद्यालय जोगापुर के प्रधानाध्यापक दिग्विजय सिंह ने इसे गंभीर लापरवाही बताया है। उन्होंने कहा कि किताबों के वितरण से पहले संबंधित विभाग की ओर से उचित जांच नहीं की गई। शिक्षकों ने भी इस गड़बड़ी के कारण पढ़ाई बाधित होने और बच्चों को विषय समझाने में आ रही दिक्कतों की पुष्टि की है। छात्रों और अभिभावकों में भी इस पर नाराजगी देखी जा रही है। प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों का कहना है कि इस तरह की लापरवाही बच्चों के भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। यदि इस समस्या का समय रहते समाधान नहीं किया गया तो इसका सीधा असर बच्चों के शैक्षणिक स्तर और परीक्षा परिणामों पर पड़ेगा। इस चूक के लिए कौन जिम्मेदार है और क्या संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई होगी, यह सवाल उठ रहा है। प्रशासन और शिक्षा विभाग से उम्मीद की जा रही है कि वे जल्द ही इस समस्या का समाधान करेंगे और बच्चों की पढ़ाई को पटरी पर लाने के लिए ठोस कदम उठाएंगे। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी कृष्ण मुरारी गुप्ता ने बताया कि यह मामला उनके संज्ञान में नहीं है। उन्होंने कहा कि वे इसकी जानकारी लेंगे, लेकिन अगर ऐसा कुछ हुआ है तो इसमें कोई बड़ी समस्या नहीं है। उनके अनुसार शिक्षक संबंधित विद्यालयों से किताबें बदलवा सकते हैं।

## 397 लीटर विदेशी शराब बरामद



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी /गया जी।** गया जिले के समेकित जांच चौकी डोभी सें बड़ी सफलता हाथ लगी है। वाहन चेकिंग के दौरान एक स्कॉर्पियो से अवैध विदेशी शराब एवं बीयर का परिवहन करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार पकड़े गए वाहन से कुल 397 लीटर (848 बोतल) अवैध विदेशी शराब और बीयर बरामद की गई है। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान चालक मो. अरवाज (उम्र करीब 26 वर्ष) तथा प्रिंस कुमार (उम्र करीब 23 वर्ष), दोनों निवासी सिमरिया, जिला चतरा (झारखंड) के रूप में हुई है। यह कार्रवाई समेकित जांच चौकी पर की गई। छापेमारी दल में एसआई स्तर के कई पुलिस पदाधिकारी एवं मद्यनिषेध विभाग के जवान शामिल थे। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की जांच जारी है और अनुसंधान पूरा होने के बाद आरोप पत्र न्यायालय में समर्पित किया जाएगा।

## बाबा साहेब की जयंती की तैयारी को लेकर बैठक, निकलेगी शोभा यात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गुरुआ।** प्रखंड क्षेत्र के भूरहा धाम में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर भव्य आयोजन की तैयारी को लेकर अंबेडकर शोभा यात्रा यूनिट द्वारा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जयंती समारोह को धूमधाम से मनाने के लिए एवं तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि 14 अप्रैल को शोभा यात्रा एवं मोटरसाइकिल जुलूस निकाला जाएगा। यह शोभा यात्रा सुबह 10 बजे गुरुआ प्रखंड मुख्यालय परिसर से शुरू होकर पिरमा होते हुए गुरुआ से करमाईन तक जाएगी। आयोजन को सफल भव्य बनाने के लिए सभी आंबेडकर शोभा यात्रा यूनिट के बुद्धिजीवियों द्वारा बारी-बारी के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का विचार लिया गया एवं विभिन्न जिम्मेदारियां भी कार्यकर्ताओं के बीच बांटी गईं। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष ललन पासवान ने की। इस दौरान उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने समाज के कल्याण के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने अपने जीवन में भारी संघर्ष और अत्याचारों का सामना किया, लेकिन कभी भी अपने विचारों और स्वाभिमान से समझौता नहीं किया। उन्होंने आगे कहा कि यदि बाबा साहेब भी अन्य लोगों की तरह समझौता कर लेते तो आज समाज के वंचित वर्गों की स्थिति अत्यंत दयनीय होती। उनके संघर्ष और विचारों से प्रेरणा लेकर हमें उनके बताए रास्ते पर चलने की आवश्यकता है। मौके पर शिक्षक भोला दास, अरविंद कुमार, अमरेंद्र दास, केपी कौशल, भीम आर्मी प्रखंड अध्यक्ष अक्षय कुमार पासवान, पूर्व प्रमुख सुनील कुमार दास, गुनेरी सरपंच प्रतिनिधि शहेन्द्र कुमार दास, संदीप चौधरी, ओमप्रकाश दास, अजय दास समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## सामुदायिक भवन का जीर्णोद्धार कार्य शुरू, मुखिया ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच (गया)।** प्रखंड क्षेत्र के केर पंचायत अंतर्गत लोदीपुर वार्ड संख्या 10 में सामुदायिक भवन के जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ रविवार को किया गया। यह कार्य 15वीं वित्त आयोग योजना के तहत कराया जा रहा है। इस योजना की स्वीकृत राशि 2 लाख 40 हजार 900 रुपये निर्धारित की गई है। योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में सामुदायिक सुविधाओं को बेहतर बनाना है जिससे स्थानीय लोगों को सामाजिक कार्यक्रमों के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध हो सके। इस कार्य का उद्घाटन मुखिया शशि कुमार के सौजन्य से किया गया। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि सामुदायिक भवन के जीर्णोद्धार से गांव में सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। मौके पर पंचायत सचिव बालचंद मंडल, वार्ड सदस्य सरोज कुमारी, सुभाष शर्मा, अखलेश यादव, अजय यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## भूमि विवाद में मारपीट, एक घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** थाना क्षेत्र के रौना गांव में भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट में चंद्रकांत सिंह उर्फ पप्पू (46) गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज, गया रेफर किया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। रविवार को पुलिस के समक्ष दिए गए बयान में पीड़ित ने बताया कि बीते पांच वर्षों से उनका अपने चचेरे भाई के साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इस संबंध में उन्होंने सरपंच, व्यवहार न्यायालय टिकारी, कोंच थाना, गुरारू अंचल कार्यालय तथा जनता दरबार में कई बार आवेदन दिया है। पीड़ित के अनुसार विभिन्न स्तरों पर उन्हें निर्णय भी उनके पक्ष में मिला, लेकिन आरोपियों द्वारा उसे नहीं माना जा रहा है। पीड़ित ने बताया कि 7 अप्रैल को उनके खेत में लगे करीब आठ कट्ठा गेहूं की फसल को आरोपी जबरन काटकर ले जा रहे थे। इसका विरोध करने पर आरोपियों ने उन्हें अकेला पाकर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस मामले में पीड़ित ने धीरज कुमार, नीरज कुमार, विद्यानंद कुमार समेत अन्य लोगों को नामजद आरोपी बनाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## 1250 लीटर देसी शराब व पांच बाइक जब्त, तस्कर फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फतेहपुर।** थाना क्षेत्र में रविवार को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 1250 लीटर देसी शराब और पांच बाइक जब्त की है। हालांकि पुलिस के पहुंचते ही तस्कर मौके से फरार होने में सफल रहा। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि झारखंड से अवैध रूप से शराब की खेप लाई जा रही थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बंदरा जंगल के समीप छापेमारी की जहां पुलिस को देखते ही तस्कर शराब और बाइक छोड़कर मौके से बचकर भाग गए। उन्होंने बताया कि बैंक पर बंधे बोरों की जांच करने पर उसमें से 1250 लीटर महुआ निर्मित शराब बरामद हुई। जब्त शराब एवं बाइक को थाना लाया गया है। इस मामले में उत्पाद एवं मद्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## खिजरसराय में बूंद-बूंद को तरसे लोग, पीएचइडी की 'लापरवाही' के खिलाफ फूटा वार्ड पार्षद का गुस्सा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खिजरसराय।** बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी 'नल-जल योजना' खिजरसराय नगर पंचायत में विभागीय उदासीनता की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। नगर पंचायत के वार्ड संख्या 05 और मुख्य बाजार क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप है। इस भीषण जल संकट को लेकर वार्ड पार्षद शीला देवी ने मोर्चा खोल दिया है और लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

**बाजार क्षेत्र में एक हफ्ते से हाहाकार, अधिकारी मौन**

खिजरसराय बाजार जैसे व्यस्त इलाके में पानी की किल्लत ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। वार्ड पार्षद शीला देवी ने पीएचइडी की कार्यपालक अभियंता अप्सरा कुमारी के प्रति कड़ा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि विभाग जनता की मूलभूत समस्याओं के प्रति संवेदनहीन हो चुका है। बाजार क्षेत्र में सात दिनों से पानी की आपूर्ति बंद है। हमने बार-बार विभाग को सूचित किया, लेकिन अधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही। यह जनता के अधिकारों का हनन है और ऐसी लापरवाही को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**शीला देवी, वार्ड पार्षद**

जल संकट की समस्या केवल बाजार तक सीमित नहीं है। वार्ड के ही एक अन्य मोहल्ले में नाली निर्माण कार्य के दौरान लापरवाही वश नल-जल की मुख्य पाइपलाइन कट गई जिससे दर्जनों परिवारों का पानी बंद हो गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पार्षद शीला देवी ने तुरंत नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी अंशुल पाण्डेय और कार्यपालक अभियंता दीपक कुमार से संपर्क साधा। उन्होंने स्पष्ट लहजे में कहा कि विकास कार्यों की आड़ में जनता को प्यासा नहीं रखा जा सकता। उनके हस्तक्षेप के बाद पाइप की मरम्मत की प्रक्रिया शुरू की गई है।

**जनता में भारी रोष : 'करोड़ों खर्च, फिर भी प्यासे'**

स्थानीय निवासियों का सब्र अब जवाब दे रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि एक तरफ सरकार नल-जल योजना पर करोड़ों रुपये पानी की तरह बहा रही है, वहीं दूसरी तरफ धरातल पर अधिकारियों की सुस्ती से योजना 'दम तोड़' रही है।

मुख्य आरोपः शिकायत के बावजूद कार्यपालक अभियंता अप्सरा कुमारी का मौके पर न पहुंचना।

**आम जन की रायः** अधिकारियों की तानाशाही और लचर व्यवस्था के कारण लोगों को निजी स्रोतों या दूर-दराज से पानी ढोने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

**संकट में मसीहा बनीं पार्षद, लोगों ने की सराहना**

जहां एक ओर सरकारी महकमों के प्रति लोगों में नाराजगी है वहीं वार्ड पार्षद शीला देवी की सक्रियता की चारों ओर चर्चा हो रही है। वार्डवासियों का कहना है कि शीला देवी न केवल विकास कार्यों की मॉनिटरिंग करती हैं, बल्कि संकट के समय मजबूती से जनता के साथ खड़ी रहती है। अधिकारियों से सीधे टकराने और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के उनके जज्बे ने लोगों के बीच उनकी छवि एक कर्मठ जनप्रतिनिधि के रूप में पुख्ता कर दी है। खिजरसराय का यह जल संकट प्रशासन के लिए एक चेतावनी है। यदि समय रहते आपूर्ति बहाल नहीं की गई और लापरवाह अधिकारियों पर नकेल नहीं कसी गई तो आने वाले दिनों में यह आक्रोश बड़े जन-आंदोलन का रूप ले सकता है।

संपादकीय

## यूसीसी : मॉडल ड्राफ्ट क्यों नहीं?

मध्यप्रदेश में डॉ. मोहन यादव सरकार ने राज्य में दिवाली से पहले समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने का फैसला कर लिया है। गृह विभाग को 6 में इसका ड्राफ्ट तैयार करने के आदेश दिए गए हैं। इसे लागू करने के पहले उन राज्यों के यूसीसी नियमों का अध्ययन किया जाएगा, जैसे कि उत्तराखंड और गुजरात, में इसे कैसे लागू किया गया है। इसके लिए एक उच्चस्तरीय कमेटी बनाई जाएगी। चर्चा है कि उत्तराखंड में बनी कमेटी की अध्यक्ष और पूर्व में सर्वोच्च न्यायालय की न्यायाधीश रहीं रंजना प्रकाश देसाई इसकी अध्यक्ष हो सकती हैं। हालांकि इस बारे में सरकार कोई निर्णय अभी नहीं किया है। इस कमेटी में 5-6 सदस्य शामिल होंगे, जो हाईकोर्ट के पूर्व जज, रिटायर आईएएस, सोशल वर्कर, अधिवक्ता, विवि के प्रतिनिधि व वरिष्ठ वकील होंगे। दूसरी तरफ कांग्रेस अभी इसका विरोध इस आधार पर कर रही है कि यूसीसी को सभी की सहमति से लागू किया जाए। इसी संदर्भ में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जब एक देश, एक निशान, एक प्रधान, 1951 में कहा गया था, वही अब होगा। आने वाले समय में क्या हिंदू, क्या मुसलमान, क्या ऊंचा-नीचा, क्या अच्छा-बुरा, सबके लिए कानून बराबर होना चाहिए। इसीलिए कॉमन सिविल कोड की तरफ भी हमारी सरकार धीरे-धीरे आगे बढ़ रही है। इसमें दो राय नहीं कि भारत जैसे धर्मनिरपेक्ष देश में विभिन्न धर्मों और समुदायों के लिए अलग अलग कानून क्यों हों? संविधान के अनुच्छेद 44 में भी संविधान निर्माताओं ने साफ कहा है कि देश में सभी नागरिकों के लिए समान संहिता लागू होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट भी कह चुका है कि देश में समान नागरिक संहिता लागू करने का यही सही समय है। देश में यूसीसी का विरोध मुख्यतः मुस्लिम समुदाय द्वारा ही किया जा रहा है और इसका आधार यह है कि यूसीसी उनके पर्सनल लॉ (शरिया) को खत्म करता है। जबकि वास्तव में यूसीसी महिलाओं को और सभी समुदायों को पहले की तुलना में ज्यादा अधिकार देता है। जो विरोध हो रहा है, वह वोट बैंक की राजनीति ज्यादा है। सरकार को इसकी चिंता नहीं करनी चाहिए। जहां तक यूसीसी की बात है तो इसके लागू होने के बाद शादी का पंजीकरण अनिवार्य होगा, तलाक के नियम सभी धर्मों के लिए एक समान होंगे और पैतृक संपत्ति में बेटियों को बराबर का हक मिलेगा। बहु विवाह पर पूरी तरह रोक लगने की संभावना है, जैसा कि गुजरात और उत्तराखंड में किया गया है। दरअसल, यूसीसी के पक्ष में सबसे मजबूत तर्क महिलाओं के अधिकार का ही है। शरिया कानून में उत्तराधिकार, बहु विवाह इत्यादि मुद्दे लैंगिक असमानता को बढ़ावा देते हैं, जबकि यूसीसी इन आधारों पर होने वाली सभी किस्म की असमानताओं को खत्म कर एक समान, निष्पक्ष और सांवैधानिक मूल्यों पर आधारित ढांचा प्रदान कर सकता है। दूसरे, उत्तराखंड में यूसीसी लागू हुए सवा साल के लगभग हो रहा है, वहां अभी तक ऐसा कोई मामला सामने नहीं आया है कि किसी के पर्सनल लॉ का हनन हुआ हो। गोवा में तो यह 1867 से लागू है। वहां भी करीब 12 फीसदी मुसलमान रहते हैं, उनके हितों पर कोई आंच नहीं आई तो यहां कौन-सा पहाड़ टूटेगा। वैसे भी मप्र में मुसलमानों की संख्या करीब 9 फीसदी है और 10-15 सीटों पर उनका प्रभाव है। ऐसे में मुस्लिम विरोध का कुछ खास मतलब नहीं है। यह समझना मुश्किल है कि अगर कांग्रेस सिर्फ मुस्लिम वोटों को रिझाने के लिए इसका विरोध कर रही है तो उसे इसका क्या लाभ होगा? दूसरे, केन्द्र सरकार को इस मामले में एक मॉडल ड्राफ्ट तैयार करना चाहिए ताकि हर राज्य में अलग-अलग कानून न हों।

# अनिश्चय के भंवर में युद्धविराम का भविष्य

**कुल 932 घंटे 35 मिनट यानी 40 दिनों के युद्ध में खरबों की क्षति के बाद खाड़ी में अस्थायी दो सप्ताह के संघर्ष विराम की घोषणा हुई है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की घोषणा के बाद ईरान ने भी इसे स्वीकार कर लिया तथा इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने कहा है कि वे ट्रंप के कदमों से सहमत हैं। हालांकि यह संघर्ष विराम है संघर्ष की समाप्ति नहीं। ईरान की ओर से कहा गया है कि उसने जो 10 बिंदु दिए अमेरिका उन पर विचार कर रहा है। अमेरिका ने कहा है कि हमने जो 15 शर्तें रखीं उन पर ईरान विचार कर रहा है। यानी दोनों ने शर्तों को स्वीकारने की घोषणा नहीं की है। दूसरे, इजरायल ने ईरान पर हमले रोकने की बात स्वीकारते हुए कहा है कि लेबनान समझौते से बाहर है। ईरान के 10 बिन्दुओं में लेबनान में हिज्बुल्लाह पर हमले रोकने की शर्त भी है। ट्रंप का कथन है कि युद्धविराम के बाद हम दीर्घकालिक शांति तथा पश्चिम एशिया के स्थायी समझौते की ओर बढ़ेंगे। क्या वाकई पश्चिम एशिया की जटिल समस्या का समाधान संभव है?**

**अवधेश कुमार**

दुनिया भर में निहित स्वार्थी नैरेटिव चलाने वाले पहले दिन से अमेरिका इजरायल को विश्व खलनायक एवं ईरान को योद्धा तथा निर्दोष पीड़ित साबित करते रहे हैं। सोच यह है कि ट्रंप को झुकना पड़ा एवं ईरान ने अपनी शर्तों पर संघर्ष विराम माना तो साफ है कि ऐसे तत्व शांति नहीं कुछ और चाहते हैं। ट्रंप ने 6 अप्रैल को अपने पोस्ट में ईरान के लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए स्पष्ट धमकी दी थी कि अगर होर्मूज जलडमरूमध्य नहीं खोला तो एक ही पैकेज में उसके ऊर्जा संस्थान,आधारभूत संरचना, पुल सभी ध्वस्त होंगे। दिख रहा था कि ट्रंप दबाव की तरह भले धमकी का इस्तेमाल कर रहे हैं , वे युद्ध से वापसी भी चाहते थे, लेकिन उनके तेवर इतने कड़े थे और उन्होंने इसके प्रमाण दिए थे तो ईरान का अड़ियल रवैये पर पुनर्विचार करना स्वाभाविक था। ईरान अड़ता तो उसका विनष्ट होना निश्चित था। अगर भयानक रक्तपात व अनवरत युद्ध वाले पश्चिम एशिया समस्या का समाधान हो जाए तो विश्व में शांति स्थापना के ऐसे अध्याय की शुरुआत होगी जिसकी शायद कल्पना भी नहीं की जा सकती। किंतु तह साकार होता नहीं दिखता। इजरायल को लेकर ईरानी इस्लामी शासन की विचारधारा, व्यवहार , लेबानन, गाजा, इराक से यमन तक उसके द्वारा खड़े आतंकवादी समूह की गतिविधियां, आंतरिक राजनीति तथा यहूदी इस्लाम के बीच मजहबी विवाद आदि को आधार बनाएं तो यह लक्ष्य अत्यंत कठिन है।

तत्काल इतना हुआ है कि ईरान ने परिस्थितियां देखकर होर्मूज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही को स्वीकृति दी है किंतु यह भी कहा है कि ईरानी सेना के साथ समन्वय और तकनीकी शर्तों के आधार पर होगा। समस्या यही है। उसके सबसे बड़े सहयोगी चीन की समझाइश का तत्काल असर है। उसकी 10 शर्तों में ईरान जलडमरूमध्य के नियमन और नियंत्रण का उसका अधिकार स्वीकार करना, प्रति जहाज 2 करोड़ डॉलर टोल लेना भी शामिल है। हालांकि उसने कहा है



कि इसमें ओमान का भी हिस्सा होगा। उसने ईरान पर भविष्य में हमले न करने तथा सुरक्षा की गारंटी, उसके न्यूक्लियर कार्यक्रम को जारी रखने की अनुमति, युद्ध की पूरी क्षतिपूर्ति, क्षेत्र से अमेरिकी सैनिकों की उपस्थिति की समाप्ति, लेबनान में सारे हमले रोकने आदि उसकी शर्तों ऐसी है जो स्वीकार नहीं हो सकती। उसने नहीं कहा है कि हिजबुल्लाह,हमास या हुती इजरायल पर हमले रोक देंगे। बावजूद रोकने के बाद अमेरिका तुरंत हमला शायद ही करे।

28 फरवरी को आरंभ युद्ध में? ईरान को ऐसी अपूरणीय क्षति हुई है जिसकी उसने दुःस्वप्नों में भी कल्पना नहीं की थी। यह इस युद्ध का कटु सच है जिसको नकारने के बाद आप सही निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकते। युद्ध में 3721 मौतें हुई। इनमें ईरान में सबसे ज्यादा 2076, लेबनान में 1461और अरब देशों में 156 लोग मारे गए। अरब में इराक में 109, कुवैत में 7,बहरीन में 3, सऊदी अरब में 2, संयुक्त अरब अमीरात में 12, सीरिया में 4 और ओमान में 3 मौतें हुई। इसके समानांतर इजराइल में 26 लोग मारे गए तथा 13 अमेरिकी सैनिक भी।

एक फ्रांसीसी सैनिक की मृत्यु हो गई। ईरान में कुल 13 हजार स्थानों पर बम गिरे हैं। कल्पना करिए कि कैसा विध्वंस हुआ है। उसकी न्यूक्लियर क्षमता वाले स्थान ध्वस्त किए गए, मिसाइल बनाने के केंद्र काफी हद तक विनष्ट हुए, उसके लिए जो स्टील और अन्य सामग्रियां चाहिए वहां भी विध्वंस हुआ। जिन स्थानों में अंदर प्रवेश करना कठिन था उनके गेट या अन्य दिखने वाले जगहों पर बम गिराकर जितना ध्वस्त किया जा सकता था उतना करके छोड़ दिया गया। आगे के लिए अमेरिका और इजरायल ने काफी विचार कर विनाश के लिए ऐसे स्थान चिन्हित किए थे जिनमें उसके महत्वपूर्ण बिजली केंद्र , पूल, संचार संस्थान, आवश्यक सेवाओं की आपूर्तियों के महत्वपूर्ण केंद्र आदि थे। 28 फरवरी के हमले के बाद ईरान के इतिहास का सबसे बड़ा आघात अयातुल्लाह अलखामेनेई, उनके परिवार व रिश्तेदारों के महत्वपूर्ण सदस्य तथा सत्ता शीर्ष के एक साथ करीब तीन दर्जन लोगों का मार दिया जाना था।

अचानक एक रिक्ति आ गई। यह ऐसे ही था जैसे ईरान एक साथ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके महत्वपूर्ण मंत्रियों तथा इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू सहित प्रमुख मंत्रियों और सैन्य अधिकारियों को मार डाले। बीच में जो भी सामने दिखता सेना प्रमुख, खुफिया प्रमुख,आईआरजीसी प्रमुख, पुलिस प्रमुख, बासित फोर्स प्रमुख, उनके उप प्रमुख , इनके उत्तराधिकारी सब मारे जा रहे थे। मोजताबा खामेनेई को उत्तराधिकारी घोषित किया गया लेकिन अभी तक वे नहीं दिखे और जैसी सूचना है इतनी बुरी तरह घायल हुए हैं कि उनका उठना कठिन है। पूरा कमान आईआरजीसी जैसी इस्लामी शक्तियों के हाथ था, जिसनेअपने जवानों के एक इमाम के साथ नमाज पढ़ने का वीडियो जारी किया। जिसका संदेश था कि हम इस्लाम के मुजाहिद हैं, उसके लिए लड़ रहे हैं और हम शहीद होंगे तो मजहब के लिए जिसके लिए हम पैदा हुए हैं। सूत्र नागरिक शासन के हाथों होता तो शायद संघर्ष राम पहले हो जाता। मसूद पेजेश्कियन ने सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात आदि पर मिसइल हमले के लिए क्षमा मांगी किंतु उसके कुछ ही घंटे बाद फिर हमले हो गए। इससे साफ था कि इस्लामी क्रांति के बाद खामेनेई द्वारा सामान्य सेना, सुरक्षा, प्रशासन राजनीति के समानांतर शीर्ष भूमिका में मजहबी सेना - आंतरिक सुरक्षा, प्रशासन, राजनीतिक व्यवस्थायें खड़ी कीं कमान उनके हाथों में है। यही भविष्य की शांति में सबसे बड़ी समस्या होगी। मजहब आने के बाद किसी भी मुस्लिम देश के साथ युद्ध को निर्णायक अवस्था में पहुंचाना लगभग असंभव हो जाता है। समस्या का मूल ईरानी इस्लामी शासन द्वारा इजराइल के अस्तित्व को केवल अस्वीकार करना ही नहीं उसे समाप्त करने का राष्ट्रीय लक्ष्य बनाना है। इसके लिए यमन की हुती से लेकर गाजा में हमस, लेबनान में हिजबुल्ला, इराक और अन्य जगह उसने आतंकवादी समूह खड़े किए और उनको सरेआम पूरी मदद देता है।

यह संगठन मिसाइल और ड्रोन से हमले करते हैं। ईरान की इस्लामी व्यवस्था इजरायल को ही नहीं, संपूर्ण यहूदी समुदाय को इस्लाम का दुश्मन मानता है और उनकी सीधी घोषणा है कि आप हमारे हो या तुम्हारा पूरी तरह नाश करेंगे। इसमें इजरायल के सामने क्या विकल्प हो सकता है? ईरान पड़ोसी अरब देशों के विरुद्ध भी हमलावर रहता है। युद्ध के दौरान उसने इजराइल से ज्यादा संयुक्त अरब अमीरात पर ड्रोन हमले किए।

अगर अमेरिका अकेले एकपक्षीय तरीके से ईरान से कोई समझौता करता है तो अरब देशों के सामने समस्या पैदा होगी। वे ईरानी सैन्य शक्ति के भय वाली स्थिति में रहना नहीं चाहते। सऊदी अरब,संयुक्त अरब अमीरात,बहरीन ओमान, कुवैत, कतर सभी चाहते थे कि अमेरिका वहां लंबा युद्ध करे और ईरान को सैन्य और आर्थिक दृष्टि से पंगु बनाकर समझौता करने के लिए मजबूर कर दे।

अध्यात्म

## अपने धन का सही समय पर उपयोग कर लेना चाहिए



पुराने समय में एक व्यक्ति बहुत कंजूस था। एक दिन उसे सोने के सिक्कों से भरी पोटली मिल गई। कंजूस व्यक्ति सिक्के देखकर खुश हो गया। उसके परिवार में पैसों की कमी रहती थी। इस वजह से उसकी पत्नी और बच्चे दुखी थे। जब कंजूस को सोने के सिक्के मिले तो उसने उस पोटली को एक पेड़ के नीचे गड्ढा खोदकर छिपा दिया।

कंजूस ने सिक्कों का उपयोग नहीं किया। वह सिर्फ अपने उन्हें रोज देख-देखकर ही खुश होता था। वह व्यक्ति रोज उस पेड़ के पास जाता और गड्ढे में से सिक्के निकालकर देखता था। ऐसा कई दिनों तक चलता रहा। एक दिन एक चोर ने उस कंजूस व्यक्ति का पीछा किया और उसने सोने के सिक्के देख लिए।

अगले दिन मौका मिलते ही चोर उस पेड़ के पास पहुंचा और गड्ढा खोदकर सोने के सिक्के लेकर भाग गया। जब कंजूस व्यक्ति वहां पहुंचा तो उसे मालूम हुआ कि उसके सिक्के चोरी हो गए हैं। वह रोने लगा और अपनी पत्नी को ये बात बताई।

कंजूस की पत्नी क्रोधित होते हुए कहा कि तुम्हारी कंजूसी की वजह से हमारे हाथ आया गरीबी दूर करने का अच्छा अवसर निकल गया है। तुम पहले बता देते तो उस धन से हमारे परिवार की सभी परेशानियां दूर हो सकती थीं। अब रोने से क्या लाभ? वैसे भी तुम्हारे लिए सोने का क्या काम, वह तो वैसे ही गड्ढे में दबा हुआ था। अब रोज इस गड्ढे को ही देख लेना।

**सीख**

इस प्रसंग का संदेश ये है कि जो लोग अपने धन का सही समय पर उपयोग नहीं करते हैं, वे और उनका परिवार हमेशा दुखी रहता है। इसीलिए धन का उपयोग कर लेना चाहिए। वरना बाद में पछताना पड़ता है।

# सबरीमाला : संविधान और स्त्री-शक्ति का भारतीय विमर्श

**भारतीय समाज में धर्म, परंपरा और संवैधानिक मूल्यों का संबंध अत्यंत गहन और बहुआयामी है। सबरीमाला मामला इसी जटिल संबंध का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है, जहाँ एक ओर धार्मिक आस्था और परंपरा का प्रश्न है, तो दूसरी ओर समानता, गरिमा और अधिकारों की संवैधानिक व्याख्या सामने आ खड़ी हुई। यह विवाद भले ही महिलाओं के मंदिर प्रवेश को लेकर शुरू हुआ है किंतु यह अपने आप में कई व्यापक अर्थ रखता है, जिसमें भारतीय स्त्री-विमर्श, सांस्कृतिक चेतना और न्यायिक दृष्टिकोण के बीच संवाद सभी कुछ समाहित है। इस संबंध में उच्चतम न्यायालय द्वारा जो निर्णय सुनाया गया, उस निर्णय के बीच सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना ने कुछ महत्वपूर्ण प्रश्न उठाए हैं, उनका कहना है कि क्या मासिक धर्म के आधार पर महिलाओं के प्रवेश पर रोक 'अस्पृश्यता' की श्रेणी में आती है? न्यायमूर्ति नागरत्ना कहती है, 'इस मामले में 'अनुच्छेद 17' यानी छुआछूत के खिलाफ अधिकार पर दलील किस तरह पेश की जाए, यह मेरी समझ से बाहर है। एक महिला होने के नाते मैं यह कहना चाहूंगी कि ऐसा नहीं हो सकता कि हर महीने तीन दिन तक तो महिला को 'अछूत' माना जाए और चौथे दिन अचानक कोई 'अछूतपन' न रह जाए।'**

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

न्यायमूर्ति नागरत्ना का यह कथन है कि 'भेदभाव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता' वास्तव में इस पूरे विमर्श का यही केंद्रीय बिंदु है। संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 17 समानता, भेदभाव-निषेध और अस्पृश्यता उन्मूलन की बात करते हैं, जबकि अनुच्छेद 25 धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करता है। इस प्रकार, सबरीमाला प्रकरण इन संवैधानिक मूल्यों के बीच संतुलन का प्रश्न बन जाता है। इसी तरह से अन्य कुछ प्रश्न उठाने का कार्य यहां न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना दिखाई देती हैं, तब केंद्र सरकार की ओर से तुषार मेहता ने यह तर्क दिया कि सबरीमाला की परंपरा को 'अस्पृश्यता' कहना ऐतिहासिक रूप से उचित नहीं है, क्योंकि अस्पृश्यता मूलतः जाति-आधारित सामाजिक कुरीति रही है। उन्होंने इसे भगवान अयप्पा की नैष्ठिक ब्रह्मचर्य पर आधारित धार्मिक परंपरा बताया, जिसका सम्मान किया जाना चाहिए। तब इस पूरे विमर्श का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष जिस रूप में सामने आया, वह है नारी का समग्रता से सम्मान।

अब प्रश्न यह है कि क्या भारतीय शास्त्रों में, ज्ञान परंपरा में, हिन्दू व्यवस्था में, सनातन धर्म में स्त्री का स्थान नीचा, ओछा या कमजोर है? इसका उत्तर सहज है कि बिल्कुल भी नहीं, बल्कि विश्व भर की प्राचीन सभ्यताओं में जो अद्यतन है, उनमें तुलनात्मक रूप से हिन्दू सनातन धर्म में स्त्री को अत्यधिक मान, बराबरी का हक दिया गया है। इस संबंध में देवी आराधना को देखा जा सकता है, जोकि भारत में सर्वत्र एक रूप में सर्वव्यापी है। यदि हम दुर्गा सप्तशती का अध्ययन करें, तो स्पष्ट होता है कि स्त्री ब्रह्मांड की मूल शक्ति के रूप में स्वीकार किया गया है। संपूर्ण दुर्गासप्तशती ही स्त्री महात्म, नारी सममम्मान, श्रद्धा और उसके प्रति समर्पण से पूर्ण है। 'या देवी सर्वभूतेषु शक्ति-रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥' (दुर्गा सप्तशती, अध्याय 5), इस प्रकार के मंत्रों की पूरी श्रंखला है। विद्याः समस्तास्तव देवि भेदाः,स्त्रियः समस्ताः सकला जगत्सु।त्वयैकया पूरितमम्बयैतत्, का ते स्तुतिः स्तव्यपरा परोक्तिः॥ के माध्यम से कहा गया है कि 'हे देवी! संसार की समस्त विद्याएं तुम्हारे ही भिन्न-भिन्न स्वरूप हैं। इसी प्रकार, विश्व की समस्त स्त्रियां (सकला जगत्सु - संसार में) तुम्हारा ही रूप हैं। हे अंब (माता)! इस पूरे जगत को तुमने ही आच्छादित (पूरित) किया है। तुम्हारी स्तुति भला कौन कर सकता है? तुम तो स्तुति के योग्य शब्दों से भी परे हो।' कुल मिलाकर समस्त जगत में जो कुछ भी है, वह स्त्री-शक्ति से ही व्याप्त है। यही भारतीय दर्शन का मूल तत्व है जो हमें बताता है कि स्त्री ही सृष्टि की आधारभूत ऊर्जा है।

इसी भाव को देवी भागवत पुराण अभिव्यक्त करता है, 'त्वमेव सृष्टिः त्वमेव पालनं, त्वमेव संहारकारिणी।' अर्थात सृष्टि की उत्पत्ति, पालन और संहार–तीनों स्त्री-शक्ति के अधीन हैं। (स्कंध 1, अध्याय 8)। वैदिक साहित्य में भी स्त्री के इसी उच्च स्थान का उल्लेख मिलता है। ऋग्वेद



(मंडल 10, सूक्त 125) में वाक् सूक्त के माध्यम से स्त्री स्वयं को ब्रह्मांड की अधिष्ठात्री शक्ति के रूप में प्रस्तुत करती है-

'अहं राष्ट्री संगमनी वसूनाम्...' ऋग्वेद (10.125.3) के 'वाक् सूक्त' का एक अत्यंत महत्वपूर्ण मंत्र है, जो ज्ञानशक्ति (देवी वाक्) की सर्वोच्चता बताता है। इसका अर्थ हुआ, 'मैं (वाक्/शक्ति) राष्ट्र की स्वामिनी हूँ, समस्त धनों (वसूनाम्) को इकट्ठा करने वाली (संगमनी) हूँ और श्रेष्ठ ज्ञान रखने वाली (चिकितुषी) हूँ। इस प्रकार से यह सर्वोच्च चेतना या वाणी के रूप में स्वयं को राष्ट्र के ऐश्वर्य और ज्ञान का मूल बताती है।मनुस्मृति में तो यहां तक कहा गया है कि 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता।' (अध्याय 3, श्लोक 56)। जहां स्त्री की पूजा होती है, वहीं देवता निवास करते हैं। वस्तुतः कहना होगा कि यह श्लोक भारतीय समाज की मूल संरचना को दर्शाता है। आधुनिक विद्वान पैट्रिक ओलिवेल (स्ड्ठ्ठह्व ष्टश्स्रद्ग शद्ब स्ु2, पृ. 78) भी इसे स्त्री के सम्मान का प्रमाण मानते हैं।

हां, यह जरूर है कि अक्सर रामचरितमानस की एक चौपाई को लेकर भ्रम फैलाया जाता है। परंतु गोस्वामी तुलसीदास की भाषा और संदर्भ को समझे बिना उसका अर्थ निकालना उचित नहीं है। उक्त चौपाई में 'ताड़ना' का अर्थ अवधी में 'देखभाल' या 'संरक्षण' होता है। आचार्य रामचंद्र शुक्ल (हिंदी साहित्य का इतिहास, पृ. 214) इस तथ्य को स्पष्ट करते हैं। अब प्रश्न यह है कि यदि भारतीय परंपरा स्त्री को इतना उच्च स्थान देती है, तो सबरीमाला जैसी परंपराएँ क्यों? इसका उत्तर सामाजिक और जैविक यथार्थ में निहित है। मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, जिसमें महिलाओं को शारीरिक कष्ट, थकान और असुविधा होती है।

इस संदर्भ में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का 2022 का संदर्भ देख सकते हैं, जिसके अनुसार लगभग 70 फीसद महिलाएँ इस दौरान किसी न किसी प्रकार की पीड़ा अनुभव करती हैं। प्राचीन काल में स्वच्छता के साधनों के अभाव के कारण महिलाओं को विश्राम देने के उद्देश्य से कुछ परंपराएँ विकसित हुईं। यहाँ यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि 'विश्राम हेतु अलग रखना' और 'अस्पृश्य मानना' दो अलग अवधारणाएँ हैं। भारतीय समाज में मूल भावना संरक्षण और स्वास्थ्य की थी, न कि भेदभाव की।

यहां यह भी समझना होगा कि देवता के दर्शन या उसके पास जाने के लिए तन और मन दोनों की पवित्रता की अनिवार्यता भारतीय परंपरा में अनवार्य बताई गई है, एक बार को हम स्त्री के संबंध में इस विमर्श को छोड़ भी दें तो क्या पुरुषों को यह अनुमति मिल सकती है कि वह मंदिर में जाए, यदि उसके जननांग से रुक-रुक कर मूत्र बूंद-बूद में शरीर के बारह आ रहा है, तो क्या वह स्वयं ही या उसके परिवार जन या मंदिर में यह जानकर की उसका उसके मूल विसर्जन पर अंकुश नहीं, क्या उसे मंदिर में प्रवेश मिलेगा? वैज्ञानिक भाषा में तो वह पानी ही तो है!

इसी तरह से मल त्याग या शरीर से लगातार थूक के निकलने एवं नाक का बहना है, होने को तो यह एक क्रिया ही है, क्या तब मंदिर में प्रवेश मिलेगा? अरे, सभी हिन्दू घरों में यह सामान्य परंपरा है जिसके लिए कोई किसी से कुछ नहीं कह रहा, स्नान के बाद पूजा करने से पूर्व घर के सदस्य चाहे जहां, इधर-उधर नहीं बैठते हैं। कोई बिना नहाए उनसे गले लगना भी चाहे तो उसे पूजा सम्पन्न होने तक इंतजार करना होता है। फिर यह सबरीमाला प्रकरण तो करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़ा हुआ है। अतः यहां समझना यही है कि भारतीय दर्शन हमें यह सिखाता है कि स्त्री स्वयं 'शक्ति' है। वह 'जननी' है, 'पालनकर्ता' है और 'सृष्टि की आधारशिला' है। 'स्त्री समस्ता सकला जगत्सु' यही भारतीय जीवन-दृष्टि का सार है। इसलिए आवश्यक है कि सबरीमाला जैसे विषयों पर निर्णय लेते समय संविधान की मर्यादा, शास्त्रों की गहराई और समाज की वास्तविकता इन तीनों को ही साथ लेकर चलना आवश्यक है। यही संतुलन भारतीयता की पहचान है और यही इस विमर्श का वास्तविक समाधान भी है। हम उम्मीद करेंगे कि न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना भी इसे इसी संदर्भ में अवश्य समझेंगी।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
दाम्पत्य सम्बन्धों में संवादहीनता जैसी परिस्थितियाँ उत्पन्न हो सकती हैं। नजदीकी लोगों की सलाह को अनसुना करना नुकसानदेह हो सकता है।

**वृषभ**
व्यवसाय में धन लाभ हो सकता है। शुभ समाचार मिल सकते हैं। वैवाहिक जीवन रोमान्टिक रहेगा। पिछले काफी समय से चली आ रही उलझनों से राहत मिलेगी।

**मिथुन**
आपको कुछ रिश्तेदारों से अपमानजनक बातें सुनने को मिल सकती हैं। आपकी कार्यक्षमता प्रभावित हो सकती है। अचानक नये कार्यों की शुरुआत न करें।

**कर्क**
अधिकारी वर्ग के साथ तनाव हो सकता है। बच्चों के प्रति व्यवहार अच्छा रखें। दार्शनिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। जल्दबाजी में लिये गये निर्णयों से नुकसान होगा।

**सिंह**
आज आपको सिरदर्द और वायरल बुखार की समस्या हो सकती है। महिलाओं को किचन में उपकरणों का प्रयोग सावधानीपूर्वक करना चाहिये।

**कन्या**
आपको परिश्रम का सार्थक परिणाम मिलेगा। अधिकारियों से आपको सहायता लेनी चाहिये। आपकी बातों से लोग प्रभावित होंगे।

**तुला**
पड़ोसियों से सम्बन्ध अच्छे रखें। नयी साझेदारियों के लिये आज का दिन शुभ है। कार्यक्षेत्र में दूसरों पर निर्भरता बढ़ सकती है। झूठ बोलने से बचने का प्रयास करें।

**वृश्चिक**
दाम्पत्य सम्बन्धों की कड़वाहट दूर हो सकती है। ससुराल पक्ष से अपने सम्बन्ध अच्छे रखें। परिवार में उत्सव का वातावरण रहेगा। समाज में मान-सम्मान मिलेगा।

**धनु**
आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ सकता है। गृहस्थ जीवन में शान्ति रहेगी। बच्चों के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। अपनी उपलब्धियों का दिखावा करने से बचें। वाहन चलाते समय चोट लग सकती है।

**मकर**
जीवनसाथी के प्रति समर्पण का भाव बढ़ेगा। मित्रों एवं सहयोगियों की सहायता करने से आत्मिक सन्तुष्टि होगी। नौकरी कर रहे लोगों के ऊपर से काम का दबाव कम होगा।

**कुंभ**
अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखें। अपनी जिम्मेदारियों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। अत्यधिक ऊर्जावान अनुभव करेंगे। पेटदर्द की शिकायत हो सकती है।

**मीन**
घर के छूटे कार्यों को लेकर तनाव हो सकता है। आर्थिक नुकसान होने की सम्भावना बन रही है। कानूनी मामले उलझ सकते हैं। माता के स्वास्थ्य की चिन्ता हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, एक गंभीर रूप से जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के नीमचक गांव के मोकामा बख्तियारपुर फोरलेन पर पटना से मधेपुरा मोटरसाइकिल से जा रहे हैं दो युवक हादसे का शिकार हो गया। युवक का मोटरसाइकिल सड़क किनारे डिवाइडर से टकरा गया जिससे मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मोटरसाइकिल चला रहे राहुल कुमार की मौत घटनास्थल पर ही हो गई । वही हंसराज नामक युवक को स्थानीय लोगों ने बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती करवाया जहां इलाज जारी है घटना की सूचना पाते ही बाढ़ थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने में लगी हुई है। जबकि स्थानीय लोगों के द्वारा हंगामा करते हुए कुछ देर के लिए सड़क को जाम कर दिया। घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है वहीं घायल को बेहतर इलाज के लिए पटना भेजने की तैयारी में लोग लगे हुए हैं।

### अवैध वसूली मामले में एक गिरफ्तार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उमानाथ उत्तरायण गंगा घाट पर प्रतिवर्ष लगने वाले उमाननाथ माघी पूर्णिमा मेला के दौरान नगर परिषद के नाम पर अवैध तरीके से कई गुना ज्यादा वसूली करने के मामले में पुलिस ने संज्ञान लेते हुए करीब आधा दर्जन से ज्यादा लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया था। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बासो बागी गांव निवासी राजेश कुमार उर्फ मटरू यादव को गिरफ्तार कर लिया उसे मेडिकल चेकअप के लिए बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल लाया गया जहां से उसे न्याय हिरासत के तहत बाढ़ जेल भेज दिया गया।

### कर्णवीर सिंह यादव केस मामले में विधायक अनीता देवी ने सरकार से की जांच की मांग

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विधानसभा के विधानसभा चुनाव 2025 में राजद के विधायक प्रत्याशी कर्णवीर सिंह यादव उर्फ लल्लू मुखिया के केस में वारिसलीगंज विधायिका अनीता देवी ने विधानसभा में सरकार से उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने विधानसभा में कहा कि कर्णवीर सिंह यादव उर्फ लल्लू मुखिया को राजनीतिक साजिश के तहत फंसाया गया है। आपको बता दें कि कर्णवीर सिंह यादव उर्फ लल्लू मुखिया को कई गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा चल रहा है। इस मामले में पुलिस के द्वारा दबिश बनाते हुए गिरफ्तारी हेतु कुर्की जब्ती भी की गई थी। इसके बाद लल्लू मुखिया ने आत्मसमर्पण कर दिया था। फिलहाल इस मामले में वे भागलपुर जेल में बंद हैं।

### नदी के किनारे बुजुर्ग व्यक्ति की हुई मौत

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रविवार की संध्या उमानाथ मंदिर परिषद के पास बीमार अवस्था में एक बुजुर्ग पड़ा हुआ था। जिसकी जानकारी स्थानीय लोगों ने 112 पुलिस को दी पुलिस ने बुजुर्ग को उठाकर बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती करवाया जहां चिकित्सकों ने जांच के दौरान बुजुर्ग को मृत्यु घोषित कर दिया। मृतक के गांव की पहचान हो गई है मृतक पंडारक थाना के छपेड़ा तर गांवनिवासी बताया जाता है पुलिस में परिजनों को सूचना दे दी है।

### अवैध हथियार के साथ अपराधकर्मी गिरफ्तार

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर पुलिस अधीक्षक, पटना पश्चिमी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर खिरिमोड़ थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके घर से एक देशी कट्टा बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, खिरिमोड़ थाना क्षेत्र के अचल टोला गांव निवासी अर्जुन यादव के पुत्र लवकुश कुमार द्वारा अपने घर में अवैध हथियार छिपाकर रखने की सूचना नगर पुलिस अधीक्षक को मिली थी। सूचना के सत्यापन के बाद उनके निर्देश पर खिरिमोड़ थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल ने अचल टोला गांव स्थित लवकुश कुमार के घर पर दबिश दी। तलाशी के दौरान घर से एक अवैध देशी कट्टा बरामद हुआ। बरामदगी के बाद पुलिस ने लवकुश कुमार को मौके से गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में पालीगंज एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि अवैध हथियार रखने के आरोप में आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

### फरार तीन अभियुक्तों को पुनपुन पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समकालीन अभियान के तहत चलाया जा रहे छापेमारी के दौरान पुनपुन पुलिस ने विभिन्न कांडों में चल रहे फरार तीन अभियुक्तों को विभिन्न गांव से गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि चलाये जा रहे विशेष समकालीन अभियान के तहत तिलका पर गांव से पुनपुन थाना कांड संख्या 24/13 के तहत नागेंद्र मांझी पिता विनय मांझी को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है, वहीं समनपुरा मुसहरी से पुनपुन थाना कांड संख्या 116/26 के तहत अनिल मांझी पिता बलदेव मांझी को गिरफ्तार किया गया है, वही एक शराब कारोबारी जो अपने ससुराल में रखकर शराब बेचने का काम करता था जिसे 34 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है गिरफ्तार आरोपी का नाम निरंजन मांझी पिता स्वर्गीय जामुन मांझी मनोरा गांव का है। इन तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है, यह विशेष समकालीन अभियान फरार चल रहे अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहा है।

### गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए जा रहे हैं एक विशेष समकालीन अभियान के तहत धनरूआ थाना क्षेत्र के मोगलानी के गांव में छापेमारी के दौरान 2 किलो 200 गांजा जप्त किया गया है। धनरूआ थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया की इन दोनों चलाए जा रहे विशेष समकालीन अभियान के अंतर्गत छापामारी के क्रम में धनरूआ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोगलानीचक में गुप्त



सूचना के आधार पर महेंद्र प्रसाद पिता स्व सिरचन यादव के घर से करीब 2.200 ' गांजा बरामद किया गया है, तथा महेंद्र प्रसाद को गिरफ्तार कर थाना लाया गया है । इस संबंध में बताया गया कि यह अपने घर के आंगन में गांजा का पौधा लगाकर गांजा बिक्री का कार्य करता था, पुलिस छापेमारी के दौरान बोरिया में बंद गांजे को बरामद किया गया है। इस संबंध मे पुलिस अग्रतर विधि सम्मत कार्रवाई मे जुटी है।

### यूजीसी में आरक्षण लागू करने को लेकर अखिल भारतीय पिछड़ा संघ 29 अप्रैल को राजपाल को सौंपा ज्ञापन

मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। अनुमंडल मुख्यालय के पटेल सेवा सदन मसौढ़ी में अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ के बैनर तले एक बैठक की गई।जिसकी अध्यक्षता लाल मोहन सिंह एवं मंच संचालन पलटन सिंह



पटेल के द्वारा किया गया।इस बैठक में निर्णय लिया गया कि 29 अप्रैल को 11 बजे पटना के गांधी मैदान के गेट न0 1 से पैदल चलकर राज्यपाल को ज्ञापन देना है।जिसमें मुख्य मांग,यू जी सी,65%आरक्षण लागू करना,जनगणना में जाती का कॉलम एवं 33 % महिला आरक्षण में २,२३ तथा ओबीसी को हिस्सा देना है।29 अप्रैल को अधिक से अधिक संख्या में पटना पहुंचने के लिए आग्रह किया गया।इस बैठक में संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्र कुमार चांदपुरी,प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय कुमार दिवाकर ,वैशाली जिला के जिलाध्यक्ष शंभूनाथ चंद्रवंशी,राष्ट्रीय महासचिव सिपाही यादव,सुभाषचंद्र गांधी,प्रमोद कुमार,मृत्युंजय परियार,शिल्पी देवी,चंद्रकला देवी,रणजीत पटेल,महेश शर्मा,बैजनाथ पासवान,आकाश पटेल,ऋषि रौशन कुमार,सुरेश सिंह पटेल,नवल पासवान,उमेश सिंह,सोनारिक सिंह एवं अन्य लोग शामिल थे।

# अथमलगोला में जेई मेंस के छात्र की ट्रेन से कटकर हुई मौत

## जेई मेंस परीक्षा में सफलता नहीं मिलने से मानसिक रूप से परेशान था



**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के रामनगर दियारा गांव निवासी एक युवक की अज्ञात ट्रेन से कटकर मौत हो गई है। रेल पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह करीब 07:25 बजे बख्तियारपुर स्टेशन द्वारा जारी मेमो प्राप्त हुआ कि झाझा कंट्रोल द्वारा सूचना दिया गया कि बख्तियारपुर लिंक और बख्तियारपुर स्टेशन के बीच अप लाईन के किलोमीटर संख्या 495/11एवं 495/13 के मध्य ऑफ द ट्रैक पर एक अज्ञात पुरुष का उम्र लगभग 26 वर्ष का शव पड़ा हुआ है। प्राप्त सूचना के अनुपालन में त्वरित कार्रवाई करते हुए रेलवे सुरक्षा बल/पोस्ट/ बख्तियारपुर स उ नि सुबोध कुमार साथ बल सदस्य घटनास्थल पर पहुंचे।इसके बाद जीआरपी बख्तियारपुर के अधिकारी पुलिस अवर निरीक्षक विजय यादव साथ बल सदस्य के साथ मृतक के परिजन के साथ अटेंड कर शव को अपने कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई हेतु समय करीब 09:30 बजे राजकीय रेल पुलिस थाना बख्तियारपुर लाया गया। प्रारंभिक जांच में ज्ञात हुआ कि अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से दुर्घटना हुई हैकमृतक के पास से कोई भी यात्रा प्राधिकार पत्र प्राप्त नहीं हुआ हैकमृतक के पिता नवीन कुमार सिंह के द्वारा बताया गया कि मृतक मेरा पुत्र नाम रौनक राणा उम्र 18 वर्ष पिता नवीन कुमार सिंह ग्राम- रानी सराय थाना- बख्तियारपुर जिला पटना हैक पिता के कथनानुसार जेई मेंस परीक्षा के रिजल्ट नहीं होने के कारण मानसिक तनाव में था। जीआरपी बख्तियारपुर के द्वारा अग्रिम कार्रवाई हेतू प्रक्रिया की जा रही हैकघटित घटना की सूचना के पहले अप लाईन से गाड़ी संख्या 63221 अप 06:16 बजे गुजारी थी एवं डाउन लाईन से गाड़ी संख्या 13332 डा 09:32 बजे गुजारी थी क2016 से 2021 तक मृतक के पिता रामनगर दियारा पंचायत के सरपंच थे। मृतक दो भाई और दो बहन में सबसे छोटा और मिलनसार स्वभाव का था।

## पतंजलि ग्रामीण आरोग्य केंद्र ने किया निःशुल्क योग एवं ध्यान शिविर का आयोजन



**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पतंजलि ग्रामीण आरोग्य केंद्र आदमपुर द्वारा संचार नगर सोसाइटी परिसर में पतंजलि के योग प्रचारक कृष्ण मुरारी के सानिध्य में योग कराया गया.निःशुल्क योग एवं ध्यान शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में बड़ी संख्या में सोसाइटी लोगों ने भाग लिया.योग गुरु कृष्णा मुरारी ने प्रतिभागियों को अनुलोम-विलोम और भ्रामरी प्राणायाम ताड़ासन अर्ध चक्रासन त्रिकोणासन,गोमुखासन ,वक्रासन तितली आसान चक्की आसान ,मर्कटासन,सेतु बंधासन समेत विभिन्न योगासन कराए. उन्होंने योगाभ्यास के शारीरिक और मानसिक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी. उन्होंने बताया कि नियमित योग से शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, मानसिक तनाव कम होता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है. पतंजलि आरोग्य केंद्र के संचालक संजय पांडेय ने बताया कि योग शिविर के माध्यम से लोगो को योगभ्यास करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है शहर के विभिन्न स्कूल और कॉलेज और कालोनियों में आयोजित किया गया जो निरंतर चलेगा. इस मौके पर सोसाइटी के सहायक सचिव अजय कुमार, घनशयाम प्रसाद,प्रभात कुमार,सुरेश रावत,सुनील कुमार के साथ महिलाएं समेत गणमान्य लोग उपस्थित थे.

## राम जानकी मंदिर में चोरी, अष्टधातु की मूर्तियां व चांदी के मुकुट ले उड़े चोर



**पालीगंज (पटना)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज थाना क्षेत्र के अंकुरी गांव स्थित प्राचीन राम जानकी मंदिर (ठाकुरवारी) में शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर मंदिर के मुख्य गेट का ताला काटकर गर्भगृह तक पहुंच गए और माता सीता व लक्ष्मण की अष्टधातु की मूर्तियां उनके चांदी के मुकुट सहित चुरा ले गए। वहीं भगवान राम के चांदी के मुकुट को भी चोर अपने साथ ले उड़े। रविवार की सुबह जब मंदिर के पुजारी पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे तो मुख्य द्वार का टूटा ताला देखकर हतप्रभ रह गए। अंदर गर्भगृह में पहुंचने पर मूर्तियां और मुकुट गायब देख उन्होंने तत्काल ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। घटना की खबर मिलते ही गांव के लोग मंदिर परिसर में जुट गए और आक्रोश व्याप्त हो गया। ग्रामीणों द्वारा तत्काल इसकी सूचना पालीगंज थाने को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। घटनास्थल की बारीकी से पड़ताल की गई। साथ ही पटना से डॉग स्क्वायड की टीम को भी बुलाया गया, जिसने आसपास के क्षेत्र में साक्ष्य जुटाने का प्रयास किया। इस संबंध में पालीगंज थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा। मंदिर में हुई इस चोरी की घटना से ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है और पुलिस से शीघ्र कार्रवाई की मांग की जा रही है।

## फरार तीन आरोपियों के घर पर साटा गया इश्तेहार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ पुलिस ने सकरपुरा गांव में एक हत्या के मामले में फरार तीन आरोपियों के घर पर विधवत तौर पर इन्त साट कर सरेंडर करने की चेतावनी दी है। दरअसल धनरूआ थाना कांड संख्या 733/25 के तहत फरार आरोपियों में टप्पू यादव पिता रामछपित यादव, घानो देवी पति टप्पू यादव एवं बिट्टू कुमार पिता शिवजी प्रसाद के घर पर इश्तेहार साटा गया है। इस केस के अनुसंधानकर्ता हरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि यह घटना बिते 13. 11.25 को सकरपुरा गांव में घटी थी, जहाँ वादी निकेश कुमार पिता स्व.सुचित नारायण सिंह के द्वारा 30.12.2025 को प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी, जिसमें कुल 27 लोगों पर नामजद आरोप लगाया गया था, वादी निकेश कुमार के दिए गए बयान के अनुसार मसौढी बाजार से मोटरसाइकिल से अपने पिता को लेकर घर जा रहे थे उसी दरमियान लाठी डंडी एवं लोहे के रॉड के साथ मारपीट की घटना हुई थी, इस घटना के उपरांत इलाज के दौरान सूचित नारायण सिंह की मौत हो गई थी,जिसमें कल 27 लोगों को इस घटना में नामजद आरोपी बनाया गया था।

## मीना हत्याकांड का आरोपित यूपी से गिरफ्तार

### महज 48 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने में पुलिस हुई सफल



**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के मेउरा फुलेलपुर गांव में हाल ही में हुए मीना हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसडीपीओ 2 आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि दिनांक 7.4.26 को अथमलगोला थाना क्षेत्र के ग्राम मेउरा में एक महिला की हत्या की सूचना प्राप्त हुई थी।इसके संदर्भ में रघुवंश प्रसाद पिता स्व० रामबालक राय सा०-मेउरा थाना अथमलगोला जिला पटना के लिखित आवेदन के आधार पर मामला दर्ज किया गया। जिसके अनुसार उनकी पत्नी मीना देवी की हत्या गोली मार कर कर देने के आरोप में अथमलगोला थाना कांड संख्या-101/26 दिनांक-7.4.26 धारा-103(1)/3(5) बी०एन०एस के अंतर्गत कुल चार व्यक्तियों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।कांड की गंभीरता को देखते हुए तत्काल वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार अधोहस्ताक्षरी के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया। गठित एसआईटी के द्वारा कांड अनुसंधान के क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर कांड के मुख्य फरार प्राथमिकी अभियुक्त 1.श्लोक प्रसाद उर्फ पप्पू तथा उसके पुत्र 2.सूर्य भूषण कुमार दोनों सा०-मेउरा थाना अथमलगोला जिला पटना को दिनांक 9.4.26 को सेक्टर-63 जिला-गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध हत्या के प्रयास जैसे कई विभिन्न कांड अथमलगोला थाना में पूर्व से दर्ज हैं। छापामारी दल में पुअनि सह थानाध्यक्ष राहुल कुमार नवनीत, पुअनि बच्चन पासवान, पुअनि सत्येंद्र प्रसाद सिंह, सअनि अंजनी कुमार, पुअनि सुमन कुमार, पुअनि अर्चना कुमारी शर्मा ,पुअनि मृत्युंजय कुमार, परि पुअनि श्याम कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल रहे। ज्ञात हो कि मकान नहीं बनने देने के विवाद में भैंसुर ने अपने पुत्र के साथ मिलकर दिव्यांग भाभो की गोली मार कर हत्या कर सनसनी फैला दी थी। इस कांड का पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महज 48 घंटे में खुलासा कर पिता पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## ज्ञानस्थली विद्यालय में हुआ अभिभावक मिलन कार्यक्रम



**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के सिंगरियावां स्थित ज्ञानस्थली इंटरनेशनल, विद्यालय में माता-पिता अभिमुखीकरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों को विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, नियमों, शिक्षण पद्धति एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास से अवगत कराना था।कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। विद्यालय के निदेशक शिक्षाविद रवि रंजन ने सभी अभिभावकों का स्वागत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों, आगामी योजनाओं तथा छात्रों के सर्वांगीण विकास में अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर पाठ्यक्रम, मूल्यांकन प्रणाली, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों एवं अनुशासन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। साथ ही अभिभावकों को बच्चों के मानसिक, सामाजिक एवं नैतिक विकास के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए गए। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों ने अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किए, जिनका विद्यालय प्रशासन ने सकारात्मक रूप से स्वागत किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। विद्यालय प्रशासन को आशा है कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से अभिभावकों एवं विद्यालय के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा, जिससे बच्चों का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित किया जा सकेगा।

## आग लगने से ढाई बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कमला गोपालपुर गांव के पास तेज पछुआ हवा के कारण अचानक आग लगने के कारण ढाई बीघा में लगे गेहूं की फसले जलकर राख हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि कमला गोपालपुर गांव के रहने वाले मुनेंद्र राय के खेत में अचानक आग लग गई।

## दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति ने पशुपालकों को किया सम्मानित

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खासपुर स्थित बारा चकिया दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति ने पशुपालकों को सम्मानित किया।मुख्य अतिथि समाजसेवी सह मुखिया पति बोधनाथ यादव ने अपनी अध्यक्षता में सम्मानित करते हुए कहा स्थानीय पशुपालकों को बोनस प्रोत्साहन राशि और उपहार मिलना सचमुच गर्व की बात है।

## भाकपा माले ने शहर में निकाला विरोध मार्च, बढते अपराध के खिलाफ हल्ला बोल




**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी के जेपी रोड लखीबाग स्थित दवा कारोबारी के घर पर लूटपाट के मामले में मसौढी में रविवार को सभी दवा कारोबारीयो ने 2 घंटे के लिए दवा मंडी को बंद कर विरोध जताया और स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि जल्द ही उन सभी अपराधियों को गिरफ्तार कर दवा कारोबारियों को सुरक्षा प्रदान करें। वहीं दूसरी और भाकपा माले की ओर से बढ़ते अपराध और दवा कारोबारी के घर पर लूटपाट मामले को लेकर पूरे शहर में विरोध मार्च निकालते हुए स्थानीय पुलिस प्रशासन को चेतावनी दी है कि बढ़ते अपराध पर लगाम लगाये और लूटपाट कर रहे हैं उन अपराधियों को जल्द गिरफ्तार करें,विरोध मार्च का नेतृत्व फुलवारीशरीफ के पूर्व विधायक गोपाल रविदास ने किया, अध्यक्षता संजय पासवान ने किया, विरोध मार्च माले कार्यालय से स्टेशन की ओर, मेंन रोड, थाना रोड होते हुए शहर की विभिन्न हिस्सों में यह विरोध मार्च निकालते हुए बढ़ते अपराध के खिलाफ हल्ला बोल किया। पूर्व विधायक गोपाल रविदास ने बताया मसौढ़ी में अपराध चरम पर है,जहाँ लगातार अपराधीक घटनाएं बढ़ रही हैं, दिनदहाड़े कहीं गोली चल रही है तो कहीं लूट की घटना को अंजाम दिया जा रहा है वहीं अपराधी पुलिस से भय नहीं खा रहे हैं, उनका मनोबल लगातार बढ़ते जा रहा है जिसे आमजन के में दहशत ब्याप्त है। मौके पर विरोध मार्च में कई दवा व्यवसायी भी शामिल रहे।विधायक गोपाल रविदास, प्रखंड सचिव राकेश कुमार नागेश्वर पासवान,, संजय पासवान, प्रोफेसर सीपी मंडल, सोनेलाल, जयप्रकाश, निरंजन वर्मा, कुंती देवी सावित्री देवी समेत सैकड़ों लोग शामिल रहे।

## डॉ. उषा सिन्हा की पुस्तक 'क से कहानी' का विमोचन समारोह आयोजित

### लेख्य मंजूषा, पटना के तत्वावधान में आयोजित हुआ कार्यक्रम



**दनियावां(पटना)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां-हिलसा मार्ग पर एक साहित्यिक कार्यक्रम में साहित्यकार डॉ० उषा सिन्हा की कथा पुस्तक 'क से कहानी' का विमोचन समारोह रविवार को आस्था सदन,हिलसा में आयोजित हुआ।लेख्य मंजूषा,पटना जो साहित्य और समाज के प्रति जागरूक करती संस्था है इसी के तत्वावधान में यह कार्यक्रम हिलसा में आयोजित हुआ।पुस्तक का लोकार्पण में राश दादा रास,डॉ सुनील कुमार उपाध्याय, इंदु भूषण सहाय, शम्भू पी सिंह,गार्गी रॉय, डॉ सुधा सिन्हा, ऋचा वर्मा, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव व कई साहित्यकार उपस्थित रहे।अपने संबोधन में डॉ. उषा सिन्हा ने कहा कि हिंदी में कथा साहित्य में उनकी प्रारंभ से ही रुचि थी।दशमी के क्लास में 1969 के दशक में जब थी,उसी समय से तत्कालीन साहित्यिक पत्रिका 'कादम्बिनी' के पढ़ने से साहित्य और लेखन के प्रति अभिरुचि बढ़ी।कई जगह बिखरे पन्नों, डायरी में लिखे कथा के सूत्रों को जोड़ना और उसे पुस्तकाकार रूप में प्रकाशित होना एक सुखद अनुभूति का एहसास है।इसके लिए उन्होंने स्पर्श प्रकाशन के संपादक उत्कर्ष आनंद की तारीफ की। इस कार्यक्रम में मधुरेश नारायण की लिखी कहानी 'छतरी' पर परिचर्चा और समीक्षा सत्र का भी आयोजन किया गया।जिसमें महिला कथाकार आशा रघुदेव, डॉ.पूनम देवा,ऋचा वर्मा ने विश्लेषण किया। मध्यान्ह भोजन के बाद कविता पाठ का आयोजन भी किया गया जिसमें हरेंद्र सिन्हा, नूतन सिंहा, ओंकार शर्मा कश्यप व अन्य साहित्यकार भी शामिल हुए। मौके पर पटना कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. लालकेश्वर प्रसाद, प्रो. अलका सिंहा, समाजसेवी प्रो. कमल किशोर प्रसाद,हिलसा के पूर्व प्रमुख अनिल कुमार सिंह, डॉ. राजीव नयन,वरीय पत्रकार उपेंद्र कुमार, भवानी मुखिया व सैकडों अन्य उपस्थित रहे।

## पुलिस की छापेमारी में मैगजीन, कारतूस व गांजा बरामद, युवक गिरफ्तार

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खीरीमोड़ थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर अवैध हथियार से जुड़े सामान एवं गांजा बरामद करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) पटना भानु प्रताप सिंह के निर्देश पर की गई। पालीगंज एसडीपीओ-1 राजीव चंद्र सिंह एवं खीरीमोड़ थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार के नेतृत्व में की गई छापेमारी के दौरान कुंदन शर्मा के घर से 01 मैगजीन, 02 जिंदा कारतूस, 05 खोखा, 01 किलो 526 ग्राम गांजा, 01 इलेक्ट्रॉनिक तराजू तथा 02 चिलम बरामद किए गए।

## 74वां बैसाखी सांस्कृतिक समारोह 14 अप्रैल को बापू सभागार में




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पंजाबी बरादरी, पटना द्वारा 74वां बैसाखी सांस्कृतिक समारोह बड़े हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ 14 अप्रैल 2026, शाम 6:00 बजे, बापू सभागार ऑडिटोरियम, पटना में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का आयोजन पंजाबी बरादरी, पटना द्वारा किया जा रहा है तथा इसे पर्यटन विभाग, बिहार सरकार एवं कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार का सहयोग प्राप्त है। इस अवसर पर श्री अश्विनी कुमार चैबे, पूर्व माननीय राज्य मंत्री, भारत सरकार, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगेः

श्याम रजक, विधायक एवं पूर्व मंत्री, हरजोत कौर भामराह, अध्यक्ष एवं सदस्य, राजस्व बोर्ड, मेजर जनरल ए. एस. बजाज, अतिरिक्त महानिदेशक, एनसीसी निदेशालय बिहार एवं झारखंड। समारोह में बॉलीवुड के प्रसिद्ध गायक-गायिका हरलीन सिंह ग्रुप द्वारा शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही पारंपरिक पंजाबी भांगड़ा एवं गिद्धा नृत्य कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण होंगे। इस भव्य समारोह में लगभग 5000 गणमान्य अतिथियों के शामिल होने की संभावना है।

#### बैसाखी का महत्व

बैसाखी पंजाब का प्रमुख फसल उत्सव है, जो समृद्धि, खुशहाली और नए आरंभ का प्रतीक है। यह दिन ऐतिहासिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है क्योंकि 1699 में गुरु गोबिंद सिंह जी द्वारा खालसा पंथ की स्थापना इसी दिन की गई थी। बैसाखी सामाजिक सद्भाव, एकता, सेवा भावना और सांस्कृतिक विरासत को सुदृढ़ करने का पर्व है।

#### पंजाबी बरादरी, पटना के बारे में

पंजाबी बरादरी, पटना बिहार की प्रतिष्ठित सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं में से एक है। यह संस्था वर्षों से पंजाबी संस्कृति के संरक्षण, सामाजिक सेवा, सामुदायिक सद्भाव एवं सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभा रही है। इस अवसर पर पंजाबी ब्रादरी के अध्यक्ष दिलजीत खन्ना, संयोजक एवं पूर्व अध्यक्ष डी. बी. गुप्ता, महासचिव बी. पी. धवन, कोषाध्यक्ष सरदार इंदरपाल सिंह लवली, तथा महिला विंग की अध्यक्षा श्रीमती उमा सिंह उपस्थित रहेंगे एवं प्रेस को संबोधित करेंगे। पंजाबी बरादरी, पटना मीडिया प्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों से इस भव्य समारोह में शामिल होने का आग्रह करती है।

## संक्षिप्त समाचार

### 'शांति, सत्य और विज्ञान का संगम सुरक्षित और आत्मनिर्भर भारत की ओर' विषय पर आधारित चार दिवसीय प्रदर्शनी

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ), रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मोतिहारी के महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में एक भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।"शांति, सत्य और विज्ञान का संगम सुरक्षित और आत्मनिर्भर भारत की ओर" विषय पर आधारित यह प्रदर्शनी 15 से 18 अप्रैल 2026 तक आयोजित होगी। प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 8 बजे तक यह प्रदर्शनी आम नागरिकों के लिए खुली रहेगी। प्रदर्शनी का उद्घाटन 15 अप्रैल 2026 को प्रातः 10 बजे होगा। उद्घाटन समारोह में डीआरडीओ के अध्यक्ष तथा रक्षा अनुसंधान एवं विकास सचिव डॉ. समीर वी. कामत उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राधा मोहन सिंह, सांसद (लोक सभा), सभापति रक्षा संबंधी स्थायी समिति, सदस्य, परामर्शदात्री समिति (रेल मंत्रालय एवं पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय) तथा पूर्व केन्द्रीय कृषि मंत्री, भारत सरकार होंगे। इस प्रदर्शनी में डीआरडीओ द्वारा विकसित अत्याधुनिक रक्षा तकनीक, वैज्ञानिक उपलब्धियों एवं आत्मनिर्भर भारतअभियान के अंतर्गत निर्मित उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा। जिले के सभी नागरिकों, विशेषकर विद्यार्थियों, युवाओं एवं विज्ञान में रुचि रखने वाले लोगों से अपील की जाती है कि वे इस अनूठे अवसर का लाभ उठाएं और अपने परिवार सहित इस प्रदर्शनी का भ्रमण करें।

### शिकारगंज पुलिस ने चोरी की बाइक पर लदे नेपाली अंग्रेजी शराब किया जब्त

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिकारगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने गश्ती के दौरान बड़ी सफलता हासिल करते हुए चोरी की बाइक पर लदी नेपाली अंग्रेजी शराब की खेप बरामद की है। इस संबंध में



एसडीपीओ सिकरहना उदय शंकर ने बताया कि नियमित गश्ती के दौरान पुलिस को सड़क किनारे हीरो कंपनी की एक ग्लैमर बाइक संदिग्ध अवस्था में खड़ी दिखाई दी। बाइक की सीट पर रखे कार्टून को देखकर पुलिस को शक हुआ। तलाशी लेने पर कार्टून से 300, 375 और 750 एमएल के 100 से अधिक बोतल नेपाली अंग्रेजी शराब बरामद की गई, जिसकी कुल मात्रा 39.525 लीटर बताई गई है। जांच के दौरान बाइक पर लगे नंबर प्लेट (BR30M7776) पर संदेह होने पर पुलिस ने चेचिस नंबर की एचएचडी मशीन से जांच की। जांच में बाइक का वास्तविक रजिस्ट्रेशन नंबर BR05AG5356 पाया गया, जो चोरी की निकली। पुलिस ने बताया कि उक्त बाइक मधुबन थाना क्षेत्र के मधुबन गांव निवासी मदन लाल राही की है। वाहन मालिक ने पूछताछ में बताया कि उनकी बाइक दिसंबर 2025 में चोरी हो गई थी, जिसकी प्राथमिकी मधुबन थाना में पहले से दर्ज है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और शराब तस्करों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### साइंस विजन इंटरमीडिएट क्लासेज में सम्मान समारोह का आयोजन

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के ब्लॉक रोड स्थित साइंस विजन इंटरमीडिएट क्लासेज में रविवार को इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे दीप प्रज्वलित कर किया गया। समारोह का उद्घाटन ए. रंजन केमिस्ट्री क्लासेज, मोतिहारी



के निदेशक आलोक रंजन, मीरपुर पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि व शिक्षा प्रेमी चितरंजन कुमार, कोचिंग संस्थान के शिक्षक विपिन कुमार, मोतीलाल प्रसाद एवं सनोज कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित वर्ष 2026 की इंटर विज्ञान परीक्षा में 455 अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र बबलू कुमार प्रसाद को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके अलावा छात्रा निक्की कुमारी (356 अंक) एवं शाहिस्ता खातून (348 अंक) को भी फूल-माला, ट्रॉफी, मेडल तथा डायरी-कलम देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आलोक रंजन ने कहा कि सफलता के लिए सकारात्मक सोच और कड़ी मेहनत अत्यंत आवश्यक है। वहीं चितरंजन कुमार ने कहा कि जो विद्यार्थी समय का सही उपयोग करते हैं, वे अपने परिवार, विद्यालय और समाज का नाम रोशन करते हैं। समारोह में शिक्षक मो. सोहराब, मो. इरशाद, बिगन कुमार, राजू राय, जितेंद्र पंडित सहित अभिभावक, स्थानीय नागरिक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### पंचायत चुनाव को ले 27 अप्रैल को प्रारूप-1 का प्रकाशन

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पंचायत चुनाव 2026 को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत) को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आयोग के अनुसार इस बार भी चुनाव वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर कराए जाएंगे।चुनाव प्रक्रिया के तहत प्रारूप-1 (जनसंख्या एवं वार्ड विवरण) का प्रारंभिक प्रकाशन 27 अप्रैल 2026 को किया जाएगा। इसमें पंचायत, वार्ड, जनसंख्या, आरक्षण एवं क्षेत्रीय संरचना से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी शामिल होगी। आयोग ने स्पष्ट किया है कि प्रकाशन के बाद 27 अप्रैल से 11 मई तक 14 दिनों के भीतर आपत्ति दर्ज कराई जा सकेगी।मतदाता अपने वार्ड, जनसंख्या, सीमा एवं आरक्षण की स्थिति की जांच कर किसी त्रुटि पर ग्राम पंचायत, प्रखंड, अनुमंडल या जिला कार्यालय में आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त शिकायतों पर विचार नहीं किया जाएगा।दर्ज आपत्तियों का निपटारा 14 मई तक किया जाएगा, जबकि अंतिम सूची 25 मई को प्रकाशित होगी तथा 29 मई को जिला गजट में अधिसूचना जारी की जाएगी। इस बार प्रक्रिया को डिजिटल माध्यम से भी जोड़ा गया है, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी।

### जीविका डीपीएम ने सिलाई केंद्र का किया निरीक्षण

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के नोनिया टोला स्थित वर्षा सीएलएफ (संकुल स्तरीय संघ) का जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक (डीपीएम) आर.के. निखिल ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सिलाई केंद्र का जायजा लिया और जीविका दीदियों के समर्पण व कड़ी मेहनत की सराहना की। डीपीएम ने जीविका दीदियों को प्रोत्साहित करते हुए डीपीएम ने कहा कि उनकी यह मेहनत न केवल उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करेगी, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव भी लाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि श्आदर्श ग्रामश बनाने की पहल सफल होगी और क्षेत्र की महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रही हैं। डीपीएम ने जोर दिया कि महिलाओं को सशक्त और आत्मविश्वासी बनाने का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। मौके पर बीपीएम रितेश किशोर सहाय समेत कई सीएम (कम्युनिटी मोबिलाइजर) व जीविका कर्मी उपस्थित रहे।

### बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान तेज

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के माधोपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों में बाल विवाह रोकथाम को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। लोक अदालत बेतिया के अवर न्यायाधीश सह सचिव धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय के निर्देश पर पारा विधिक स्वयंसेवक (पीएलवी) अवधेश कुमार गुप्ता ने ग्रामीणों के बीच पहुंचकर लोगों को जागरूक किया।अभियान के दौरान पीएलवी अवधेश कुमार गुप्ता ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य अशिक्षित, दलित व महादलित बस्तियों में बच्चों के प्रति बढ़ रहे हिंसा, बाल विवाह, अपराध और शोषण के खिलाफ लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में सरल भाषा में समझाया, ताकि वे अपने साथ होने वाली किसी भी गलत घटना की जानकारी अपने अभिभावकों को दे सकें।उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है और 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की शादी नहीं करनी चाहिए। साथ ही राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी टोल फ्री नंबर 15100 पर कानूनी सहायता लेने तथा 1098 पर बाल संरक्षण से जुड़ी शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी।इस दौरान बाल अधिकारों जैसे जीवन, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा और स्वच्छ वातावरण के अधिकार पर भी विस्तार से जानकारी दी गई।

# प्राकृतिक संसाधनों का दोहन एक तरह की हिंसा : डॉ. अमित रंजन



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिपरा कोठी प्रखण्ड के राजकीय बुनियादी विद्यालय में कस्तूरबा गांधी एवं ज्योतिबा फुले जी की जयंती के अवसर पर वन विभाग के सहयोग से नेत्रिका फाउंडेशन एवं पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के बैनर तले ह्लपर्यावरण की पाठशाला सह पौधारोपण कार्यक्रमह्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कस्तूरबा गांधी एवं ज्योतिबा फुले जी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गयी। कस्तूरबा गांधी के विचार और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई और विद्यालय परिसर में बच्चों के साथ अतिथियों ने पौधारोपण किया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला स्कूल की पूर्व प्राचार्य शशिकला ने कहा कि कस्तूरबा जी कहती थी पृथ्वी के पास हर किसी की आवश्यकता को पुरा करने के लिए संसाधन पर्याप्त है पर किसी के लालच को नहीं उन्होंने प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित करने की अपील की। वहीं महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. अमित रंजन ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन एक तरह से हिंसा है जो पर्यावरण विनाश का कारण है। जरूरत है सभी जीवों के साथ सौहार्दपूर्ण सबन्ध बनाने की उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य के लिए पर्यावरण संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। डॉ. स्नेह एस. चौरसिया ने अपने संबोधन में तीन पी पेड़, पानी और प्लास्टिक पर विशेष प्रकाश डालते हुए लोगों से प्लास्टिक का उपयोग कम करने तथा बाजार से सामान लाने के लिए झोले का इस्तेमाल करने की सलाह दी और पर्यावरण संरक्षण में महिलाओं को आगे आने की जरूरत है। सामाजिक कार्यकर्ता विनय कुमार ने जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ते तापमान पर चिंता जताते हुए कहा कि प्रकृति किसी की सम्पति नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ीयों की धरोहर है।इस धरोहर अमानत रखने की जरूरत है।कार्यक्रम के दौरान शिक्षक नीरज गिरि, विनय कृष्ण, रविन्दर सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक पंकज कुमार शर्मा ने की।इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विचार व्यक्त करते हुए प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती नीलम देवी, अनिता कुमारी, शशि राज, कृष्ण कुमार, मुन्ना कुमार,आदर्श कुमार ओझा सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का समापन अतिथियों द्वारा विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर किया गया। साथ ही छात्र-छात्राओं ने लगाए गए पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेते हुए प्रत्येक छात्र द्वारा एक-एक पौधा लगाने का संकल्प लिया।

## मच्छरगांवा में बंद पड़े गोवर्धन गैस प्लांट का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

### जीविका को सौंपा जाएगा गोवर्धन गैस प्लांट के जिम्मेदारी



**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के मच्छरगांवा पंचायत में बने गोवर्धन गैस प्लांट का शुक्रवार को अधिकारियों ने निरीक्षण किया। इस दौरान डीआरडीए के निदेशक जयराम चौरसिया, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर गौतम कुमार सिंह, बीडीओ चिरंजीवी पाण्डेय तथा जीविका बीपीएम अंशिका आर्या मौके पर पहुंचे और प्लांट की वर्तमान स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जल्द से जल्द प्लांट को चालू करने पर जोर दिया ।अधिकारियों ने बताया कि प्लांट के संचालन के लिए तकनीकी प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी और आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था की जाएगी।उन्होंने कहा कि सभी बाधाओं को दूर करते हुए जल्द ही गोवर्धन गैस प्लांट को चालू कर दिया जाएगा।प्लांट चालू होने के बाद इसे जीविका को गोवर्धन गैस प्लांट को हैंडओवर किया जाएगा, जिससे स्थानीय महिलाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे और गांव में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही इससे स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को भी प्रोत्साहन मिलेगा। जीविकाओं ने इस प्लांट को शुरू कर उन्हें सौंपने की मांग की थी। गौरतलब है कि निर्माण के बाद से ही यह प्लांट अब तक बंद पड़ा हुआ है, जिससे सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ स्थानीय लोगों को नहीं मिल पा रहा है। हाल ही में प्लांट परिसर से चापाकल का हेड, मोटर और बिजली का तार चोरी होने की घटना भी सामने आई थी, जिससे इसकी स्थिति और बिगड़ गई थी।

## खेत में लगे फसल को जबरदस्ती काटने का आरोप, दो पक्षों में झड़प

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के सेमरा गांव के पटखौलिया में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षो में जमकर विवाद हुआ। वहीं जैसे हीं इसकी सूचना चिरैया थाना को मिली पुलिस घटना स्थल पर पहुंच दोनों पक्षो को समझा बुझाकर मामला को शांत किया। जिसके बाद बड़ी घटना होने से बच सकी। दो पटीदारों के बीच एक जमीन को लेकर पूर्व से विवाद चल रही है। जिसको लेकर पूर्व में चिरैया थाना में कांड संख्या 24/26 दर्ज है। इसके बाबजूद दंबंगो ने कानून को अपने हाथ में लेकर पुनः एक सप्ताह पूर्व उक्त जमीन को कब्जा करने को लेकर विवाद हुआ। वहीं दबंगों ने रामजी महतो के खेत में लगे फसल को वर्वाद कर उसमें मेढ़ बाँधने लगा। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति रामजी महतो ने पुनः एक बार चिरैया थाना में आवेदन देकर 29 लोगों को आरोपित करते हुए कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। इधर चिरैया थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है कार्रवाई की प्रक्रिया की जा रही है। उल्लेखनीय है कि कि पटखौलिया गांव निवासी रामजी महतों ने इसी वर्ष जनवरी माह में चिरैया थाना को एक आवेदन दिया था। जिसमें उन्होंने लिखा था कि उमके बाबा पूरन महतो के नाम पर नौ कट्ठा पंद्रह धुर जमीन है, जिसका जमाबंदी नंबर 110 है। जो उनके दखल कब्जा में है और उसपर खेती करते आ रहें है। वर्तमान में उक्त खेत में सरसो, मसूर और गेहूं का फसल लगा हुआ है। जिस जमीन को उनके पटीदार भरत महतो, संदीप महतो, साजन कुमार आदि सहित दर्जनों ने हरवे हथियार यानि लाठी, फरसा आदि सहित ट्रेक्टर लेकर आए और मेरे खेत में लगे फसल को जोत कर वर्वाद कर दिया। जब मैं मना किया तो मेरे साथ गाली ग्लौज करने लगे और जान से मारने की धमकी देने लगे। जिस डर से मैं वहां से भाग गया। जिसके बाद सभी ने मेरे खेत में गेहूं का फसल लगा दिया। पीड़ित व्यक्ति उक्त जमीनी विवाद को लेकर पूर्व में अंचलाधिकारी को भी आवेदन दिया था।

# भारतीय लोकतंत्र प्राचीन भारतीय मूल्यों की मजबूत नींव पर टिका : राधामोहन

### राजनीतिक कार्यकर्ताओं का परीक्षण परम आवश्यक : राधामोहन



**केसरिया में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 के तहत कार्यक्रम आयोजित**

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** केसरिया विधानसभा अंतर्गत पर्यटक भवन में रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 कार्यक्रम आयोजित किया गया। केसरिया एवं नारायणपुर मंडल के मंडल प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री सह सांसद राधामोहन सिंह ने कहा कि व्यक्ति निर्माण भारतीय जनता पार्टी के वैचारिक दर्शन की महत्त्वपूर्ण विशेषता रही है। सतत परिवर्तन और क्रमागत उन्नति के माध्यम से बेहतर नागरिकों से युक्त समाज का निर्माण इस प्रक्रिया का केन्द्र बिन्दु है। यह हमारा विश्वास ही नहीं, बल्कि संकल्प भी है।व्यक्ति में समय के साथ परिवर्तन आता ही है। इसी प्रकार समाज में भी परिवर्तन आता है। जब व्यक्ति बदलता है तो वह समाज परिवर्तन का कारक बनता है। इसे ही हम 'व्यक्ति परिवर्तन से समाज परिवर्तन' कहते हैं। व्यक्ति जब अपने अहम् से ऊपर उठते हैं तो वे स्वयं को बदलते हैं। इससे वे समाज में होने वाले परिवर्तन को भी प्रभावित करते हैं। वास्तव में व्यक्ति निर्माण का यही हमारा वैश्विक अधिष्ठान और समाज दर्शन है। परिवर्तन की इस प्रक्रिया में प्रशिक्षण की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। एक व्यक्ति की भाँति एक राजनीतिक दल भी सामाजिक परिवर्तन का माध्यम है। इसलिए राजनीतिक कार्यकताओं का प्रशिक्षण भी महत्त्वपूर्ण और परम आवश्यक है। एक राजनीतिक दल के रूप में भारतीय जनता पार्टी का मानना है कि कार्यकर्ता प्रशिक्षण चुनाव जीतने से भी अधिक महत्त्वपूर्ण है। भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ता प्रशिक्षण 1980 के दशक से ही जारी है। इससे कार्यकर्ता निर्माण एवं कार्यकर्ता के व्यक्तिगत विकास में अत्यधिक मदद मिली है।भारतीय जनता पार्टी का लोकतंत्र में दृढ़ एवं अटूट विश्वास है। देश का लोकतांत्रिक ढांचा तथा पार्टी में अंदरूनी लोकतंत्र दोनों ही ऐसे अवयव हैं जिन पर समझौता नहीं हो सकता।भारतीय लोकतंत्र प्राचीन भारतीय मूल्यों की मजबूत नींव पर टिका है। लेकिन इसे समय-समय पर चुनौतियों एवं खतरों का भी सामना करना पड़ता है। जातिवाद इसका एक उदाहरण है। भारतीय जनता पार्टी स्वयं को अन्य दलों से भिन्न दल होने का दावा करती है। इसलिए हम लोकतंत्र को अन्य दलों से बेहतर ढंग से पोषित करने की ही बात नहीं करते, बल्कि एक आदर्श लोकतंत्र बनाने का ईमानदार प्रयास भी करते हैं। इस प्रक्रिया में लोकतंत्र के समक्ष जो चुनौतियाँ हैं उनसे मुक्ति पाना भी जरूरी है। इसमें भी प्रशिक्षण की महती भूमिका है। हमारे संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय, जो सभी दृष्टि से एक सच्चे प्रजातंत्रवादी थे।भारतीय जनसंघ के संदर्भ में कहते है कि भारतीय जनसंघ एक अलग प्रकार का दल है। किसी भी प्रकार सत्ता में आने की लालसा वाले लोगों का यह झुण्ड नहीं है। जनसंघ एक दल नहीं वरन आन्दोलन है। यह राष्ट्रीय अभिलाषा का स्वयंस्फूर्त निर्झर है यह राष्ट्र के नियत लक्ष्य को आग्रहपूर्वक प्राप्त करने की आकांक्षा है। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज, नगर अध्यक्ष पति रिंकू पाठक, राकेश रौशन, विधानसभा संयोजक आनंद सिंह, सियावर सिंह सहित बड़ी संख्या कार्यकर्ता मौजूद थे।

## शॉर्ट सर्किट से सात परिवारों के घर जलकर राख

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के मोहद्दीपुर पंचायत के वार्ड संख्या 11 में रविवार दोपहर शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग ने भारी तबाही मचा दी। अचानक उठी आग की तेज लपटों ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया। जब तक लोग कुछ समझ पाते, तब तक आधा दर्जन से अधिक घर पूरी तरह जलकर राख हो चुके थे।इस भीषण अग्निकांड में बम ठाकुर, शिवमंगल ठाकुर, मनोज ठाकुर, दीनदयाल ठाकुर, अमेरिका ठाकुर, राम अवतार ठाकुर तथा शंभू ठाकुर के घर पूरी तरह नष्ट हो गए। घरों में रखा फर्नीचर, गहने, बर्तन, कपड़े और नगदी सहित सभी जरूरी सामान जलकर खाक हो गया। अचानक आई इस आपदा से सात परिवारों के सिर से छत छिन गई और वे खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गए हैं।घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी और भय का माहौल कायम हो गया। ग्रामीणों ने अपने स्तर से आग बुझाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन आग की भयावहता के आगे सभी प्रयास नाकाफी साबित हुए। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से तत्काल राहत और मुआवजे की मांग की है। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी अंचलाधिकारी डॉ. राजीव रंजन कुमार ने बताया कि पंचायत सचिव को घटनास्थल पर भेजकर क्षति का आकलन कराया जा रहा है और शीघ्र ही प्रभावित परिवारों को सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

## दूधा मठिया में तीन घरों से लाखों की चोरी

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के धोकराहा पंचायत अंतर्गत दूधा मठिया वार्ड संख्या 3 में शनिवार की रात चोरों ने सुनियोजित तरीके से तीन घरों को निशाना बनाया। इस बड़ी चोरी की घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल कायम हो गया है। चोर लाखों रुपये मूल्य के गहने, नगदी और अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए। पंचायत के मुखिया आशीष भट्ट ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि एक ही रात में तीन घरों में चोरी होना बेहद गंभीर मामला है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पप्पू शर्मा उर्फ चंद्रभूषण शर्मा, जो बेंगलुरु में सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं, के घर में कोई सदस्य मौजूद नहीं था। इसी का फायदा उठाते हुए चोरों ने घर के 11 ताले काट दिए और लाखों रुपये मूल्य के गहनों सहित अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने पहचान छिपाने के लिए घर में लगे सीसीटीवी कैमरों के तार भी काट दिए। वहीं, अजय शर्मा के घर में चोर छत के रास्ते दाखिल हुए और ताला तोड़कर लाखों की संपत्ति लेकर फरार हो गए।

## प्रशासन की विफलताओं से आदापुर थाना सुर्खियों में

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रशासन की विफलताओं के कारण आदापुर थाना अनेकानेक कारनामों से सुर्खियों में बना हुआ है जिसका मुख्य कारण है नो मेन्स लैंड,यह थाना उगाही करने, तस्करों से सौदा करना,जमीन माफियाओं, अंतराष्ट्रीय तस्करी,खाद तस्करी, गाय,बैल, भैंस सभी इसी रास्ते का उपयोग कर मोटा रकम वसूली करने में माहिर हैं, थाना चौक के पास पांच मुहाने चौक पर खुल्लेआम तस्करों से प्रशासन के वांछित व्यक्ति रकम वसूलते, जहां प्रशासन के नाक के नीचे ये सब धंधा का कारोबार होता है, जिला पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के आदेश के धज्जियां उड़ाते हुए परिसर क्षेत्र में आपत्तिजनक व्यक्ति दिखेंगे, कहां गयी त्रिनेत्र सी सी टी वी कैमरा,दलाल प्रवृति के मुखावीर चौकीदार , वर्षो से थाना पर अवैध रूप से रह रहा मुन्सी इंतखाब



आलम पर जिला वरीय पदाधिकारी का विडियो आते ही थाने के सजग प्रहरी सचेत तो हुए है लेकिन थाने में चौकीदार ही हावी है,बात इतनी नहीं हैं कि पचपकडी थाना से स्थानांतरित पुजा कुमारी के लिए आदापुर थाना मशक्कत की राह बनेगी,आयदिन सीमा क्षेत्र विभिन्न रास्तों से शराब माफियाओं, पियक्कड़ो, तस्करी सेनडिकेटो पर विशेष निगरानी रखनी होगी, कार्य भार समभालते थाना अध्यक्षा पूजा कुमारी ने मिडिया को बतायी की सीमा क्षेत्र से आने जाने वाले लोगों पर विशेष चौकसी बढ़ा दी गई है।

## शिक्षकों की लापरवाही पर भड़के अभिभावक

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय बसडा हिंदी में शनिवार को शिक्षकों की लापरवाही के खिलाफ अभिभावकों का गुस्सा फूट पड़ा। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिलने से नाराज सैकड़ों अभिभावकों ने विद्यालय परिसर में जमकर प्रदर्शन किया और नारेबाजी करते हुए दोषी शिक्षकों पर कार्रवाई की मांग की।अभिभावकों का आरोप है कि विद्यालय में 110 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं और छह शिक्षक पदस्थापित हैं, बावजूद इसके पढ़ाई की स्थिति बेहद खराब है।

## आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन में गड़बड़ी को लेकर जनप्रतिनिधियों ने खोला मोर्चा

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन और पोषाहार वितरण में वयाप्त भ्रष्टाचार को लेकर जनप्रतिनिधियों ने मोर्चा खोल दिया है। मामले में प्रखंड प्रमुख सुनैना देवी ने विधायक को लिखित शिकायत देकर मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियो पर करवाई की मांग की है। इतना ही नही प्रमुख ने बीडीओ को भी पत्र लिखकर आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन के वयाप्त भ्ष्टार्चार पर अंकुश लगाते हुए दोषियो पर कार्रवाई का निर्देश दिया है। प्रमुख पुत्र चंदन कुमार साह ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोशाहार वितरण, नामांकन के अनुकूल बच्चों की उपस्थिति समेत तमाम तरह की गड़बड़ी मिली है। प्रमुख के अनुसार क्षेत्र के कई आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन में भी लापरवाही बरती जा रही है। ऐसे मे सरकार के द्वारा नौनिहालों के लिए चलाए गए योजना का पूर्ण लाभ बच्चों को नही मिलना घोर अनियमितता को दर्शाता है।

## जिससे मांगी लिफ्ट उसी को मारी गोली

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर के नंदपुर नया टोला गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक को बदमाशो ने गोली मार दी। गोली युवक के पीठ में लगी है। घटना स्थल से एक खाली खोखे की बरामदगी भी की गई है। जख्मी युवक की पहचान कटघरवा गांव निवासी रंजीत कुमार शर्मा के रूप में हुई है। घटना शनिवार की देर शाम की है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्तिथि को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए बेतिया जीएमसीएच रेफर कर दिया गया। चिकित्सक ने बताया कि युवक के पीठ में गोली फंसी है। उसका ऑपरेशन करना पड़ सकता है। घायल युवक ने बताया कि वह हरदिया चौक से दावत खाकर अपने बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान कृषि बाजार रोड में नंदपुर नया टोला का रमेश राउत नामक युवक ने उससे लिफ्ट मांगी। नंदपुर ढाला के समीप पहुंचते ही गांव में छोड़ने के लिए बोला। वह उसे नंदपुर नया टोला गांव में लेकर चला गया। स्कूल के समीप उंक्त युवक के अन्य साथी पहले से ही मौजूद थे। बाइक पर उसके साथ बैठे युवक ने कट्टे से पहले हर्ष फायरिंग की। इसपर वह अपनी बाइक घुमाकर घर जाने लगा। लेकिन तभी उसे पीछे से गोली मार दी गई। गोली लगने पर वह गिर पड़ा और उंक्त सभी युवक भाग निकले। जख्मी युवक ने बताया कि गोली मारने वाले युवक से पूर्व में उसके गांव में किसी से विवाद था। इससे उसका कोई लेना देना नहीं है।लेकिन उसे गोली मार दी गयी। इधर घटना की सूचना पर एसडीपीओ जय प्रकाश सिंह और थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह सदरबल घटना स्थल पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए।

## सीमा जागरण मंच द्वारा मुफ्त सेवा शिविर व दवा वितरण का आयोजन

**रक्सौल (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीमा जागरण मंच एवं नेशनल मेडिकोज आगेर्नाइजेशन के संयुक्त तत्वाधान में आश्रम रोड छटिया घाट मंदिर एवं सहदेवा महदेवा पोखरा पर और आज जोकियारी पुराना पंचायत भवन एवं भरतमही में आयोजन किया गया। आश्रम रोड छटिया घाट मंदिर परिसर में मेगा शिविर का विधिवत उद्घाटन नेशनल मेडिकोज आगेर्नाइजेशन के डाक्टर, उत्तर बिहार सह प्रांत संघ चालक प्रो. राजकिशोर सिंह,सीमा जागरण मंच जिला संयोजक सुरेश कुमार गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र किशोर ठाकुर एवं गणेश झां जी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान प्रो. राजकिशोर सिंह ने कहा कि संघ से सेवा भारती, सीमा जागरण मंच एवं नेशनल मेडिकोज ऑर्गनाइजेशन द्वारा समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सेवा बस्तियों में किया जाता है,



ताकि आम लोगों को उन्हें अपने घर के पास हीं स्वास्थ्य जांच हो सके, मुफ्त दवा प्राप्त करने का लाभ मिल सके। इसी उद्देश्य से चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के गांव से सैकड़ो लोगों के स्वास्थ्य जांच एवं दवा वितरण किया गया। एवं डॉक्टरों द्वारा आवश्यक सलाह दिया गया। 294 मरीजों का जांच एवं दवा वितरण किया गया। आश्रम रोड मंदिर शिविर में क्क्ष्ट्टर से डॉक्टर गौरव, एवं रढ्ढटउ्ल से डॉ हार्दिक , डॉ आशुतोष ,डॉ अरूणा , डॉ अंकुर , जिला सेवा भारती प्रमुख विकास कुमार, वस्ती प्रमुख हेमंत कुमार, सीमा जागरण मंच जिला कोषाध्यक्ष प्रतिक चंद्र प्रसाद, संपर्क प्रमुख दीपक जायसवाल, जिला मंत्री चंद्रशेखर प्रसाद, नगर मंत्री निशु कुमार एवं सुनिल कुमार, गोविंद सर्राफ,मिट्ठू सर्राफ , मुकेश मिश्रा, मनोज कुमार, अरविंद कुमार आदि उपस्थित रहें। सहदेवा महदेवा पोखरा पर सीमा जागरण मंच के जिला सदस्य अशोक कुमार गुप्ता एवं डाक्टरों द्वारा दिप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया गया। महदेवा शिविर में 162 मरीजों का जांच एवं दवा दिया गया। इस शिविर में डॉ.... सीमा जागरण मंच से सुरेश कुमार गुप्ता, हरेंद्र किशोर ठाकुर ,निशु कुमार,नन्दलाल यादव जी एवं रमेश जी आदि उपस्थित रहे। आज भरतमही एवं जोकियारी में भी शिविर आयोजित किया गया। जिसमें स्वास्थ्य जांच एवं दवा। आंखों का जांच एवं चश्मा निःशुल्क वितरण किया गया। भरतमही में गोपाल प्रसाद साह के परिसर में डॉ अभिषेक कुमार गोपाल प्रसाद साह, कपिल देव प्रसाद यादव, सीमा जागरण मंच के जिला संयोजक सुरेश कुमार गुप्ता, सीमा जागरण मंच युवा प्रमुख मिट्ठू सर्राफ ने संयुक्त रूप से भारत माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया।

# पुलिस की मौजूदगी में वितरित किए जा रहे हैं घरेलू गैस सिलिंडर




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले में गैस आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है। विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा औसत दैनिक मांग के अनुरूप गैस की डिलीवरी की जा रही है तथा लंबित बुकिंग का निष्पादन लगातार किया जा रहा है। जिले में कुल 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 6785 सिलेंडर की मांग के विरुद्ध लगभग 6609 सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। साथ ही जिला में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा सभी गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने, लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन करने तथा वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कृत्रिम कमी उत्पन्न नहीं होने देने का भी निर्देश दिया गया है। संबंधित प्रखंडों के पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था की निगरानी करने तथा किसी भी समस्या की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। 12 अप्रैल तक जिला में कुल नए 145 पीएनजी कनेक्शन लगाए जा चुके है। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06186-295027 क्रियाशील है, जिस पर आमजन अपनी समस्या या शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जिले के कुल 37 गैस एजेंसियों में से 06 संवेदनशील गैस एजेंसियों पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। नियंत्रण कक्ष में दिनांक 12 अप्रैल को प्राप्त कुल 15 शिकायतों में से 14 का निष्पादन कर दिया गया है, जबकि 01 प्रक्रियाधीन है। कालाबाजारी एवं जमाखोरी की रोकथाम हेतु सतत निगरानी की जा रही है। इस संबंध में औचक निरीक्षण किया जा रहा है तथा अब तक कोई वाद दर्ज नहीं किया गया है। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी समस्या की स्थिति में संबंधित गैस एजेंसी अथवा जिला नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें।

## चार गैरजमानती वारंटी गिरफ्तार, नौ वर्षों से थे फरार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बारूण (औरंगाबाद)।** बारूण थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार गैरजमानती वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के चिरैला गांव में की गई। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान चिरैला गांव निवासी सत्येंद्र सिंह, लखन सिंह, गोरखा सिंह और अशोक सिंह के रूप में हुई है। इन सभी के विरुद्ध वर्ष 2017 में बारूण थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसके बाद से ये लगातार फरार चल रहे थे। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सभी आरोपी गांव में मौजूद हैं। सूचना के आधार पर छापेमारी अभियान चलाकर चारों को दबोच लिया गया। गिरफ्तारी के बाद सभी आरोपियों को न्यायिक प्रक्रिया पूरी करते हुए जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है और आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

# चेई नवादा पंचायत में ग्रामीणों को नही मिल रहा नल-जल का लाभ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** मदनपुर प्रखंड के चेई नवादा पंचायत के रानीडीह गांव के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। हर घर नल-जल, स्वच्छता अभियान, सार्वजनिक शौचालय, गली और नाली निर्माण जैसी योजनाएं अधूरी या पूरी तरह से विफल हो चुकी है। गांव में पानी टंकी तो है लेकिन पाइप टूटी हुई है जिससे अधिकांश घरों में नल का जल नहीं पहुंचता है। जलजमाव की समस्या से हालात और भी बदतर कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी टंकी बनने के कुछ दिन तक पानी मिला लेकिन फिर जहां-तहां पाइप फट जाने के कारण हर घर तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। संबंधित विभाग को कई बार शिकायत की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। संवेदक ने जल्दबाजी में काम कर अधूरा छोड़ दिया। पंचायत सरकार भवन का निर्माण पंचायत में अबतक पूर्ण नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि हमलोगों को जाति, आय, निवास पेंशन और अन्य प्रमाण पत्रों के लिए प्रखंड कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं। बता दे कि इस गांव में सौ से अधिक घर हैं। आबादी लगभग 1500 की है जबकि सात सौ मतदाता हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में नाली और गली की स्थिति ठीक नहीं है। गली से ऊपर नाली का निर्माण हो जाने के कारण पानी की निकासी नहीं हो पाती है जिसके कारण गली में जलजमाव और कीचड़ फैलने के कारण दुर्गंध से जीना मुश्किल हो गया है। गांव में पक्की नाली और गली का निर्माण स्थानीय जनप्रतिनिधि जल्द से जल्द कराएं। हमलोगों को इस बरसात के मौसम में आवागमन करने में कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। ग्रामीणों ने कहा कि कुछ जगह पर नालियों का निर्माण कराया गया है जो सड़क के बीचो बीच कराने के कारण घरों तक पहुंचने में काफी परेशानी होती है। थोड़ी सी भी बारिश हो जाती है तो गांव की गलियां जलमग्न हो जाती है। इससे आवागमन में परेशानी होती है। सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्ग महिलाओं और बच्चों को होती है। पक्की गली और नाली का निर्माण हो जाए तो हम लोगों की आधी परेशानी दूर हो जाएगी। स्वच्छ भारत मिशन के तहत पंचायत को खुले में शौच से मुक्त घोषित किया गया परंतु आज भी कई गरीब परिवारों के पास शौचालय नहीं है। गरीब तबके के पास खुद का शौचालय निर्माण के लिए जमीन नहीं है। सार्वजनिक शौचालय की भी कोई व्यवस्था नहीं है। ग्रामीणों की मांग है कि पंचायत स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन की जांच हो और दोषियों पर कार्रवाई की जाए ताकि आमलोगों को उनके हक मिल सके। सरकार के लाख कोशिश के बावजूद योजना का लाभ धरातल पर नहीं दिखता।

# अंबेडकर जयंती को लेकर भाजपा की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** भारतीय जनता पार्टी दाउदनगर नगर, ग्रामीण एवं शमशेर नगर मंडल की संयुक्त बैठक पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश पांडे के आवास पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता शमशेर नगर मंडल अध्यक्ष संजय कुमार शर्मा ने की, जबकि संचालन रंजन बर्मा एवं पूर्व अध्यक्ष राकेश पांडे ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा जिला प्रवक्ता अश्वनी कुमार तिवारी ने कहा कि भीमराव अंबेडकर जयंती को हर बूथ स्तर पर मनाने का संकल्प सभी कार्यकर्ता लें। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल से 21 अप्रैल तक तीनों मंडलों के प्रत्येक बूथ पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें बाबासाहेब के विचार, उनके योगदान और उनके संकल्प को आम जन तक पहुंचाया जाएगा। श्री तिवारी ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने गरीब, मध्यम वर्ग, किसान और महिलाओं के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि इन योजनाओं की जानकारी भी लोगों तक पहुंचाएं, ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। उन्होंने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना और कौशल विकास योजना समेत कई योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्र सरकार सभी वर्गों और समुदायों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में पूर्व अध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार वर्मा, नगर मंडल के महामंत्री प्रहलाद संस्कार, महामंत्री अनूप मनोहर, संजय पासवान, मुन्ना तिवारी, सुधीर कुमार, नंदेश कुमार, रंजीत कुमार, मनोज प्रसाद गुप्ता, दयाशंकर चंद्रवंशी, अवधेश पासवान सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शराब जब्त, तस्कर फरार




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)** । कुटुंबा थाना की पुलिस ने रविवार की अहले सुबह तुरता मोड़ के समीप से देसी शराब लदे बोलेरो को जब्त किया। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि सूचना के आधार पर कार्रवाई के दौरान बोलेरो के अंदर रखी हुई 26 कार्टूनों में कुल 199.5 लीटर टनाका देसी शराब बरामद हुई। पुलिस ने वाहन को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। हालांकि छापेमारी की भनक लगते ही तस्कर ने वाहन सड़क पर छोड़ दी और पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर फरार तस्कर की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# नाले के ढक्कन टूटने से नागरिकों को हो रही परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** शहर की गलियों में जगह-जगह टूटे नाले अब नागरिकों के लिए गंभीर खतरे की आशंका बनता जा रहा है। ओवरब्रिज के समीप महाराजगंज रोड से मनोकामना मंदिर नागा बिगहा जाने वाले मोहल्लों में नाले के ढक्कन टूटकर बिखर गए हैं। दिन में तो नागरिक किसी तरह बचकर निकल जाते हैं परंतु रात के अंधेरे म्ों दुर्घटना की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। इस स्थिति से दोपहिया वाहन चालकों, पैदल चलने वाले और स्कूली बच्चों के लिए जोखिम बढ़ गया है। नागरिक सचिन कुमार सहित का कहना है कि नाले की हालत लंबे समय से खराब है परंतु जिम्मेदार विभाग द्वारा अबतक मरम्मत नहीं कराई गई है। यहां तक की वर्षा के दिनों में समस्या और भी गंभीर हो जाती है जबतक गंदा पानी सड़क पर फैल जाता है और नाले का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है। कई बार लोग फिसलकर गिर चुके हैं जबकि वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगाना पड़ता है जिससे पीछे से टक्कर का खतरा बना रहता है। वहीं खुले नाले न केवल दुर्घटना को आमंत्रित कर रहे हैं बल्कि गंदगी और बदबू से आसपास के लोगों का जीना मुश्किल कर रहे हैं। मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से बीमारियों का खतरा भी बना है। नागरिकों ने मांग की है कि टूटे नाले की मरम्मत कर ढक्कन लगाया जाए। यदि मरम्मत नहीं होती है तो सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग और चेतावनी संकेत लगाए जाए ताकि हादसे से बचा जा सकता है।

# मध्य विद्यालय बसडीहा कला में शिक्षक का अभाव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** शिक्षा से भविष्य संवरने की बाते तभी प्रभावित होंगी। जब समुचित व्यवस्था और सुविधाएं उपलब्ध हो। जहां छात्रों की संख्या बढ़ रही है और उसे पढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण विषयों की शिक्षक नहीं होंगे तो उनके सपनों की उड़ान फंख कैसे लग सकते है। यह हाल सदर प्रखंड के उच्य माध्यमिक विद्यालय बसडीहा कला की है। जहां पीएम श्री विद्यालय में परनीत किया गया है। जहां वर्ग छठे से 12वीं तक की पढ़ाई करनी है। अब तो इस विद्यालय में छठे से आठवें क्लास की पढ़ाई शुरू कर दी गई है। अब सोचा का सकता है कि छठे से आठवें क्लास के छात्रों को पढ़ाने के लिए मात्र दो ही शिक्षक ही पदस्थापित है जिसमे एक शिक्षक गणित और दूसरे शिक्षक संस्कृत के पद पर स्थापित थे। वैसी स्थिति में शिक्षण कार्य प्रभावित है। विद्यालय में भ्रमण के दौरान छात्रों ने बताया कि यहां मात्र दो ही शिक्षक है। जैसे विज्ञान अंग्रेजी हिन्दी भूगोल इतिहास के साथ अन्य विषयों के शिक्षक नहीं है। जो कि अन्य महत्वपूर्ण विषय है। छात्रा खुशी कुमारी, रिकी कुमारी ने बताया कि विद्यालय में अन्य विषयों की शिक्षक होना जरूरी है। तभी हम सबों को अन्य विषयों की पढ़ाई की जा सकेगी। इसी तरह इंटर में पढ़ाई के लिए विज्ञान संकाय में एक शिक्षक है। छठे से आठवें क्लास में 200 नामांकन से ज्यादा हो चुका है और अभी भी नामांकन जारी है। नवम में भी बच्चे का नामांकन बढ़ते जा रहा है परंतु छठे से आठवें क्लास में शिक्षकों की घोर कमी है। विद्यालय का भवन पर्या' है परंतु शिक्षकों की कमी छात्रों के साथ शिक्षक को कचोट रही है। बता दें कि इसकी सूचना संबंधित पदाधिकारियों को दी गई है। शिक्षकों की कमी रहने से घोर परेशानियां का सामना करना पड़ता है।

## मजबूत हो रहा है कांग्रेस का संगठनात्मक संरचना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और जिलाध्यक्ष पूर्व विधायक आनंद शंकर सिंह औरंगाबाद जिले के रहने वाले है। इससे संगठन को मजबूती मिल रही है। यह बात मदनपुर प्रखंड अध्यक्ष लालदेव यादव एवं पूर्व अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहीं। उन्होंने कहा कि इन नेताओं के मार्गदर्शन और निर्देशन में पार्टी का संगठनात्मक संरचना तेजी मजबूत हो रहा है। कार्यकर्ताओं में एक नई जोश भरा हुआ है।

# नशा मुक्ति अभियान के तहत लोगों ने शराब छोड़ने का लिया संकल्प



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देव (औरंगाबाद)।** भगवान श्री सूर्य नारायण सेवा समिति, देव के तत्वावधान में केताकी पश्चिमी पंचायत के मुखिया सह समिति के उपाध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार रंजन के आवास पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सह पूर्व उपप्रमुख मनीष राज पाठक ने की। बैठक में राज्य सरकार के नशा मुक्ति अभियान से प्रेरित होकर अनुसूचित समाज के लोगों ने शराब छोड़ने का सामूहिक संकल्प लिया। इस दौरान समिति द्वारा रामनंदन राम, कुनी राम एवं सहवीर राम को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

बताया गया कि सहवीर राम लंबे समय से बीमार थे और उनका इलाज दिल्ली एम्स में कराया गया था। इसके बावजूद वे चोरी-छिपे शराब का सेवन कर रहे थे। समिति ने जागरूकता अभियान चलाकर उन्हें और अन्य लोगों को शराब से होने वाले सामाजिक और आर्थिक नुकसान के बारे में जानकारी दी। समिति के इस प्रयास का सकारात्मक असर देखने को मिला और कई लोगों ने नशा छोड़ने का निर्णय लिया। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में समिति के सचिव दीपक कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष अनूप कुमार गुप्ता, सह सचिव आलोक कुमार सिंह, उपाध्यक्ष दिलीप राज, मनोज कुमार चौरसिया, निरंजन कुमार वर्मा, महेश पाल, अजित कुमार यादव, राहुल सोनी, गौतम कुमार, धर्मेंद्र बैठा, मोहित रंजन, विक्की कुमार, जयचंद कुमार, भानु प्रताप, अनिल साव, अजित चौधरी, सिंटू चौरसिया सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। गौरतलब है कि भगवान श्री सूर्य नारायण सेवा समिति, देव एक निबंधित संस्था है, जो सांस्कृतिक, सामाजिक एवं स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न प्रकल्पों पर कार्य कर रही है। इसी कड़ी में सामाजिक चेतना को बढ़ावा देने के लिए नशा उन्मूलन अभियान की शुरुआत की गई है।

# मां सत्यचंडी यज्ञ की शुरुआत, कलश यात्रा में उमड़ा सैलाब



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** फेसर थाना क्षेत्र के बड़वाँ गांव में माँ सत्यचंडी यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर शुक्रवार (10 अप्रैल) को मंगलमय कलश यात्रा निकाली गई, जो बड़वाँ गांव से दोमुहान पुनपुन तक भव्य जुलूस के रूप में संपन्न हुई।

कलश यात्रा में गांव की महिलाओं और पुरुषों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। पूरे मार्ग में भक्तिमय माहौल देखने को मिला और श्रद्धालु भक्ति भाव में सराबोर नजर आए। यज्ञ समिति के सदस्यों ने बताया कि यह माँ सत्यचंडी यज्ञ जन कल्याण के उद्देश्य से 10 अप्रैल से प्रारंभ होकर 15 अप्रैल को पूर्ण होगा। समापन के दिन भंडारा एवं संत-महात्माओं की विदाई का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। समिति के अनुसार, यज्ञ के दौरान पूरे गांव में धार्मिक वातावरण बना हुआ है और लोग बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर यज्ञ के जजमान चंदन मिश्रा, समिति अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद, धर्मेंद्र मिश्रा, शशिकांत कुमार, रामजी चौबे, पूर्व मुखिया विजय चौबे, सुमेश सिंह, दरोगा तिवारी, राजा तिवारी, प्रकाश साहू, पैक्स अध्यक्ष राजू रंजन यादव, मुखिया सुरंजय शर्मा, सरपंच दिनदयाल राम, लालन मेहता, दिलकेश्वर राम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सिमरा में सड़क पर पानी जमा होने से होती है परेशानी

**औरंगाबाद/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के कुटुंबा प्रखंड के तहत भरौंधा पंचायत के सिमरा बाजार में सड़क की स्थिति काफी खराब हो गई है। जिससे ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। बता दें कि यहां वर्षों से सड़क पर नाली का पानी जमा रहता है जिससे आवागमन में परेशानी हो रही है। गंदगी एवं दुर्गंध के कारण संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार सिमरा से रिसियप होते हुए जिला मुख्यालय तक जाने तक सड़क ग्रामीणों के लिए जीवनरेखा है। विद्यालय, बाजार, अस्पताल और अन्य जरूरी कामों के लिए ग्रामीण इसी मार्ग पर निर्भर हैं। प्रतिदिन सैंकड़ों वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं बावजूद समस्या के समाधान की दिशा में अबतक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। बता दें कि लगभग पांच वर्षों पहले 15वीं वित्त योजना के तहत सड़क किनारे नाला निर्माण कराया गया था परंतु नाले की ऊंचाई अधिक होने के कारण घरों से निकलने वाला पानी उसमें नहीं जा पा रहा है। पानी सड़क पर फैलकर लंबे समय तक जमा रहता है। इससे सड़क क्षतिग्रस्त हो चुकी है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से जल्द से जल्द स्थायी समाधान की मांग की है ताकि उन्हें रास्ता मिल सके एवं बीमारियों के फैलने का खतरा कम किया जा सके।

# शिक्षा से बच्चों को सुशिक्षित बना रही बेटियां



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** शिक्षा व्यक्ति को मांजती है। संस्कारित करती है और समाज पाने का अवसर प्रदान करती है। शिक्षिकाएं महिलाएं जो समाज की आधार होती है। ऐसा ही मिशाल औरंगाबाद के रफीगंज प्रखंड के ढोसिला पंचायत के नीमा चतुर्भुज गांव की चार बेटियां है। गांव चार ातक उत्तीर्ण बेटियां समाज में शिक्षा की अलख जगा रही है। ग्रामीण शैलेश सिंह की पुत्री काजल कुमारी, नरेंद्र सिंह की पुत्री निशु कुमारी, भरत सिंह की पुत्री शिवानी कुमारी, जिया कुमारी ने गांव के प्रत्येक बच्चे को शिक्षित बनाने का संकल्प ली है। सभी स्वयं पढ़ रही है और साथ में गांव के बच्चों को पढ़ा भी रही है। पढ़ाने के बदले कोई शुल्क नहीं लेती है। बता दें कि नीमा चतुर्भुज गांव में बाल संस्कारशाला का शुभारंभ दिसंबर 2०23 में हुआ। काजल ने बताया कि शुरुआत के समय कम बच्चे आते थे। कुछ ही दिनों में बच्चों की संख्या बढ़ने लगी। वर्तमान में 40 से अधिक बच्चों को शिक्षा दी जा रही है। ये बच्चे प्रतिदिन विद्यालय से पढ़ाई कर लौटने के बाद यहां पढ़ने आते हैं। छात्रा मयंक कुमार, अरनव कुमार, छात्रा प्रिया कुमारी, खुशी कुमारी, आरुषि कुमारी ने बताया कि चारों शिक्षिकाएं बहन बनकर शिक्षा दे रही है। हर संभव मदद करती है। हमलोगों को निशुल्क पढ़ाई कराती है। पढ़ाई के साथ संस्कार सिखाती है। बाल संस्कारशाला के बारे में काजल ने बताया कि हम सभी पहले रफीगंज में श्रीराम बाल संस्कारशाला में पढ़ाई करने के लिए जाते थे। करीब छह से सात माह तक हमलोगों ने शिक्षा ग्रहण की। वहां से हमें प्रेरणा मिली कि अब गांव के हर बच्चों को निशुल्क शिक्षा देकर साक्षर बनाना है। वहीं शिवानी, जिया, काजल, निशु की दृढ़ इच्छाशक्ति का लाभ इस गांव को मिल रहा है। वर्तमान में बाल संस्कारशाला में 40 बच्चे निशुल्क शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। शिक्षा के साथ संस्कार का ज्ञान दिया जाता है। चारों ने बताया कि अबतक गांव के 25० बच्चों को शिक्षा दी है। यहां कोई भी पढ़ने आ सकता है। किसी तरह की कोई रोक नहीं है।

# विधिक जागरुकता में जुवेनाइल एक्ट की दी गई जानकारी




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जमुई के तत्वावधान में खैरा प्रखंड के हरिणी पंचायत में रविवार को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन प्राधिकार के पैनल अधिवक्ता अंजनी कुमार एवं पारा विधिक सेवक दिलीप कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जुवेनाइल जस्टिस (केयर एंड प्रोटेक्शन) एक्ट, 2000 की धारा 63 के प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। अधिवक्ता अंजनी कुमार ने उपस्थित ग्रामीणों को बताया कि जुवेनाइल बच्चों को गोद लेने की प्रक्रिया पूरी तरह कानूनी एवं व्यवस्थित होती है। गोद लिए गए बच्चे को दत्तक माता-पिता की संतान के समान सभी अधिकार प्राप्त होते हैं, जिसमें संपत्ति और उत्तराधिकार का अधिकार भी शामिल है। उन्होंने बताया कि दत्तक ग्रहण के लिए इच्छुक दंपति के आवेदन पर एक समिति विचार करती है, जो उनके आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति का आकलन करने के बाद ही बच्चे को गोद देने का निर्णय लेती है। साथ ही जुवेनाइल अपराध से जुड़े मामलों में "स्पेशल जुवेनाइल पुलिस यूनिट" की भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक जिले और थाने में ऐसी इकाई कार्यरत होती है, जिसे किशोर मामलों की जांच एवं देखरेख के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है। शिविर के दौरान विधि विरुद्ध किशोरों को उपलब्ध निशुल्क विधिक सेवाओं की जानकारी भी दी गई। अधिवक्ता ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पैनल अधिवक्ता ऐसे मामलों में निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करते हैं। जरूरतमंद अभिभावक अपने बच्चों के बचाव हेतु प्राधिकार से संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की भागीदारी रही, जिन्होंने कानूनी जानकारियों को गंभीरता से सुना और अपने प्रश्न भी रखे।

# मुंगेर के लोगों को जल्द मिलेगा पटना जैसे मरीन ड्राइव का आनंद

## राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा प्रक्रिया हुई शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुंगेर।** जिले में मरीन ड्राइव का सपना जल्द ही साकार होने वाला है। इसके लिए जहां राज्य सरकार, उनके वरीय अधिकारी एवं जिला प्रशासन द्वारा प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी है। बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड अंतर्गत क्रियान्वित एचएएम आधारित मुंगेर-भागलपुर गंगा पथ परियोजना के संरेखन का हवाई सर्वेक्षण कार्य भी पूर्ण कर लिया गया। पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल, बीएसआरडी के निदेशक एवं जिलाधिकारी, मुंगेर निखिल धनराज निप्पाणीकर द्वारा हवाई सर्वेक्षण किया गया। इसके पूर्व आरसीडी के सचिव एवं बीएसआरडी के निदेशक आज सफियाबाद पहुंचे तथा वहां से हवाई मार्ग द्वारा पूरे




गंगा पथ परियोजना का हवाई सर्वेक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आज पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल तथा बीएसआरडी के निदेशक हवाई मार्ग से मुंगेर सफियाबाद स्थित हवाई अड्डा पहुंचे। वहां से उन्होंने मुंगेर जिले में घोषित गंगा पथ निर्माण के एलाइनमेंट का हवाई सर्वेक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गंगा पथ निर्माण के लिए चिन्हित हेरूदियारा से लेकर सुल्तानगंज के लिए हवाई सर्वेक्षण किया। साथ ही मुंगेर-मिर्ज़ाचैकी फोरलेन, मुंगेर-मोकामा तथा रक्सॉल-हल्दिया फोरलेन के लिए भी हवाई सर्वेक्षण किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि सर्वेक्षण के दौरान एडगेरड तथा जल मार्ग में बनने वाले सभी एलाइनमेंट का बारिकी से निरीक्षण किया गया है। आज के निरीक्षण के पश्चात एलाइनमेंट की सारी रूप रेखा तैयार कर विभाग को सौंपी जाएगी, तत्पश्चात निर्माण कार्य की प्रक्रिया भी प्रारंभ की जाएगी। आज के सर्वेक्षण में उक्त सभी फोरलेन के निर्माण कार्य का भी जायजा लिया गया। उन्होंने कहा कि जल्द ही मुंगेर जिला को इन फोरलेन के साथ ही गंगा पथ का तोहफा मिलने वाला है। इससे निश्चित रूप से मुंगेर के विकास को नई गति और दिशा मिलेगी, जो निःसंदेह मुंगेर को बिहार सहित देश के मानचित्र पर एक अलग पहचान देगा।

# दारोगा की सर्विस रिवॉल्वर से पत्नी की हत्या, पति बना नामजद

## दारोगा को लिया गया हिरासत में, पुलिस कर रही मामले की जांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुंगेर।** जिले के सफियासराय थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक चंदन कुमार की पत्नी ने कथित तौर पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। बताया जा रहा है कि सफियासराय थाना में तैनात एसआई चंदन कुमार अपनी पत्नी 29 वर्षीय मधु कुमारी के साथ सफियासराय इलाके में किराये के मकान में रहते थे। शनिवार की शाम मधु कुमारी ने चंदन कुमार के सर्विस रिवाल्वर से अपने सीने में गोली मार ली। गोली चलने की आवाज सुनते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में उन्हें मुंगेर के इमरजेंसी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। एफएसएल (फॉरेंसिक टीम) को भी बुलाया गया है, जो घटनास्थल से साक्ष्य जुटा रही है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि शनिवार की सुबह पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। हालांकि दोपहर तक मामला शांत हो गया था, लेकिन शाम होते-होते यह दर्दनाक घटना सामने आ गई। एसपी ने बताया कि मामला सर्विस रिवाल्वर से जुड़ा हुआ है, इसलिए हर पहलू से जांच की जा रही है। एफएसएल टीम साक्ष्य इकट्ठा कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी। फिलहाल पुलिस ने मृतका के परिजनों को सूचना दे दी है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस घटना के बाद पुलिस महकमे में भी हड़कंप मचा हुआ है। फिलहाल यह आत्महत्या है या इसके पीछे कोई और वजह, इसका खुलासा जांच के बाद ही हो पाएगा। पुलिस हर एंगल से मामले की जांच में जुटी हुई है। इधर मृतक मधु के के पिता समस्तीपुर निवासी रंजीत कुमार एवं उनकी पत्नी पिंकी देवी बेटा विकास कुमार ने दारोगा चंदन पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाना में प्राथमिक की दर्ज करने को लेकर आवेदन दिया।

# पैक्स मतदान को लेकर नामांकन पर्चा की संवीक्षा सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड के चार कृषि साख सहयोग समिति लिमिटेड (पैक्स) में होने वाले मतदान हेतु नामांकन पत्रों की संवीक्षा सम्पन्न हो गयी। संवीक्षा के उपरांत प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ राहुल रंजन ने बताया कि सभी अभ्यर्थियों का नामांकन पत्र वैध पाया गया है। बताते चलें कि पहसारा पश्चिमी, पहसारा पूर्वी, विष्णुपुर तथा समसा पैक्सों के अध्यक्ष तथा प्रबंध कार्यकारिणी सदस्यों का मतदान होना है। पहसारा पश्चिमी में अध्यक्ष पद पर निवर्तमान अध्यक्ष रणवीर कुमार तथा सुनीत सिंह, पहसारा पूर्वी पैक्स में निवर्तमान अध्यक्ष संजय कुमार तथा दिलीप कुमार, विष्णुपुर पैक्स में निवर्तमान अध्यक्ष मनोहर महतो तथा संतोष साहु तथा समसा पैक्स में निवर्तमान अध्यक्ष अशोक कुमार तथा राजकुमार महतो ने नामांकन करवाया है। सभी पैक्सों में अध्यक्ष पदों के लिए दो अभ्यर्थियों के चुनाव मैदान में रहने से इन पैक्सों में चुनाव होने की प्रबल संभावना है जबकि पहसारा पूर्वी पंचायत में प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य पद पर सामान्य कोटि तथा अनुसूचित जाति कोटि से दो अभ्यर्थियों ने नामांकन करवाया है जिससे इन पदों पर मतदान होने की संभावना हो गई है। शेष पैक्सों में प्रबंध कार्यकारिणी सदस्यों का एकल नामांकन होने से निर्विरोध निर्वाचित होना तय माना जा रहा है। सोमवार को अभ्यर्थियों द्वारा नाम वापसी करने की तिथि चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित है। नाम वापसी के उपरांत ही चुनाव मैदान में शेष अभ्यर्थियों की संख्या स्पष्ट हो पायेगी। पैक्स मतदान 20 अप्रैल को होनी है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का अविलम्ब हो निर्माण

## सुविधाओं का अभाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** पीएचसी नावकोठी का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्तरोन्नयन तो हुआ किन्तु सुविधा नदारद है। भवन निर्माण कार्य पिछले तीन वर्षों में पूरा नहीं हो पाया है। संवेदक की उदासीनता के कारण ऐसा हो रहा है जबकि प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ राजीव रंजन चौधरी ने बताया कि बार बार स्मारित करने के बाद भी कार्य में तेजी नहीं आयी है। इसके कारण अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र देवपुरा वैकल्पिक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के रुप में भी उपयोग किया जा रहा है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ राजीव रंजन चौधरी ने बताया कि छह चिकित्सक यहां पदस्थापित हैं। इनमें दो महिला चिकित्सक भी हैं। जिनका जरूरत के हिसाब से प्रतिनियोजन अन्यत्र भी कर दिया जाता है। महिला चिकित्सक के अभाव में महिला रोगियों को काफी कठिनाई होती है। एक दंत चिकित्सक भी हैं किन्तु नेत्र रोगियों के लिए नेत्र विशेषज्ञ चिकित्सक का अभाव है। इससे स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। चौबीस घंटे स्वास्थ्य सेवा के लिए चिकित्सकों का रहना अनिवार्य है। पीएचसी में सर्जन नहीं रहने के कारण परिवार कल्याण आपरेशन के लिए जिले के दूसरे चिकित्सक का सहारा लेना पड़ता है। महिला चिकित्सक के कारण प्रखंड की आधी से अधिक आबादी महिलाओं को पीएचसी में पुरुष चिकित्सक के सामने अपनी बीमारी बताने में शर्मिन्दगी महसूस करनी पड़ती है। हड्डी रोग विशेषज्ञ का इस पीएचसी में अभाव है। पीएचसी के अधीन संचालित अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र देवपुरा को आयुष्मान भारत योजना के तहत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर के रुप में बनाया गया। इसमें चौबीस घंटे स्वास्थ्य सेवा के लिए व्यवस्था होनी चाहिए थी। पिछड़े क्षेत्र में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र देवपुरा में पूर्व सिविल सर्जन डॉ सोना लाल अकेला ने चौबीस घंटे प्रसव सुविधा बहाल करवाया था। वह भी कुछ दिनों के बाद ठप हो गया। क्षेत्र के लोगों को पीएचसी नावकोठी का ही सहारा लेना पड़ता है। इसके सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाये जाने पर चिकित्सक के साथ स्वास्थ्य संबंधी जांच, एक्सरे आदि सुविधा में बढ़ोतरी होती। स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक्स-रे मशीन है पर जगह अभाव के कारण यह मशीन एक छोटे सा कमरे में विराजमान है। एक्स-रे करने के लिए कर्मी मौजूद हैं पर जगह अभाव के कारण मरीजों का एकस-रे पूरे शरीर का नहीं हो पाता है। अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र देवपुरा का भी भवन जर्जर स्थिति में है चहारदीवारी का अभाव है। इसलिए इस केंद्र को भी असुरक्षित माना जा रहा है। पहसारा का अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र किराये पर चलता है। अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र पहसारा को अपना भवन नहीं है। यह एक किराये पर चलता है जबकि स्वास्थ्य केन्द्र के लिए अपनी जमीन भी यहां निबंधित है। चिकित्सक के अभाव में क्षेत्र के लोगों को काफी फजीहत झेलनी पड़ती है। पूर्व मुखिया गणेश महतो बताते हैं कि सरकार की घोषणा सबको स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की डपोरशंखी प्रमाणित हो रही है। जिला परिषद प्रतिनिधि राजेंद्र शर्मा ने कहा कि सरकार की उदासीनता के कारण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा अधूरा है। उन्होंने आम लोगों को स्वास्थ्य सुविधा बहाल करने की मांग की है। उन्होंने जिला अधिकारी से संवेदक द्वारा बनाए गए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नावकोठी का जल्द से जल्द पूरा करवाने की मांग की है। संवेदक की उदासीनता ऐसी है कि ना ही वह प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी का ही, ना ही किसी जनप्रतिनिधि का ही फोन रिसीव करना उचित समझते हैं। भाकपा के सहायक अंचल सचिव सह जिला कार्यकारिणी सदस्य जितेन्द्र कुमार ने जिला अधिकारी से शीघ्र सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन को पूरा करने की मांग की है। नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नावकोठी में महीनो महीनो से ताला लटका हुआ है। उसकी चाबी संवेदक के पास ही है। पुराने पीएचसी में भवन में डॉक्टर एवं मरीज को बैठने में भी कठिनाई है। सामान का रखरखाव ठीक से नहीं हो पा रहा है। प्रसव क्रियाकलाप में भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रखंड वासियों ने सरकार से जल्द सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनवाने की मांग की है।

# राज्य सम्मेलन की तैयारी को लेकर भाकपा माले की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** भाकपा माले के 12वें राज्य सम्मेलन की तैयारी को लेकर रविवार को कार्यालय कमलेश्वरी भवन में बैठक आयोजीत की गई। साथ ही सम्मेलन में शामिल होने वाले प्रतिनिधि के चयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। माले का 12वां राज्य सम्मेलन 16-17-18 मई को दरभंगा में आयोजित है। सम्मेलन की सफलता को लेकर जिला कमिटी की बैठक में राज्य सम्मेलन की सफलता को लेकर व्यापक तैयारी पर जोर दिया गया। सम्पूर्ण पार्टी कतार को तैयारी में लगने और आम जन से सहयोग की अपील की गई। सम्मेलन में शामिल होने को प्रतिनिधि चयन प्रक्रिया शुरू कर दिया गया है। आज प्रथम दिन 8 लोगों ने जिला सचिव सह निर्वाची पदाधिकारी दिवाकर प्रसाद




के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया।कल अंतिम दिन नामांकन पत्र दाखिल किया जाएगा। 15 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी। उसी दिन इच्छुक उम्मीदवार नाम वापस ले सकते हैं और 17 अप्रैल को राज्य कमिटी सदस्य कामरेड सत्यनारायण प्रसाद पर्यवेक्षक की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया संपन्न होगी। 8 प्रतिनिधियों का चुनाव किया जाएगा जो राज्य सम्मेलन के लिए जिले से निर्वाचित प्रतिनिधि होंगे। आज नामांकन करने वाले नेताओं में नवल किशोर सिंह, शैलेन्द्र सिंह, बैजू सिंह, चन्द्रदेव वर्मा, राजेश श्रीवास्तव, मालती श्रीवास्तव, रामकुमार तांती, मुक्तिनारायण सिंह शामिल थे।

# दोस्त ने गर्दन पर ब्लेड से हमला कर किया घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बखर।** थाना क्षेत्र में दोस्तों ने ही एक युवक की हत्या की नीयत से ब्लेड से हमला कर घायल कर दिया। घायल युवक की पहचान शिवम कुमार, पिता लालो राय के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिवम बखरी स्थित एक प्लाई फैक्ट्री में काम करता है। शनिवार की रात करीब 9 बजे काम खत्म कर वह घर लौट रहा था। तभी उसके दो दोस्तों ने उसे कोल्ड ड्रिंक्स पीने के बहाने से बुलाया। दोनों उसे बेगूसराय बस स्टैंड के पीछे स्थित एक खाली मैदान में ले गए। मैदान में पहुंचने के बाद आरोपियों ने शिवम से स्प्राइट, सिगरेट और ब्लेड मंगवाया। कुछ देर बातचीत के बाद अचानक दोनों दोस्तों ने मिलकर उस पर हमला कर दिया। एक ने उसका हाथ पकड़ लिया। जबकि दूसरे ने ब्लेड से उसकी गर्दन पर कई बार वार कर दिया। इस हमले में शिवम की गर्दन के दोनों तरफ गंभीर जख्म हो गए। घायल शिवम के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसे देख आरोपी उसे खून से लथपथ हालत में छोड़कर फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए उसे तुरंत पास के एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों की कड़ी मेहनत से उसकी जान बचाई जा सकी। फिलहाल शिवम खतरे से बाहर है और इलाजरत है। घायल की मां नूतन देवी ने बताया कि यदि समय पर स्थानीय लोग मदद नहीं करते, तो उनके बेटे की जान जा सकती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि बेटे के ही दोस्तों ने साजिश के तहत इस घटना को अंजाम दिया। इलाज कर रहे डॉक्टर ने बताया कि यदि ब्लेड का वार थोड़ा और गहरा होता, तो स्थिति जानलेवा हो सकती थी। वहीं, बखरी थाना अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार एवं अपर थानाध्यक्ष पवन कुमार के नेतृत्व में पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

# कार्यसमिति की बैठक में संगठन विस्तार, जनजागरूकता कार्यक्रम पर विमर्श

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** रविवार को नगर निगम के पूर्व महापौर आलोक अग्रवाल के आवास पर उनकी अध्यक्षता में देहदान समिति नवगठित जिला टीम की बैठक आयोजीत की गई। संचालन जिला सचिव निरंजन सिन्हा द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि निर्मल जैन क्षेत्रीय मंत्री मुंगेर, विशिष्ट अतिथि शैलेश महाजन प्रदेश कमिटी सदस्य, पूर्व महापौर आलोक कुमार अग्रवाल, दिलीप सिन्हा, प्रो. प्रकाश कुमार, बेगूसराय अध्यक्ष सुनील कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बैठक में संगठन विस्तार, जन जागरूकता कार्यक्रम आदि गतिविधियों पर विचार विमर्श किया गया ।इसके साथ ही 26 अप्रैल को देहदान समिति की प्रमंडलीय स्तर की बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निर्मल जैन जी ने कहा जीवन मिला है तो मौत होगा ही, फिर जीवन किसी काम का नहीं। हमारा उद्देश्य जन जागरण एवं मानव कल्याण है। देहदान से मानव कल्याण होगा, हमने लक्ष्य रखा है बेगूसराय में 2000 संकल्प पत्र भर जाए ताकि हम सभी परमार्थ से जुड़े रहेंगे। आज के युग में मेडिकल साइंस काफी आगे बढ़ चुका है लेकिन उसके पास रिसर्च करने का साधन नहीं है, मानव जीवन पर शोध करने के लिए आज के युग में डॉक्टर के पास रिसर्च करने के लिए मानव देह की कमी है। बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शैलेश महाजन ने कहा कि आर एस एस प्रमुख मोहन भागवत के कहने पर 2013 में हम लोगों ने देहदान समिति की गठन किया था। जिसके संस्थापक पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, सुशील कुमार मोदी एवं अन्य लोग हैं। प्रायः हम परिवार के लिए अच्छा डॉक्टर से इलाज कराना चाहते हैं परंतु अच्छा डॉक्टर हमें तभी मिलेगा जब उसे सीखने के लिए एक मानव शरीर मिलेगा। अभी वर्तमान में 1000 पर एक मानव शरीर मिल रहा है जबकि साइंस कहता है एक शरीर पर 30 चिकित्सक हैं। रिसर्च करने के लिए मानव देह उपलब्ध होना चाहिए जो नहीं हो रहा उसके लिए हम सब को आगे आना होगा। हम सबों को जीते जी रक्तदान और मरणोपरांत अंगदान देहदान जरूर करना चाहिए। बिहार में अभी तक कुल 1600 लोग आंख दान, 24 लोग शरीर दान एवं 3 लोगों अंग दान किया है इसके मामले में हम कई देशों श्रीलंका से भी काफी पीछे हैं। बैठक में संस्था के मुख्य संरक्षक दिलीप सिन्हा, राजकुमार दास, अमीय कश्यप, अशोक कुमार, पुरुषोत्तम कुमार, विद्यार्थी परिषद के सोनू कुमार, रवि पोद्दार गांधी, कमल वत्स, राज कुमार,नीरज कुमार, संगठन के मीडिया प्रभारी जोशी कुमार आदि ने अपने विचारों को रखा है। बैठक में संतोष कुमार, संध्या कुमारी, रंजू ज्योति, एवं विवेकानंद सिंह को देहदान का संकल्प पत्र फॉर्म भरने के उपलक्ष में सम्मानित किया गया। जिला स्तरीय समिति का चयन किया गया। जिसमे मुख्य संरक्षक दिलीप कुमार सिन्हा, संरक्षक मंडल आलोक कुमार अग्रवाल, जयराम दास,डॉ अशोक गुप्ता, अनिता राय, अध्यक्ष सुशील कुमार राय,उपाध्यक्ष अभिनंदन रजक, राज कुमार दास, सचिव निरंजन कुमार सिन्हा, सह सचिव पुरुषोत्तम कुमार, कोषाध्यक्ष डॉ रामरेखा सिंह, कार्यालय सचिव गंगा प्रसाद सिन्हा, मीडिया प्रभारी जोशी कुमार, कार्यकारणी सदस्य पवन कुमार चौधरी, मिथिलेश कुमार, पुष्पांत शांडिल्य, अमिय कश्यप, बबलु आनंद, अनिल महतो, संजय चौधरी, पुष्पज कुमार, चंद्रशेखर वर्मा, इंद्रजीत कुमार राय, सोनु सरकार, कमल वत्स, उमेश ठाकुर, अवनीश कुमार सिंह, लाल बहादुर महतो, मुकेश जैन आदि उपस्थित थे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व पर चर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमालपुर (मुंगेर)।** भारतीय जनता पार्टी जमालपुर नगर पूर्वी मंडल की पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन जुवली वेल पर आयोजित की गई। प्रथम सत्र में कार्यक्रम का उद्घाटन दीप जलाकर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं दीनदयाल उपाध्याय की तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद वंदे मातरम का गायन हुआ। मंच पर उपस्थित विधान पार्षद लालमोहन गुप्ता, प्रदेश कार्य समिति सदस्य ओमप्रकाश ठाकुर, जिला महामंत्री नीशुतोष कुमार यादव, जिला उपाध्यक्ष सपना मेहता एवं प्राण रंजन विकाश एवं जिला सोशल मीडिया के जिला संयोजक चेतन कुमार उपस्थित थे। नगर अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार भुट्टो ने स्वागत भाषण एवं संचालन किया। विधान पार्षद लालमोहन गुप्ता ने पार्टी का इतिहास एवं विकास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के साथ साथ देश का विभाजन हुआ। द्वितीय सत्र में वैचारिक अनुष्ठान में भारतीय जनता पार्टी विचारधारा आधारित पार्टी है। हमारे



सिद्धांत की अभिव्यक्ति भारत माता की जय उदघोष से होती है। भारतीय संस्कृति के मूल दर्शन को व्यक्त करने वाला समग्र विचार जो भारतीय जनसंघ ने 1965 में विजयवाड़ा में एकात्म मानववाद' के रुप में स्वीकार किया। तृतीय सत्र में हमारी कार्य पद्धति पर वर्ग लेते हुए जिला महामंत्री नीशुतोष कुमार यादव ने कहा कि प्रत्येक संगठन का एक लक्ष्य को लेकर प्रारंभ होता है उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए संगठन के सुचारू संचालन के में लिए अनुशासन बनाए रखने के लिए एक सफल कार्य पद्धति की आवश्यकता होती है। चतुर्थ सत्र में जिला उपाध्यक्ष प्राणरंजन विकाश ने बूथ प्रबंधन पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने का प्रयास किया। पंचम सत्र में सोशल मीडिया के जिला संयोजक चेतन कुमार ने सोशल मीडिया नमो ऐप, सरल ऐप पर विस्तृत चर्चा की। षष्ठम सत्र में जिला उपाध्यक्ष सपना मेहता ने अपनी सरकारों की उपलब्धि एवं क्रियान्वयन पर प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं को दिए। राष्ट्रगान के उपरांत कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गई। वर्गकारी में वीरेंद्र भुट्टो, भरत पोद्दार, पिंटू मिश्रा, राकेश कुमार सिंह, डॉ अशोक कुमार निराला, नगर उपाध्यक्ष राजीव कुमार,रवि मोदी, अमित चंद्रवंशी, उत्तम सिन्हा, संतोष कुमार, जानकी कुमारी, सोनी वर्मा, रूपा, सरिता, सिंटू सिंह, मिलन तांती ओ पी तांती सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कार्रवाई : अवैध बालू लदे पांच ट्रैक्टर जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलिया।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध सफ़ेद बालू के उत्खनन के विरुद्ध शुक्रवार की रात अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर सफ़ेद बालू लदे पांच ट्रैक्टर जब्त किया हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध खनन में संलिप्त लोगों के बीच हड़कंप मच गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विकास कुमार राय ने बताया कि शुक्रवार की रात नियमित गश्ती के दौरान थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम लखमिनियां मसुदनपुर पथ पर चेचियाही बांध के दक्षिण अवैध रूप से सफ़ेद बालू लदे चार ट्रैक्टर को जब्त किया गया. जिसमें एक ट्रेक्टर पुलिस देख चालक ट्रेक्टर लेकर फरार हो गया। जिसे मसूदनपुर गांव स्थित स्कूल के समीप से जब्त किया गया है। सभी ट्रैक्टरों पर बिना वैध कागजात के बालू लोड थे। जो अवैध खनन में प्रयुक्त किया जा रहा था। इसके अतिरिक्त परमानंदपुर पंचायत के सोनदीपी दियारा गांव के समीप से भी एक सफ़ेद बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया गया। जांच के दौरान पाया गया कि उक्त ट्रैक्टर भी अवैध खनन में संलिप्त था। सभी जब्त ट्रैक्टरों को थाना लाकर आवश्यक कार्रवाई की गयी। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले की सूचना खनन विभाग के इंस्पेक्टर चंदन कुमार आजाद को दे दी गयी। उनके आवेदन के आधार पर स्थानीय थाना में कांड संख्या 202/26 दर्ज कर ली गयी है। पुलिस द्वारा एक ही रात में अवैध खनन में शामिल पांच ट्रैक्टर जब्त किये जाने से इस अवैध धंधे में शामिल लोगों के बीच दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है।पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन के खिलाफ आगे भी लगातार अभियान चलाया जाता रहेगा।

# बड़े शहरों जैसी मिलेगी इलाज की सुविधा : डा. सुमन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमालपुर।** जमालपुर के न्यू गायत्री नगर स्थित जेएमएच मल्टीकेयर हब में निशुल्क मेगा आर्थो कैम्प का आयोजन हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. सुमन रज़ा के नेतृत्व में हुआ। उद्घाटन जमालपुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने किया। मुख्य अतिथि ने लोग को जागरूक होकर समय पर शारीरिक इलाज एवं जांच करवा कर अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने को कहा। डा. रजा ने बताया कि जांच



के साथ मुफ्त परामर्श की सुविधा दी जा रही है। कैंप में लगभग ढाई सौ लोगों की जांच हुई है। मौके पर मोहम्मद इशा चंचल, रोहित सिन्हा, सोनी रजा, रत्न घोष सहित लायंस क्लब की टीम मौजूद थी।

## दो वारंटी गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शनिवार की रात एसपी के निर्देश पर पुलिस ने अलग -अलग गांवों से दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष मो फिरदौस ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी पहसारा पूर्वी पंचायत के पीरनगर के शिवजी पासवान का पुत्र प्रेम पासवान तथा डफरपुर पंचायत के टेकनपुरा के शशि नारायण सिंह का पुत्र सर्वेश कुमार हैं। श्री पासवान चेरिया बरियारपुर थाना कांड संख्या 37/11 तथा श्री कुमार मुफ्फसिल थाना कांड संख्या 394/09 का प्राथमिकी नामजद है।

# पंजाब नेशनल बैंक का 132वां स्थापना दिवस मना



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा (भोजपुर)।** पंजाब नैशनल बैंक मण्डल कार्यालय, आरा के प्रांगण में बैक के 132वॉ स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आरा मण्डल के मण्डल प्रमुख उत्पल कुमार ने बैंक की स्थापना के शुभ अवसर पर उपस्थित ग्राहकों एवं स्टाफ सदस्यों को संबोधित करते हुए बताया कि पंजाब नैशनल बैंक आज ही के दिन लहौर के अनार कली बाजार में स्वतंत्रता संग्राम में महानायक लाला लाजपत राय के द्वारा स्थापना की गई थी। भारत के इतिहास में पंजाब नैशनल बैंक देश का प्रथम स्वदेशी बैंक है। पंजाब नैशनल बैंक अपने 132 वर्षो के इतिहास में कितने ही बैंको को अपने में सम्मिलित करते हुए कितने ही चाहे अनचाहे उतार चढाव को झेलते हुए एक वट वृक्ष की भांति देश की जनता को सेवा प्रदान करते हुए आज बड़े देश का बडा बैंक होने का गौरव प्राप्त किया है। मण्डल प्रमुख उत्पल कुमार, उप मण्डल प्रमुख सुनिल कुमार सिन्हा तथा अन्य स्टाफ सदस्य बैंक के संस्थापक लाला लाजपत राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विधिवत शुभारंभ किये। स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर मण्डल कार्यालय आरा में रक्तदान शिविर का आयोजन भोजपुर जिला के रेड कॉस सोसाईटी के सचिव डॉ0 विभा एवं चिकित्सक डॉ0 विरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में किया गया, जिसमें मण्डल कार्यालय आरा में पदस्थापित प्रबन्धक अर्चना एवं वरिष्ठ प्रबंधक सतीश पाठक, रितेश कुमार, मनोज कुमार, नरेश प्रसाद, घर्मवीर कुमार, हरेन्द्र वर्मा (शाखा डुमरी), राहुल राणा एवं धर्मेन्द्र कुमार आदि ने रक्त दान किये। इस अवसर मण्डल प्रमुख उत्पल कुमार, उप मण्डल प्रमुख सुनिल कुमार सिन्हा तथा मुख्य प्रबन्धक शंभू कुमार महतो ने विशिष्ठ ग्राहकों को सम्मानित किये।

# बिना फिंगरप्रिंट खाते से 18 हजार गायब, महिला ने दर्ज कराई शिकायत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमरपुर।** थाना क्षेत्र के कटोरिया गांव से साइबर ठगी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक महिला के बैंक खाते से बिना फिंगरप्रिंट और आधार उपयोग के 18,000 की निकासी हो गई। पीड़िता रानी खातून ने रविवार सुबह करीब 10 बजे अमरपुर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार, 24 मार्च को रानी गांव के एक सीएसपी केंद्र पर पैसे निकालने पहुंची थीं। वहां उन्हें जानकारी मिली कि उनके खाते से करीब 30 मिनट पहले ही एईएसपी के माध्यम से 10,000 की निकासी हो चुकी है। यह सुनकर वह हैरान रह गईं, क्योंकि उन्होंने न तो किसी को अपना आधार नंबर दिया था और न ही फिंगरप्रिंट का उपयोग किया था। इसके बाद 25 मार्च को वह कोशलपुर स्थित यूको बैंक शाखा पहुंचीं, जहां बैंक मैनेजर ने बताया कि उनके खाते से एईएसपी के जरिए 8,000 की एक और निकासी की गई है। पीड़िता का आरोप है कि बैंक की ओर से उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। बताते चलें कि आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम एक सरकारी डिजिटल भुगतान प्रणाली है, जिसमें आधार नंबर और फिंगरप्रिंट के जरिए लेनदेन होता है। ऐसे में बिना इन दोनों के पैसे की निकासी होना गंभीर सुरक्षा चूक या साइबर धोखाधड़ी की आशंका को दर्शाता है। फिलहाल अमरपुर थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और तकनीकी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है।

# शॉर्ट सर्किट से पांच घरों में लगी आग, लाखों की संपत्ति राख

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चांदन (बांका)।** चांदन थाना क्षेत्र अंतर्गत गौरीपुर पंचायत के बाराटांड़ वार्ड नंबर-9 सिंह टोला में आज रविवार सुबह बिजली की शॉर्ट सर्किट से भीषण आग एक घर में लग गई। आग की लपटे इतनी तेज थी कि जब तक ग्रामीण पहुंचते और आग पर काबू पाने की प्रयास करते तब तक आग की लपटे पांच घरों पकड़ गई और एक-एक कर सभी पांचो घर एवं उसके अंदर रक्खें गए सभी समान जलकर राख हो गई। हालांकि ग्रामीणों के कड़ी मशक्कत बावजूद पड़ोस की अन्य घरों को जलने से बचाया जाया जा गया।



हालांकि घटना के सुचना के घंटों के बाद आग बुझाने पहुंची अग्निशमन वाहन द्वारा आग पर काबू पाया गया। घटना की सुचना पर पहुंची ग्रामीणों ने अपने साथ लाये बाल्टी से भर-भर पानी से काफी हद तक आग पर काबू पा लिया। इस घटना में अनाज, कपड़ा, सोने व चांदी की आभूषण के अलावा कागजात सहित 10 लाख रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई। पीड़ित फौजदार सिंह, चम्पा देवी, हेमा देवी, लक्ष्मी देवी, गिरजानंद सिंह आदि परिवार शामिल हैं। गौरीपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि प्रमोद कुमार मंडल ने बताया कि इस घटना में लगभग 30 लोग प्रभावित हुए हैं। साथ ही उन्होंने आपदा प्रबंधन से पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता दिलाने की बात कही है। वहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष निरंजन सिंह ने घटना को दुखद बताते हुए कहा कि वे स्थानीय विधायक मनोज यादव से बात कर पीड़ितों को आर्थिक सहायता दिलाने का बात कहा। घटना को लेकर परिवार ने अंचलाधिकारी को आवेदन देकर मुआवजा देने की मांग किया है। इस संबंध में अंचलाधिकारी ने बताया मामले की जांच कर मुआवजा दी जाएगी।

# बौसी में अवैध बालू ढुलाई से हादसे की आशंका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बौंसी/बांका।** बौसी थाना क्षेत्र से एक खबर सामने आ रही है, जहां बालू माफियाओं का मनोबल लगातार बढ़ता नजर आ रहा है। मामला कुशमाहा गांव के पास का है, जहां से करीब 2 किलोमीटर दूर चांदन नदी में खुलेआम अवैध बालू खनन किया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, हर दिन नदी से ट्रैक्टरों में बालू लोड कर उसे विभिन्न इलाकों में पहुंचाया जा रहा है। यह अवैध बालू ढुलाई कुशमाहा गांव के रास्ते जबड़ा बभवनगामा और सिमड़ा मोड़ होते हुए बौसी मुख्य सड़क तक की जा रही है। इस दौरान सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि ट्रैक्टर चालक तेज रफ्तार में वाहन चलाते हैं, जिससे आम लोगों की जान पर खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार हादसे होते-होते टले हैं, लेकिन इसके बावजूद इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। हैरानी की बात यह है कि जिस कुशमाहा गांव से यह अवैध गतिविधियां गुजर रही हैं, वहीं का चौकीदार बौसी थाना में तैनात है। इसके बावजूद अब तक प्रशासन की ओर से कोई सख्त कदम नहीं उठाया गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बालू माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें कानून का कोई डर नहीं रह गया है। अब सवाल उठता है कि आखिर प्रशासन कब जागेगा। क्या इन अवैध खनन गतिविधियों पर रोक लग पाएगी, या फिर यूं ही आम लोगों की सुरक्षा खतरे में बनी रहेगी फिलहाल, जरूरत है प्रशासन की सख्त कार्रवाई की, ताकि अवैध खनन पर रोक लगे और लोगों को राहत मिल सके। सूत्रों के मुताबिक, बालू माफियाओं के जगह जगह पासर लगे रहते हैं जो पुलिस की गतिविधियों की सूचना ट्रैक्टर चालक को देते हैं। ट्रैक्टर चालक के एक हाथ में मोबाइल फ़ोन और एक हाथ में स्टेयरिंग रहता है और रफ्तार इतनी तेज रहती है कि कोई सामने आ जाए तो उसे रौंदते हुए ट्रैक्टर चालक आगे बढ़ जाएगा और जहां इन्हें पुलिस का खतरा नजर आता है कहीं भी बालू डंप कर ट्रैक्टर लेकर फरार हो जाते हैं।

# लोगों को आग से बचाव के तरीकों की दी गई जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमदाबाद/कटिहार।** रविवार को नगर पंचायत अमदाबाद एवं दक्षिणी करीमुल्लापुर ग्राम पंचायत के मेघु टोला सहित विभिन्न वार्डों में अग्निशमन कर्मियों द्वारा आग से बचाव को लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन किया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों को आग लगने की स्थिति में त्वरित कार्रवाई, आग पर नियंत्रण पाने के तरीके तथा बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। ज्ञात हो कि अमदाबाद प्रखंड पिछड़ा इलाका है, जहां अधिकांश लोग कच्ची झोपड़ियों में रहते हैं। ऐसे में गर्मी के मौसम में आग लगने की घटनाओं की आशंका अधिक बनी रहती है। इसी खतरे को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। मनिहारी अनुमंडल के अग्निशमन पदाधिकारी राम आशीष



प्रसाद ने बताया कि मॉक ड्रिल के जरिए ग्रामीणों को आग से बुझाने के तरीकों, आवश्यक सावधानियों और सही समय पर मदद लेने के बारे में बताया गया। उन्हें आपातकालीन स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए तैयारी किया गया। ताकि गर्मियों के बढ़ने वाली आग की घटनाओं का प्रभावी ढंग से मुकाबला किया जा सके। मौके पर ग्रामीणों को चूल्हे के पास पानी रखने, तेज हवा में चूल्हा नहीं जलाने तथा समय पर भोजन तैयार करने जैसी सावधानियां बरतने की सलाह दी गई। साथ ही आग लगने की स्थिति में तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचना देने पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर अग्निशमन टीम के कविंदर प्रसाद, शशि शंकर, दिलीप कुमार यादव एवं अरविंद यादव सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे। इधर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि मो अजहरुद्दीन, मुख्य पार्षद बबलू मंडल, मुखिया श्वेता राय, माथुर मंडल, पार्षद प्रतिनिधि संजीव शाह, मुखिया प्रतिनिधि रमेश मंडल, एजाबुल हक ने लोगों से अपील की कि दिन का खाना सुबह दस बजे से पहले बना लें, तेज हवा के दौरान चूल्हा न जलाएं तथा चूल्हे के पास हमेशा पानी की व्यवस्था रखें। उन्होंने यह भी अपील की कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचना दें, ताकि समय रहते आग पर काबू पाया जा सके।

# बबीता बनी नारी शक्ति वंदन अभियान की लोकसभा प्रभारी

**बरारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर पंचायत बरारी की मुख्य पार्षद सह भाजपा नेत्री बबिता कुमारी को नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत कटिहार लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति से क्षेत्र में राजनीतिक व सामाजिक हलकों में उत्साह का माहौल है। नारी शक्ति वंदन अभियान देश में लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इसके माध्यम से महिलाओं की भागीदारी को हर क्षेत्र में मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है। प्रभारी बनाए जाने पर बबिता कुमारी ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है।

# तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से 50 वर्षीय अधेड़ की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बौंसी/बांका।** बौंसी से एक दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आई है। भागलपुर-हंसडीहा मुख्य मार्ग पर शनिवार की देर शाम एक तेज रफ्तार बाइक ने सड़क पार कर रहे 50 वर्षीय गुरुदयाल सिंह को जोरदार टक्कर मार दी। मृतक की पहचान सांझोतरी गांव निवासी रतन सिंह के पुत्र गुरुदयाल सिंह के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, गुरुदयाल सिंह जैसे ही सड़क पार कर रहे थे, उसी दौरान तेज गति से आ रही बाइक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि वे गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से उन्हें रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. रंजन कुमार ने प्राथमिक परीक्षण के बाद उनकी मौत की पुष्टि की। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया है। गुस्साए ग्रामीणों ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को अपने कब्जे में ले लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष पंकज कुमार झा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है।

# हफलागंज में दो दिवसीय कबीर सत्संग की शुरुआत

## प्रवचन सुनने के लिए भक्तों की उमड़ी भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही/कटिहार।** हफलागंज शिव मंदिर चौक के स्थानीय बाबाजी कुटी के मैदान में दो दिवसीय तृतीय वार्षिक सत्संग सद्ज्ञान यज्ञ की शुरुआत हुई। रविवार की सुबह स्तुति विनती के साथ इस सत्संग की शुरुआत हुई इसके बाद भजन प्रवचन के माध्यम से लोगों को कबीर के बताएं मार्गों पर चलने की अपील महात्माओं के द्वारा की गई। संध्या के प्रवचन में राजस्थान से आए संत गौरव साहब ने कहा कि अहंकार लोगों का सबसे बड़ा दुश्मन हैं इसलिए लोगों को अपना अहंकार त्यागना चाहिए। बड़े होने का कोई मतलब नहीं जब तक की




आप दूसरे का सम्मान नहीं करते। सच्चा ज्ञानी वही होता हैं, जो प्रेम की भाषा जानता हो। जो सज्जन व्यक्ति हो उसकी ज्ञान को देखना चाहिए ना कि उनकी जात को, लोगों को चिंता त्याग कर चिंतन करना चाहिए। लोगों का कल्याण सत्संग से ही संभव हैं और सत्संग ही मोक्ष प्राप्ति का मार्ग भी हैं। इस अवसर पर काल्सर के गौतम साहेब एवं सहरसा के प्रेमलता साध्वी ने भी अपने प्रवचन एवं भजन के माध्यम से लोगों को कल्याण का मार्ग बताया और कबीर के बातों पर चलने की अपील की। इस सत्संग कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्थानीय लोग तन मन धन से सहयोग कर रहे हैं। सत्संग प्रवचन के बाद आरती एवं भंडारा का भी आयोजन कमेटी के द्वारा किया गया हैं। सत्संग यज्ञ को देखने के लिए बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ सरस्वती बाबा जी आश्रम सत्संग स्थल में देखा गया।

# अवैध लॉटरी टिकट के साथ एक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बांका।** बांका थाना क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने अवैध लॉटरी टिकट बेचते एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम करीब 4:30 बजे पुलिस अवर निरीक्षक रणधीर कुमार सिंह गश्ती पर थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि गांधी चौक से सब्जी मंडी, जमुआ जोरिया पुल के पास एक व्यक्ति घूम-घूमकर प्रतिबंधित लॉटरी टिकट बेच रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से विभिन्न सीरीज के लॉटरी टिकट बरामद किए गए। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान संजीव शाह (43 वर्ष), पिता स्व. सीताराम साह, निवासी पुरानी बस स्टैंड, बांका के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से 10, 20 और 40 रुपये के लॉटरी टिकट के कई बंडल के साथ 3420 रुपये नगद भी जब्त किए हैं। सदर थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है और पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

पुलिस पूरे नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है। शहर में लंबे समय से प्रतिबंधित लॉटरी के अवैध कारोबार की चर्चा है, जिसमें कई अन्य लोगों के संलिप्त होने की आशंका जताई जा रही है।

# श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत दसौत पंचायत के परमधाम मानस मंदिर बंदा परिसर में आयोजित श्री-श्री 1008 रुद्र महायज्ञ इन दोनों पूरा इलाका में आस्था और भक्ति का अदभुत केंद्र बिंदु बना हुआ है। 46 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद आयोजित इस भव्य महायज्ञ को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखी जा रही है। यज्ञ स्थल पर दूर-दूर से श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार उमर रही है जिससे पूरा इलाका भक्ति मय वातावरण में डूबा हुआ है। महायज्ञ के अवसर पर यज्ञ स्थल को भव्य तरीके से आकर्षक ढंग से सजाया गया है। यज्ञ मंडप में भगवान शंकर, माता पार्वती, भगवान गणेश, कार्तिकेय, हनुमान जी सीताराम, लक्ष्मण एवं राधा कृष्ण, राजा हरिश्चंद्र सहित कुल तीन दर्जन से अधिक देवी देवताओं की आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित कर यज्ञ स्थल पर सजाया गया है। प्रतिमाओं की मनमोहक सजावट श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बिंदु बनी हुई है। यज्ञ मंडप की सजावट और परिसर की भव्यता देखते ही बन रही है। श्रद्धालुओं की मनोरंजन के लिए मेला भी लगाया गया जिसमें टावर झूला, ड्रैगन ट्रेन, नाव, सहित विभिन्न प्रकार के झूले लगाए गए हैं बच्चे और युवा इन झूलों का भरपुर आनंद उठा रहे हैं। जिससे धार्मिक आयोजन के साथ-साथ मेला का भी आनंद मिल रहा है। महायज्ञ में वृंदावन से पधारे राम कथावाचक प्रद्युम्न आचार्य जी के श्रीमुख से राम कथा श्रवन करने के लिए भी भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं कथा स्थल पर श्रद्धालु सीताराम सीताराम का जाप करते हुए भक्ति में लीन नजर आ रहे हैं। विशेष रूप से महिलाओं श्रद्धालुओं की भागीदारी अधिक उल्लेखनीय बनी हुई है। जो सुबह से ही पूजा अर्चना के लिए यह स्थल पर पहुंच रही है। 9 अप्रैल से शुरू होने वाले नौ दिवसीय रुद्र महायज्ञ के चौथे दिन रविवार को सुबह से ही प्रखंड के विभिन्न गांव से श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए पहुंचने लगे पूरे क्षेत्र में भक्ति और आध्यात्मिक का अद्भुत माहौल एवं नजरा का देखने को मिल रहा है। श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए सुरक्षा की पुख्ता इंतजाम किए गए हैं शुद्ध पेयजल सहित और आवश्यक व्यवस्थाएं भी उपलब्ध कराई गई है। यज्ञ में बाहर से पधारे आगंतुकों के लिए ठहराव की भी व्यवस्था की गई है। बंदा गांव एवं आसपास के गांव में काफी उत्साह बीमा हाल देखा जा रहा है। रुद्र महायज्ञ के समिति अध्यक्ष गोपाल जी राय, समिति के रजनीश कुमार राय, गोविंद राय, अरविंद कुमार राय, केशव राय, पूर्व मुखिया नागेंद्र कुमार राय, महेश राय ,पूर्व मुखिया कृष्ण कुमार राय उर्फ ललन राय, राम रतन राय, महेश राय ,लाला राय, गंगाराम राय सहित अन्य सदस्यों ने बताया कि गांव की पश्चिम तरफ गाछी में 46 वर्षों पूर्व मौनी बाबा के द्वारा गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया था। इस तरह की भव्य महायज्ञ आयोजित किया जा रहा है सदस्यों ने कहा कि इस महायज्ञ का आयोजन विश्व कल्याण समाज निर्माण क्षेत्र में सुख शांति का कामना के लिए किया गया है।

# वित्त सचिव रचना पाटिल के हाथों सम्मानित हुई मुंगेर की बेटी प्रांजलि राज



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमालपुर (मुंगेर)।** बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन पटना के सभागार में बालिका सशक्तिकरण को समर्पित संस्था अभिलाषा ज्योति फाउंडेशन द्वारा वार्षिकोत्सव कार्यक्रम किया गया। जिसमें नेट्रोडेम अकादमी मुंगेर की नेशनल अवार्डी रही छात्रा प्रांजलि राज को उनके विविध व विशिष्ट कला क्षेत्र में रचनात्मक योगदान एवं उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आगत मुख्य अतिथि बिहार सरकार के वित्त सचिव रचना पाटिल एवं स्वास्थ्य सचिव माननीय लोकेश कुमार सिंह ने छात्रा को प्रोत्साहित करते हुए अपने हाथों से मोमेंटो एवं प्रमाण-पत्र देकर प्रांजलि राज को सम्मानित किया। इस मौके पर फाउंडेशन के अध्यक्ष ज्योति सचिव आनंद बिहारी प्रसाद मुंगेर जिला महिला पुरस्कार से सम्मानित समाजसेवी सह हंसपुरी घराना की संरक्षिका अंजलि सहित पटना गणमान्य छात्र -छात्रा और अभिभावक उपस्थित थे।

# कुर्सेला थाना का एडीजी सीआईडी ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कटिहार।** जिले के कुर्सेला थाना का रविवार को बिहार सीआईडी के एडीजी पारसनाथ ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी और सदर एसडीपीओ टु रंजन कुमार सिंह मौजूद रहे। थाना पहुंचने पर अधिकारियों ने एडीजी का बुके देकर स्वागत किया और गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद उन्होंने थाना परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया। रिकॉर्ड, मालखाना और डिजिटल सिस्टम की जांच निरीक्षण के दौरान एडीजी ने थाना के अभिलेखों, दस्तावेजों, मालखाना, सीसीटीएनएस और ई-ऑफिस सहित विभिन्न रजिस्टरों की बारीकी से जांच की। उन्होंने थानाध्यक्ष राकेश कुमार से कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी ली। साथ ही पुलिस पदाधिकारियों से कंप्यूटर आधारित कार्यप्रणाली को लेकर



सवाल पूछे और उनकी तकनीकी दक्षता का आकलन किया। मालखाना में जब्त वाहनों एवं अन्य सामग्रियों की स्थिति का भी जायजा लिया गया। मीडिया से बातचीत में एडीजी ने कहा कि वे इन दिनों विभिन्न जिलों के थानों का दौरा कर रहे हैं ताकि जमीनी स्तर पर पुलिसिंग व्यवस्था का मूल्यांकन किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कुर्सेला थाना में तकनीकी सुधार की आवश्यकता है। हालांकि अन्य व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई हैं। एडीजी ने बताया कि पुलिसिंग को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए थानों को आधुनिक संसाधनों से लैस किया जा रहा है। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य आम जनता को मिलने वाली सुविधाओं और प्रशासनिक कार्यप्रणाली की गुणवत्ता का आकलन करना है।इस निरीक्षण के बाद स्थानीय पुलिस महकमे में सक्रियता बढ़ गई है और अधिकारियों को कार्यप्रणाली में सुधार के निर्देश दिए गए हैं।

# आईटीआई परिसर में 22 को आयोजित होगा नियोजन शिविर

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कटिहार में नियोजन शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी निजी एवं सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी भाग ले सकेंगे। उक्त जानकारी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कटिहार के उपाधीक्षक सह प्राचार्य ने दी है। उन्होंने कहा कि इस शिविर में 18 से 35 वर्ष के इच्छुक अभ्यर्थी भाग ले सकते है।शिविर में हायर तथा हर्ट एंड जेबिल कंपनी द्वारा भाग लेकर 300 प्रशिक्षणार्थियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया है कि चयनित प्रशिक्षणार्थियों को 20,700 रुपये प्रतिमाह के साथ सीटीसी एवं अन्य लाभ भी मिलेगा।

# री-एडमिशन के नाम पर वसूली की तो होगी कार्रवाई : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में संचालित सभी निजी प्रारंभिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के लिए महत्वपूर्ण आदेश जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा जारी किया गया है। वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2026-27 में नामांकन प्रक्रिया के दौरान प्राप्त शिकायतों के आलोक में यह निर्णय लिया गया है ताकि अभिभावकों के आर्थिक हितों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके। जिलाधिकारी को विभिन्न माध्यमों से यह गंभीर शिकायतें प्राप्त हो रही थीं कि कुछ विद्यालयों द्वारा नियमों के विरुद्ध पुनः नामांकन शुल्क, वार्षिक शुल्क एवं अन्य अनुचित शुल्कों की वसूली की जा रही है। साथ ही अभिभावकों को निर्धारित दुकानों से ऊंचे दामों पर पाठ्य-पुस्तकें एवं यूनिफॉर्म खरीदने के लिए बाध्य किया जा रहा है, जो स्पष्ट रूप से आर्थिक शोषण की श्रेणी में आता है। उक्त परिप्रेक्ष्य में विधि-सम्मत प्रावधानों के तहत जिला प्रशासन, औरंगाबाद द्वारा यह निर्देश दिया गया है कि बिहार निजी विद्यालय (शुल्क विनियमन) अधिनियम, 2019 एवं नियमावली, 2020 के प्रावधानों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। सभी निजी विद्यालयों को कक्षावार पुस्तकों की सूची, यूनिफॉर्म की विशिष्टताएं एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों की जानकारी अपनी वेबसाइट एवं सूचना पट्ट पर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करनी होगी, ताकि अभिभावक सुविधानुसार किसी भी स्थान से सामग्री क्रय कर सकें और उन्हें किसी विशेष दुकान या संस्था से खरीदने के लिए बाध्य न किया जाए। जिला प्रशासन द्वारा यह भी



निर्देशित किया गया है कि सभी विद्यालय एक सप्ताह के भीतर अपनी वेबसाइट, सूचना पट्ट एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पुस्तकों की सूची, यूनिफॉर्म का विवरण तथा पूर्ण शुल्क संरचना का स्पष्ट प्रदर्शन सुनिश्चित करें। अधिनियम की धारा 4(2) एवं 4(3) के अनुसार बिना शुल्क विनियमन समिति की अनुमति के किसी भी प्रकार के शुल्क में 7 प्रतिशत से अधिक वृद्धि नहीं की जा सकती है। दण्डात्मक प्रावधानों के तहत यह स्पष्ट किया गया है कि प्रथम उल्लंघन की स्थिति में संबंधित विद्यालय पर अधिकतम एक लाख रुपये तक का अर्थदण्ड लगाया जाएगा, जबकि पुनरावृत्ति होने पर यह राशि दो लाख रुपये तक हो सकती है।इसके अतिरिक्त बिहार राज्य बच्चों की मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा नियमावली, 2011 तथा आरटीई अधिनियम, 2009 के प्रावधानों का अनुपालन भी अनिवार्य किया गया है। विद्यालयों का संचालन लाभ के उद्देश्य से नहीं किया जाएगा तथा यूनिफॉर्म में कम से कम तीन वर्षों तक कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। आरटीई एक्ट के तहत कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत सीटों पर नामांकन सुनिश्चित करना आवश्यक होगा। साथ ही सभी विद्यालयों को अपनी कुल नामांकन क्षमता एवं आरक्षित सीटों का विवरण विभागीय पोर्टल पर अद्यतन करना होगा। जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें तथा संबंधित प्रतिवेदन जिला शिक्षा पदाधिकारी, औरंगाबाद को उपलब्ध कराएं। जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा निरंतर अनुश्रवण किया जाएगा और की गई कार्रवाई से जिला पदाधिकारी को अवगत कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि अभिभावकों के हितों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता, मनमानी शुल्क वसूली या आर्थिक शोषण को किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# ऑटो पलटने से एक यात्री की मौत, चार जख्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मदनपुर थाना क्षेत्र के आट मोड़ के पास अचानक संतुलन बिगड़ने से ऑटो पलट गया जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि महिला समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना एनएच-101 पर देव-मदनपुर पथ की है। मृतक की पहचान देव थाना क्षेत्र के पड़रिया टोला ढाबी पर गांव निवासी 46 वर्षीय सुखाड़ी भुइयां के रूप में की गई है। मृतक की पत्नी देवकली देवी ने बताया कि गांव के दुलारचंद भुइयां की बेटी की शादी मदनपुर क्षेत्र में तय हुई थी और रविवार को उसका छेंका कार्यक्रम था। इसी सिलसिले में लड़की पक्ष के लोग एक ऑटो में सवार होकर मदनपुर बाजार जा रहे थे। ऑटो में क्षमता से अधिक करीब 15 से ज्यादा लोग सवार थे जिनमें 10 महिलाएं भी शामिल थीं। अत्यधिक भीड़ और



तेज रफ्तार के कारण उस जगह ऑटो चालक नियंत्रण खो बैठा जिससे गाड़ी पलट गई। हादसे में सुखाड़ी भुइयां के अलावा रामस्वरूप भुइयां, गणेश भुइयां की पत्नी, दिनेश भुइयां की पत्नी, प्रसाद भुइयां की पत्नी और यदु भुइयां की पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए पलटे ऑटो को सीधा कर उसके नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला और तत्काल इलाज के लिए देव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने सुखाड़ी भुइयां और रामस्वरूप भुइयां की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान सुखाड़ी भुइयां ने दम तोड़ दिया जबकि रामस्वरूप का इलाज जारी है। चिकित्सक के मुताबिक मृतक के पेट में गहरा छेद था। दुर्घटना में ऑटो का कोई पार्ट्स उसके पेट में घुस गया था। कुछ देर इलाज के बाद उसकी मौत हो गई। हादसे में मृतक की पत्नी भी उसी ऑटो में सवार थीं, जिन्हें हल्की चोटें आई हैं। सदर अस्पताल में सड़क दुर्घटना में व्यक्ति की मौत की सूचना मिलते ही नगर थाना के पुलिस पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में जुट गई। थानाध्यक्ष बबन बैठा ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हुई है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# ट्रैक्टर से दबकर किशोर की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ट्रैक्टर से गिरने के कारण चक्के से दबकर 14 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। घटना रविवार की सुबह ओबरा थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 139 पर पोस्ट ऑफिस के समीप की है। मृतक किशोर की पहचान गया जिले के बेला थाना क्षेत्र के इमनचक गांव निवासी सुरेश मांझी के पुत्र राजा के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार राजा अपने माता-पिता का इकलौता संतान था। उसकी मौत के बाद परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। राजा के माता-पिता ओबरा स्थित एक ईंट भट्ठे पर काम करते हैं। सुबह साढ़े 9 बजे पोस्टमार्टम कराने पहुंचे परिजनों बताया कि उसके माता-पिता सुबह में अन्य पथेरो के साथ ईंट पाथने का काम कर रहे थे। इसी दौरान एक ट्रैक्टर चालक उसे और आसपास के कुछ अन्य किशोरों को सोए अवस्था से उठाकर ओबरा में ही कही ईंट पहुंचाने की बात कहकर ट्रैक्टर पर ले गया। चलती ट्रैक्टर से राजा गिर गया और चक्के से दबकर घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। हालांकि हादसे के बाद उसे उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओबरा इलाज के लिए ले जाया गया जहां से चिकित्सकों ने उसे सदर अस्पताल भेज दिया। सदर अस्पताल के चिकित्सकों के द्वारा राजा को मृत घोषित कर दिया। राजा की मौत के बाद उसकी मां और दो छोटी बहनों का रो-रोकर हाल बेहाल है। सदर अस्पताल में राजा के पिता ने बताया कि उन्हें कोई जानकारी नहीं कि उसका बेटा कैसे ट्रैक्टर पर चला गया और इसकी जानकारी भी ट्रैक्टर चालक ने नहीं दी। घटना के बाद नगर थाने की पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया। इस संबंध में ओबरा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की गई है। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। मामले में आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# तीन पदों के लिए भिड़ेंगे 11 वार्ड पार्षद

## पहली बार हो रहा सशक्त स्थाई समिति सदस्यों का चुनाव, सभी वार्ड पार्षद करेंगे मताधिकार का इस्तेमाल

**उपेंद्र कश्यप/नबिटा संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** बिहार नगरपालिका (संशोधन) अधिनियम 2026 के तहत पहली बार नगर निकायों में सशक्त स्थाई समिति के सदस्यों का चुनाव वार्ड पार्षद सीधे मतदान के माध्यम से करेंगे। इसे लेकर काफी उत्साह नगर निकायों में देखा जा रहा है। दाउदनगर नगर परिषद में कुल 27 वार्ड पार्षद हैं। यहां सशक्त स्थाई समिति के लिए तीन सदस्य का निर्वाचन वार्ड पार्षदों के द्वारा मतदान के जरिए किया जाना है। इसके लिए 16 अप्रैल की तारीख तय है। शहर में इस बात की चर्चा खूब हो रही है कि कितने वार्ड पार्षद चुनाव लड़ेंगे और कौन-कौन किस पद के लिए प्रत्याशी होंगे।




किनकी जीत-हार होगी। प्राप्त विवरण के अनुसार सशक्त स्थाई समिति के पद एक के लिए तीन वार्ड पार्षदों के बीच भिड़ंत होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। वार्ड पार्षद केदारनाथ सिंह, बसंत कुमार और भूपेंद्र मिश्रा एक दूसरे के विरुद्ध इस पद के लिए नामांकन कर सकते हैं। पद दो के लिए वार्ड पार्षद गोविंद प्रसाद, सोनी देवी, संगीता देवी, परवीन कौसर और सीमन कुमारी द्वारा नामांकन किए जाने की संभावना है। पद तीन के लिए राधा रमण पूरी, एहसान अहमद और दिनेश प्रसाद द्वारा नामांकन किए जाने की तैयारी है। इनमें तीन वार्ड पार्षद भूपेंद्र मिश्रा परवीन कौसर और दिनेश प्रसाद वर्तमान सशक्त स्थाई समिति के मनोनीत सदस्य हैं। तीनों को मुख्य पार्षद के पक्ष का माना जाता है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि जब तीनों प्रत्याशी बनेंगे तो इनमें कौन-कौन निर्वाचित होते हैं और कौन नहीं।

### पांच वार्ड पार्षद रहे हैं पूर्व में भी सदस्य

जिन 11 वार्ड पार्षदों के सशक्त स्थाई समिति सदस्य पद के लिए चुनाव लड़ने की चर्चा की जा रही है, उनमें पांच ऐसे हैं जो पहले भी किसी न किसी बोर्ड में सशक्त स्थाई समिति के सदस्य रह चुके हैं। केदारनाथ सिंह मुख्य पार्षद अंजली कुमारी के साथ सशक्त स्थायी समिति के सदस्य रह चुके हैं। इसी तरह इनके अलावा मीनू सिंह के वक्त बसंत कुमार सदस्य रह चुके हैं। भूपेंद्र कुमार मिश्रा, दिनेश प्रसाद और परवीन कौसर वर्तमान बोर्ड में सशक्त स्थाई समिति सदस्य रहे हैं।

### 16 अप्रैल को होगा मतदान

सशक्त स्थाई समिति के तीन सदस्यों के लिए निर्वाचन की पूरी प्रक्रिया अनुमंडल कार्यालय सभागार में होगी। इसके लिए प्रशासनिक तैयारी की जा रही है। चुनाव संपन्न करने के लिए निर्वाची पदाधिकारी एसडीओ अमित राजन को बनाया गया है। जबकि सहायक निर्वाचन पदाधिकारी बीडीओ मोहम्मद जफर इमाम के साथ श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी प्रकाश कुमार एवं प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी सतीश राम को बनाया गया है।

# अपराध नियंत्रण को लेकर चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक अंबरीश राहुल के निर्देश पर अपराध की रोकथाम व विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के उद्देश्य से पूरी रात जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान विशेष रूप से झारखंड से जिले को जोड़ने वाले मुख्य पथों पर केंद्रित रहा, जहां जगह-जगह चेक प्वाइंट बनाकर वाहनों की गहन जांच की गयी। अभियान के दौरान दोपहिया, चारपहिया समेत हर प्रकार के वाहनों की तलाशी ली गयी। संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गयी तथा वाहन से संबंधित कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा व अन्य वैध दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गयी। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यह अभियान केवल यातायात नियमों के अनुपालन तक सीमित नहीं था, बल्कि मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी रोक लगाना भी इसका प्रमुख उद्देश्य रहा। झारखंड-बिहार सीमा से होकर मादक पदार्थों की संभावित आवाजाही को ध्यान में रखते हुए विशेष सतर्कता बरती गयी। कई स्थानों पर तकनीकी संसाधनों की सहायता से भी जांच की गयी। पुलिस अधीक्षक के अनुसार अपराधियों, तस्करों एवं असामाजिक तत्वों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए। आम लोगों की सुरक्षा सर्वोपरि है और किसी भी कीमत पर कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के सघन जांच अभियान आगे भी लगातार चलाये जायेंगे, ताकि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके और जिले में शांति एवं सुरक्षा का माहौल बना रहे। आमजन से भी अपील की गयी है कि वे पुलिस का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाने को दे।

# नौ वर्षों से फरार चार गैरजमानती वारंटी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बारून (औरंगाबाद)।** बारून थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार गैरजमानती वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के चिरैला गांव में की गई। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान चिरैला गांव निवासी सत्येंद्र सिंह, लखन सिंह, गोरखा सिंह और अशोक सिंह के रूप में हुई है। इन सभी के विरुद्ध वर्ष 2017 में बारून थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसके बाद से ये लगातार फरार चल रहे थे। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सभी आरोपी गांव में मौजूद हैं। सूचना के आधार पर छापेमारी अभियान चलाकर चारों को दबोच लिया गया। गिरफ्तारी के बाद सभी आरोपियों को न्यायिक प्रक्रिया पूरी करते हुए जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है और आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

# हर बूथ पर अंबेडकर जयंती मनाएगी भाजपा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** भारतीय जनता पार्टी कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र में डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती भव्य एवं ऐतिहासिक रूप से मनाएगी। जयंती की तैयारी को लेकर रविवार को परता धाम में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा प्रभारी अशोक पांडेय तथा संचालन एससी-एसटी मोर्चा अध्यक्ष अरविंद पासवान ने किया। इस दौरान जयंती समारोह को सफल बनाने के लिए बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने और



कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। जिला अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह चंद्रवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर सामाजिक समरसता और समानता का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने जानकारी दी कि कुटुंबा विधानसभा के प्रत्येक बूथ पर जयंती समारोह आयोजित किए जाएंगे, जिसमें विचार गोष्ठी एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम शामिल होंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि हर बूथ पर अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि कार्यक्रम सफल हो सके। इस दौरान विभिन्न मंडलों के पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं। कुटुंबा पूर्वी मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार, संजीत शर्मा, टंडवा मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार, संडा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह, बालूगंज मंडल महामंत्री संतोष सिंह, अभय पासवान, पंकज सिंह, राम प्रवेश यादव, विकास तिवारी, शंभू तिवारी, विद्या कुमारी, चांदनी कुमारी, सचिदानंद सिंह, पुष्प देवी, केशव चौधरी, राजेंद्र सिंह समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बधार में लटका हाइटेंशन तार, सहमे किसान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड क्षेत्र के फ़ेसर रेलवे स्टेशन के पूरब केबिन सोन कैनाल स्थित सोहरईया मौजे के बधार में लटक रहा हाईटेंशन तार किसानों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। खेत के ऊपर तार लटकता देख किसान सहमे हुए हैं। शार्ट सर्किट से आग लगी तो बड़ा नुकशान होना तय है। इतना ही नहीं लटका तार यदि मवेशियों के ऊपर गिरा तो भी बड़ा नुकशान हो सकता है। किसानों का कहना है कि तार इतने नीचे लटक रहे हैं कि खेतों में काम करने वाले किसान खतरे के बीच से निकलने को मजबूर हैं। किसानों ने बताया कि रविवार को गेहूं कटाई को लेकर हार्वेस्टर खेत में गया हुआ था जहां हाईटेंशन तार नीचे होने के कारण हार्वेस्टर चालक देख नहीं सका। इस दौरान चालक और मजदूर बाल-बाल बचे। यदि समय रहते उन्हें विद्युत विच्छेद नहीं किया जाता तो बड़ी अनहोनी हो सकती थी। लोगों की सूझ-बूझ से समय रहते स्थिति पर काबू पाया गया। किसानों ने विद्युत विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द खेतों व घर की छतों पर लटकते तारों को सही कराया जाए ताकि किसी बड़ी अनहोनी से बचा जा सके। उनका कहना है कि यदि समय रहते सुधार नहीं हुआ तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत करने को विवश होंगे। अब देखना यह है कि विभाग कब तक इस गंभीर समस्या पर ध्यान देता है।

# आशा भोसले के निधन पर पूर्व सांसद ने दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** देश की दिग्गज गायिका आशा भोसले के निधन से पूरे देश में शोक की लहर है। उनके जाने को भारतीय संगीत जगत के लिए एक बड़ी क्षति माना जा रहा है। इसी कड़ी में भाजपा के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने भी उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। पूर्व सांसद ने कहा कि आशा भोसले ने दशकों तक अपनी साधना और प्रतिभा के दम पर भारतीय सिनेमा को अनगिनत यादगार गीत दिए, जो हमेशा लोगों के दिलों में जिंदा रहेंगे। उन्होंने आगे कहा कि आशा भोसले ने अपनी गायकी के जरिए न सिर्फ मनोरंजन किया बल्कि भारतीय सांस्कृतिक विरासत को भी समृद्ध किया। उनके गीतों में भारतीयता की झलक साफ



दिखाई देती थी, जिसने उन्हें हर वर्ग के लोगों के बीच खास पहचान दिलाई। उनका निधन संगीत जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। दुःख की इस घड़ी में उनके परिवार और उनके प्रशंसकों के प्रति मैं गहरी संवेदना व्यक्त करता हूँ। ईश्वर इन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें। शोक व्यक्त करने वालों में भाजपा वरीय नेता सुनील सिंह, देव पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक, युवा भाजपा नेता प्रवीर सिंह, शुभेंदु शेखर सिंह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अश्विनी सिंह, ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री जुलेखा खातून, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक सिंह, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, जिला परिषद सदस्य रामेश्वर बैठा, भाजपा नेता आलोक सिंह, जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र सिंह, नलिनी रंजन, प्रफुल्ल सिंह, बिनोद सिंह, राजेश सिंह, नरेश सिंह उर्फ मुखिया, अमरीश सिंह, भाजपा नेता विनय शर्मा, रविन्द्र शर्मा, राकेश कुमार देवता, भाजपा नेता मुनीन्द्र राम, प्रवीण गुप्ता, सुरेन्द्र गुप्ता, भरत सिंह, उदय सिंह, विनय सिंह, अंजली सिंह, सारिका शेखर, गुड़िया सिंह, सुबोध सिंह सहित अन्य शामिल है।

# बेहतर अंक लाने वाले छात्रों को किया सम्मानित

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** मैट्रिक व इंटर की परीक्षा में अच्छे अंक लाने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। लौह पुरूष युवा मंच द्वारा आयोजित समारोह में अमन कुमार (483), आरती कुमारी (475), विवेक कुमार (471), सत्यम कुमार (466) एवं आदित्य कुमार (469) को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। वहीं इंटरमीडिएट में सेजल कुमारी (452), खुशी कुमारी (439) एवं अभिषेक कुमार (438) सहित अन्य छात्र-छात्राओं को भी उनके बेहतर परिणाम के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपभोक्ता फोरम सदस्य बद्रीनारायण सिंह, इमामगंज बीडीओ संजय कुमार, शशिभुषण पांडेय, विराट क्लासेज के निदेशक अमित कुमार आदि ने किया।

# विभिन्न मामलों में 51 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मादक प्रदार्थों के खरीद फरोख्त यथा अपराध नियंत्रण व अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस द्वारा लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में शनिवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 51 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 22 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार लूटकांड में एक, पोक्सो में एक, एससी-एसटी एक्ट में 6, हत्या के प्रयास में 8, मद्यनिषेध अधिनियम के तहत 4 तथा अन्य मामलों में 31 लोगों की गिरफ्तारी की गई। वहीं 145.50 लीटर देसी शराब, 251.25 लीटर विदेशी शराब, एक बाइक, 3 कार एवं 2 मोबाइल फोन बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1229 वाहनों की जांच की गई जिसमें 67500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा 52 वारंटों तथा 2 कुर्की का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से छापेमारी और जांच अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# कोर्ट के निर्देश पर छह वारंटी गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** कोर्ट के निर्देश पर वारंटियों की धर पकड़ जारी है। शनिवार को बारुण पुलिस द्वारा चार वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए वारंटी की पहचान थाना क्षेत्र के सत्येंद्र सिंह, अशोक सिंह, लखन सिंह एवं गोरख सिंह उर्फ विजय सिंह के रूप में की गई है। इसके अलावा देवजरा (मदनपुर) पुलिस द्वारा दो वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए वारंटियों की पहचान थाना क्षेत्र के घोड़ाडिहरी गांव निवासी बिलाश यादव उर्फ रामबिलास यादव एवं सुरेश यादव के रूप में की गई है। इन सभी के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया।

# निरंतरता ही सफलता की कुंजी : वरीय उप समाहर्ता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** रविवार को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से इस साल आयोजित मैट्रिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को वरीय उपसमाहर्ता रितेश यादव ने खिरियावां पंचायत के मानव घाट पर सम्मानित किया। वरीय उपसमाहर्ता ने मैट्रिक की वार्षिक परीक्षा में राज्य और जिलास्तर पर टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, किताब और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। सम्मान पाकर प्रतिभाशाली बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर वरीय उपसमाहर्ता ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि उनकी मेहनत, लगन एवं



अनुशासन ही सफलता का आधार है। वरीय उपसमाहर्ता ने कहा कि निरंतरता ही सफलता की कुंजी है। यह सफर यहीं खत्म नहीं होता, इसी तरह पढ़ाई जारी रखें जब तक आप अपने लक्ष्य को हासिल न कर लें। उन्होंने कहा कि सफलता मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण से प्राप्त होती है। इन विद्यार्थियों ने न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे विद्यालय और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। उन्होंने अन्य छात्रों को भी इनसे प्रेरणा लेने और निरंतर परिश्रम करने की सलाह दी। सम्मान व प्रोत्साहन पाने वाले बच्चों में रोहित कुमार 479 अंक, आयुषी कुमारी 477 अंक, रानी कुमारी 474 अंक, प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण विद्यार्थी शामिल हैं। यह कार्यक्रम मुखिया सविता देवी के नेतृत्व में आयोजित की गयी। कार्यक्रम का अध्यक्षता मुखिया प्रतिनिधि रंजीत कुमार यादव ने जबकि संचालन शिक्षा सेवक सह सामाजिक कार्यकर्ता उदय कुमार शिकारी ने किया। इस अवसर पर पैक्स अध्यक्ष संजय यादव, प्रधानाध्यापक अजय रंजन, सेवानिवृत अभियंता रामप्रीत यादव, धनंजय यादव, शिक्षक दीपक प्रियदर्शी, ज्ञानचंद प्रसाद, सुबोध रजक, अनुज प्रसाद, रामाधार यादव, राम लखन यादव, प्रेम यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

